राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता ...

इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मैसी... 11

वर्ष : 13 ■ अंक : 117 ■ पटना, मंगलवार, 05 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00

www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,02,715 |
| चांदी | 1,23,000 |
| संसेक्स | 81,018 |
| निफ्टी | 24,722 |

### सीएम नीतीश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया ऐलान

# बिहार में शिक्षक की बहाली में लागू होगी डोमिसाइल नीति

■ शिक्षक बहाली में राज्य के निवासियों को होगा फायदा : सीएम नीतीश

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षक अभ्यर्थियों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को ऐलान किया कि शिक्षक बहाली में अब डोमिसाइल नियम लागू किया जाएगा। यानी अब केवल बिहार के स्थायी निवासी ही इस परीक्षा में भाग लेने के पात्र होंगे।

मुख्यमंत्री ने इस एलान को बिहार के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उनका कहना था कि राज्य के युवा काफी समय से इस मांग को लेकर आंदोलनरत थे और अब सरकार ने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए ये निर्णय लिया है।

अब राज्य में शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद इस बात की जानकारी सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आगे लिखा, शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह टीआरई-4 से ही लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, वर्ष 2025 में टीआरई-4 एवं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। टीआरई-5 के आयोजन के पूर्व एसटीईटी का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 1 अगस्त को शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करने का ऐलान किया था। उन्होंने पोस्ट में लिखा था, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसे ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने इन कर्मियों की मानदेय राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है। सीएम नीतीश के इस फैसले के तहत मध्या भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों का मानदेय 1,650 रुपए से बढ़ाकर 3,300 रुपए प्रति माह किया गया। माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए प्रति माह किया गया। शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8 हजार रुपए से बढ़ाकर अब 16 हजार रुपए प्रति माह हो गया है।

**जदयू ने जताई खुशी, राजद पर कसा तंज:** पटना। सरकार के इस फैसले को लेकर जदयू ने प्रसन्नता व्यक्त की है और राजद पर जोरदार तंज कसा है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने सरकार के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यहित में टीआरई-4 एवं टीआरई-5 के लिए शिक्षकों की बहाली की घोषणा की तथा डोमिसाइल नीति लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

उन्होंने राजद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमने बिहार के युवाओं की भलाई के लिए तो यह फैसला ले लिया, लेकिन विपक्ष खासकर राजद यह नजीर पेश करे कि हरियाणा से लाकर राज्यसभा सदस्य नामित करते हैं, बिहार के कार्यकताओं की हकमारी करते हैं। इन कार्यकताओं को डोमिसाइल का हक देंगे।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन

## सीएम हेमंत सोरेन ने कहा- आज मैं शून्य हो गया...

प्रात : किरण



नई दिल्ली/रांची पृथक झारखंड आंदोलन के अग्रदूत एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। श्री सोरेन एक माह से भी अधिक समय से यहां सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती थे। उनका किडनी तथा हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। श्री सोरेन के पुत्र एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उनके निधन की जानकारी देते हुए लिखा दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए है।

आज मैं शून्य हो गया हूं। दिशोम गुरुजी के नाम से लोकप्रिय सोरेन के निधन की खबर मिलते ही समूचे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गयी। पिछले कई दिनों से राज्य में विभिन्न स्थानों और विशेष रुप से उनकी कर्मभूमि संताल परगना में लोग मंदिर, मस्जिद और गिरजाघरों में पूजा अनुष्ठान कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दुआएं कर रहे थे। झारखंड मुक्ति मोर्चो के संस्थापक श्री सोरेन पृथक राज्य के आंदोलन में लगातार संघर्षरत रहे और वर्ष 2000 में अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ।

**सीएम नीतीश ने जताया दुख :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शिबू सोरेन के निधन पर शोक जताया है। कहा है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जी का निधन दुःखद है। स्व॰ शिबू सोरेन जी एक प्रख्यात राजनेता थे। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे थे। झारखंड की राजनीति में उनका अहम योगदान रहा है। उनके निधन से न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है।

### राष्ट्रपति, पीएमसमेत कई नेताओं ने जताया शोक

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है और आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के उनके जुनून की सराहना की है। पीएम मोदी ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, श्री शिबू सोरेन जी एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से समर्पित थे। उनके निधन से मुझे बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से बात की और संवेदना व्यक्त की। ओम शांति।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर सोमवार को दुख जताते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासियों के लिए आजीवन संघर्ष किया और झारखंड राज्य के निर्माण में उनकी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिशोम गुरु के निधन पर दुख जाहिर करते हुए उन्हें जल, जंगल, जमीन के अधिकार के लिए लड़ने वाले नेता के रूप में याद किया।

### हर घर तिरंगा अभियान से जागा राष्ट्र प्रेम, तिरंगे संग सेल्फी जरूर लें : शाह

नई दिल्ली। देश भर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एक अहम संदेश दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस अभियान ने देशवासियों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की जो पहल की गई थी, उसने देशवासियों को एकजुट करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज यह अभियान जन-जन से जुड़ चुका है। प्रत्येक देशवासी में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना इस अभियान के माध्यम से साफ दिखाई दे रही है। गृह मंत्री ने विशेष रुप से युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से युवाओं से अपील करता हूं कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भी सोमवार को लोगों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की। मंत्रालय ने एक एक्स पोस्ट में लिखा, 15 अगस्त तक गर्व से जुड़ें हर घर तिरंगा अभियान से! मंत्रालय ने आगे कहा कि अपने घर पर तिरंगा फहराएं और आधिकारिक वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड करें।

### फिलीपींस के राष्ट्रपति भारत पहुंचे, जोरदार स्वागत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर सोमवार को अपनी पहली राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे। राजधानी दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्घेरिटा ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने राष्ट्रपति मार्कोस के आगमन पर उन्हें मबुहाय कहते हुए स्वागत किया और कहा कि यह यात्रा भारत-फिलीपींस संबंधों को और अधिक मजबूती देगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मबुहाय, राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर! उनका भारत में प्रथम राजकीय दौरा है। यह दौरा भारत-फिलीपींस संबंधों को नई ऊंचाई देगा, विशेष रूप से जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राष्ट्रपति मार्कोस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। उनके साथ उनकी पत्नी, फर्स्ट लेडी लुईस अरानेटा मार्कोस भी आई हैं। यात्रा के दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और बेंगलुरु का भी दौरा करेंगे। वे 8 अगस्त को भारत से रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा पहले जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया था, यह राष्ट्रपति मार्कोस की भारत की पहली यात्रा है, जो उनके राष्ट्रपति पद संभालने के बाद हो रही है। इस दौरान 5 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस के बीच द्विपक्षीय वार्ता निर्धारित है।

### भागलपुर : नदी में गिरा वाहन, पांच कांवड़ियों की मौत

प्रात : किरण



भागलपुर। भागलपुर जिले के बेलथ महतो स्थान से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर रविवार देर रात बरसाती नदी में पिकअप वैन के गिरने से 5 कांवड़ियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार रात 11 बजे के करीब पिकअप गाड़ी पर डीजे और जनरेटर लगाकर 12 युवकों की टोली नाचते-गाते अंतिम सोमवारी पर जल चढ़ाने के लिए गंगा स्नान करने सुल्तानगंज जा रही थी। रात होने और डीजे के शोर में किसी कारण गाड़ी से चालक का नियंत्रण खो गया। इसके कारण शाहकुंड-सुलतानगंज मुख्य सड़क के महतो स्थान के आगे गाड़ी नदी में गिर गई। इस घटना में कुछ युवकों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई लेकिन 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी शाहकुंड के ही बताये जा रहे हैं। इनकी पहचान संतोष कुमार, मनोज कुमार, विक्रम कुमार, अंकुश कुमार और मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बारे में जानकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।बता दें कि अब तक देशभर के कई राज्यों में कांवड़ियों संग हुए हादसे के कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। इससे पहले 29 जुलाई को झारखंड के देवघर में कांवड़ियों से भरी बस और सिलेंडर से लदे ट्रक के बीच टक्कर होने से 9 कांवड़ियों की मौत हो गई थी, जबकि 21 घायल हो गए थे। बस में कुल 35 श्रद्धालु सवार थे, जो श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण करने के उद्देश्य से देवघर आ रहे थे। इसी दौरान जमुनिया के पास सामने से आ रहे गैस सिलेंडर लदे ट्रक से उनकी बस की सीधी टक्कर हो गई थी। कई श्रद्धालुओं को मामूली चोटें भी आई थीं, जबकि कुछ लोग बच भी गए थे।

**सीएम नीतीश ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में 05 कांवड़ियों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने लोस में पार्टी के मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा

हुगली। पश्चिम बंगाल में श्रीरामपुर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के चार बार सांसद कल्याण बनर्जी ने लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को तृणमूल सांसद ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के साथ मतभेदों को लेकर लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। कल्याण बनर्जी ने तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की अध्यक्षता में तृणमूल सांसदों की एक वर्चुअल बैठक में भाग लेने के बाद अपने इस्तीफे की घोषणा की।

### सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि कार्यवाही पर लगाई रोक



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सेना पर टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को कड़ी डांट लगाई। उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। न्यायालय ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2,000 किलोमीटर जमीन चीन ने कब्जा ली है। आप विपक्ष के नेता हैं, अपनी बात संसद में कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। उच्चतम न्यायालय ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ अधीनस्थ अदालत में कार्यवाही पर रोक लगाई। सेना पर टिप्पणी मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को उनकी आलोचना करते हुए कहा, अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो ऐसा कुछ नहीं कहेंगे। हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस मामले में लखनऊ की एक अदालत में गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, आप विपक्ष के नेता हैं। संसद में बातें कहें, सोशल मीडिया पर क्यों कहते हैं? पीठ ने पूछा, आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन चीनियों ने कब्जा कर ली है, अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसा कुछ नहीं कहेंगे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी कि यह दुर्भावना से प्रेरित था। यहां की एक अदालत में दायर अपनी याचिका में शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि दिसंबर 2022 की ह्यभारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध के संदर्भ में भारतीय सेना के बारे में कई अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन

इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (NLM-EDP)

बिहार सरकार
पशुपालन निदेशालय
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

राष्ट्रीय पशुधन मिशन के उद्देश्य:

- छोटे जुगाली करने वाले पशु, कुक्कुट और सूअर पालन क्षेत्र और चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार का सृजन।
- नस्ल सुधार के माध्यम से प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि।
- मांस, अंडा, बकरी का दूध, उन और चारे के उत्पादन में वृद्धि।
- चारा बीज के आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और प्रमाणित चारा बीज की उपलब्धता के माध्यम से मांग को काफी हद तक पूरा करने के लिए चारे और फीड की उपलब्धता बढ़ाना।
- मांग–आपूर्ति के अंतर को कम करने के लिए चारा प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करना।
- किसानों के लिए पशुधन बीमा सहित जोखिम प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देना।
- मुर्गी, भेड़, बकरी पालन और चारा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देना।
- किसानों को गुणवत्तापूर्ण विस्तार सेवा प्रदान करने के लिए सुदृढ़ विस्तार मशीनरी के माध्यम से राज्य के पदाधिकारियों और पशुपालकों का क्षमता निर्माण।
- उत्पादन लागत को कम करने और पशुधन क्षेत्र के उत्पादन में सुधार के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकियों के प्रसार को बढ़ावा देना।
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत योजनाओं में अधिकतम 50% कैपिटल सब्सिडी प्राप्त की जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए ये दोनो लिंक पर https://nlm.udyamimitra.in | www.dahd.nic.in पर Click करें।

पात्र संस्थाएं:
निजी व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), किसान सहकारिताएं (एफसीओ), संयक्त देयता समूह (जीएलजी) और धारा 8 की कंपनियाँ



हमें फॉलो करें
@BiharAFRD

PR No.- 010422 (Animal)D. 2025-26

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ में सड़क का हुआ कटाव जनजीवन अस्त-व्यस्त

फतुहा। बरसाती नदियों के उफान से तथा उसमें आए बाढ़ से फतुहा से लेकर दनियावां तक की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। फतुहा से दनियावां की ओर बढ़ने पर पुरा इलाका जलमग्न दिखाई देता है। इस क्षेत्र के कोई ऐसा गांव नही है जो बाढ़ के पानी से घिरा हुआ नही है। फतुहा प्रखंड के नियाजीपुर गांव जाने वाली ग्रामीण पथ से धोवा नदी में आयी बाढ के पानी धड़ल्ले से बह रही है। इस स्थिति में सड़क की कटाव की भी आशंका बनी हुई है। वहीं फतुहा प्रखंड का मोहिउद्दीनपुर पंचायत का सभी गांव जलमग्न हो चुका है। मोहिउद्दीनपुर पंचायत के मुसहरी टोला में तो घरों में पानी घुस गया है। वहीं सलारपुर पंचायत भी बाढ़ के पानी से प्रभावित हुआ है। जंहा खेत खलिहान में लगा फसल पुरी तरह से बर्बाद हो चुका है, वहीं दोनों प्रखंड के ग्रामीण अब अपने अपने घरों को बचाने में लगे हुए हैं। फतुहा प्रखंड के बलवा, बरुणा, नियाजीपुर, सरवाहनपुर, कोल्हर, जनार्दनपुर समेत कई गांव के चारो तरफ बाढ का पानी फैल चुका है। प्रशासनिक मदद नही मिलने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं।

### दानापुरवासी को जल जमाव का दंश झेलने को विवश

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत कई इलाके के लोग जल जमाव का दंश झेलने को विवश है। गोलारोड के इलाके में सोमवार को भी जल जमाव की समस्या से लोग परेशान रहे। जल जमाव के कारण झखड़ी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करने जाने वाली श्रद्धालुओ को परेशानी का सामना करना पडा। लोगो को सड़क पर बह रहे गंदे पानी के बीच होकर गुजरना पडा। उधर गोलारोड के पूर्वी व पश्चिमी के कई इलाके में जल जमाव के कारण लोग परेशान रहे। पंचशीलनगर इलाके में गंदे पानी के कारण लोग घर में रहने को विवश होते रहे। कुछ भी सामान खरीदने के लिए लोगो का गंदे पानी से होकर आने जाने को विवश होना पड। यही हाल नेहरूपथ के दोनो ओर के इलाके में भी दिखा। जल जमाव की स्थिति को देखते हुए पार्षद रमेश कुमार उर्फ मुन्ना मेहता व पूर्व पार्षद अखिलेश कुमार ने कहा कि समय रहते जल निकासी की समस्या पर ध्यान दिया जाता तो आज ऐसी स्थिति नही होती। आज सड़क से लेकर कई कालोनी के लोग पिछले कुछ दिनो से जल जमाव के बीच रहने को विवश है। बारिश के साथ गंदे पानी का बहाव हो रहा है। जल निकासी को लेकर कार्रवाई तेज करने की मांग की। उधर पार्षद राजेश शर्मा ने बताया कि जल जमाव की समस्या को जायजा लेने बुडको के जीएम पहुंचे थे। जिन्हे जानकारी दी गयी। उन्होने कार्रवाई तेज करने की बात कही है। पार्षद ने बताया कि नहर मोड आरओबी के नीचे बुडको का दो पंप एव नगर परिषद का एक पंप कार्य कर रहा है। जिससे जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। अनुमंडलाधिकारी ने पाया संख्या 242 के पास पंप की संख्या बढाने का निर्देश बुडको को दिया था पर शाम तक नही बढाया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि पिलर संख्या 196 के पास नगर परिषद द्वारा चार पंप लगाया गया है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### झखडी महादेव मंदिर से शोभायात्रा व शाहपुर शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाला गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत सावन की अंतिम सोमवारी पर गोलापर झखडी महादेव मंदिर से शोभायात्रा एवं शाहपुर स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाला गया। सैकडो की संख्या में रंगबिरंगे परिधानो में सुसज्जित महिला व पुरुष श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। हाथी घोड़ा व गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा शाहपुर मंदिर से निकलकर दाउदपुर होते हुए शाहपुर घाट पर पहुंची। जहां से गंगा जल लेकर मंदिर पहुंची व अभिषेक किया। उधर झखडी महादेव से निकली शिवलिंग की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकली। गाजे बाजे के साथ झुमते हुए श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। उधर सावन के अंतिम सोमवारी पर नगर के मंदिरो में श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी रही।

### शिवालयो में श्रद्धालुओ की भीड़ बाबा के अभिषेक के लिए लगी रही

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत सोमवार को हर हर महादेव व देवी के जयकारा के साथ सावन के अंतिम सोमवारी पर खगौल के प्राचीन गोरगांवाँ देवी स्थान मंदिर, ठाकुर बाड़ी मंदिर, लोको कॉलोनी, बड़ी खगौल, छोटी खगौल, बड़ी बदलपुरा कोथावां मुस्तफापुर समेत अन्य शिवालयो में श्रद्धालुओ की भीड़ बाबा के अभिषेक के लिए लगी रही। वही लखनीबिगहा प्राचीन शिव महावीर मंदिर व बिजय सिंह यादव पथ विश्वेश्वर महादेव मंदिर में बाबा भोले नाथ का विशेष पूजा अर्चना के साथ श्रृंगार किया गया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह : स्तनपान में भारत ने लगाई 38 स्थानों की छलांग

## स्तनपान के विश्व रैंकिंग में भारत 79वें स्थान से उछलकर 41वें स्थान पर पहुँचा

- बिहार में भी विशेष स्तनपान दर 10 अंक सुधरा, 53.5% से बढ़कर 63.3% हुआ
- शहरी मातृत्व की विविध चुनौतियों के बावजूद स्तनपान को है समर्थन की जरूरत



प्रात: किरण, संवाददाता

पटना । स्तनपान बढ़ाने और इस सम्बन्ध में माताओं के बीच जागरूकता के सरकार के प्रयासों ने देश को बड़ी उपलब्धि दिलाई है. स्तनपान की विश्व रैंकिंग में भारत ने 38 स्थानों की छलांग लगाई है और 41वें स्थान पर पहुंच गया है. वर्ल्ड ब्रैस्टफीडिंग ट्रेंड्स इनिशिएटिव की असेस्मेंट रिपोर्ट के अनुसार, स्तनपान में भारत 79वें स्थान से उछलकर 41वें स्थान पर पहुँच गया है. इन प्रयासों का बिहार में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में बिहार में जन्म के पहले घंटे में स्तनपान की दर 23.5% थी जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में बढ़कर यह 26.4% हो गयी. इसी प्रकार छह महीने तक विशेष स्तनपान की दर 53.5% से बढ़कर 63.3% हो गई।

वैसे अभी भी अर्बन ब्रेस्टफीडिंग गैप ज्यादा है. शहरी क्षेत्रों में नौकरीपेशा महिलाओं को कार्यालय में सहजता से स्तनपान कराने में परेशानी होती है। इसका प्रमुख कारण दफ्तरों में स्तनपान कक्ष का नहीं होना है. मलिन बस्ती में रहने वाली महिलाओं की समस्या अलग है. ऐसी महिलाओं को परिवार चलाने के लिए काम के लिए निकलना पड़ता है। ऐसे में वह सामान्यत: घर से शिशु को स्तनपान कराकर काम पर चली जाती हैं. बाद में घर में रहने वाले लोगों को शिशु के लिए बोतल का दूध, पानी अथवा डिब्बाबंद पूरक आहार पर निर्भर रहना पड़ता है। जबकि जन्म के बाद पहले छः महीने तक सिर्फ स्तनपान के अलावा नवजात को किसी अन्य ऊपरी आहार की जरुरत नहीं पड़ती, पानी की भी नहीं। जन्म के प्रथम घंटे का स्तनपान किसी भी नवजात के लिए पहला टीका माना जाता है. माँ के पीले गाढ़े दूध में कई पोषक तत्वों का समावेश होता है। एम्स, पटना में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इंदिरा प्रसाद बताती हैं कि स्तनपान नवजात शिशु को जीवन के पहले छह महीनों तक पूर्ण पोषण प्रदान करता है, जिससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और वह डायरिया, निमोनिया जैसे गंभीर संक्रमणों से सुरक्षित रहता है। इसी के मद्देनजर बिहार में स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी अस्पतालों में जन्म के पहले घंटे में स्तनपान करवाना सुनिश्चित किया है। इसके लिए सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्तनपान कक्ष स्थापित किए गए हैं. जल्दी ही सभी संस्थानों को बोतल मुक्त परिसर घोषित किया जाना है। सामुदायिक स्तर पर लोगों को स्तनपान के महत्त्व से अवगत कराने के लिए अभी विश्व स्तनपान सप्ताह ( 1 से 7 अगस्त) मनाया जा रहा है. अभियान के दौरान व्यापक पैमाने पर स्तनपान के फायदों के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

## नहीं रहे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, राजद नेता ई राघवेंद्र ने जताया शोक



प्रात: किरण, संवाददाता

बिक्रम : राजद नेता ई राघवेंद्र ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है, उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि शिबू सोरेन एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर समर्पण के साथ अपनी पहचान बनाई. वह विशेष रूप से आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण के प्रति अत्यंत समर्पित थे। उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और चाहने वालों के साथ हैं। विदित हो कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन का सोमवार के सुबह 8:56 बजे दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में निधन हो गया. वह लंबे समय से किडनी संबंधी बीमारी से पीड़ित थे और पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे. लगभग डेढ़ महीने पहले उन्हें स्ट्रोक भी आया था।

## समस्तीपुर मंडल के स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों का ठहराव



प्रात: किरण, संवाददाता

पटना/ हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर विभिन्न स्टेशनों पर सदभावना एक्सप्रेस, लिच्छवी एक्सप्रेस, सरयू जमूना एक्सप्रेस एवं शहीद एक्सप्रेस का विभिन्न स्टेशनों पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी सं. 14018 आनंद विहार-रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस 07 अगस्त से 18.51/18.53 बजे रुन्नी सैदपुर, 19.56/19.58 बजे बैरगनियां एवं 20.22/20.24 बजे घोड़ासहन स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 2. गाड़ी सं. 14017 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस 08 अगस्त से 00.13/00.15 बजे घोड़ासहन, 00.34/00.36 बजे बैरगनियां एवं 01.52/01.54 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 3. गाड़ी सं. 14007 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस 07 अगस्त से 00.13/00.15 बजे घोड़ासहन एवं 01.52/01.54 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 4. गाड़ी सं. 14008 आनंद विहार-रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस 06 अगस्त से 18.51/18.53 बजे रुन्नी सैदपुर एवं 20.22/20.24 बजे घोड़ासहन स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 5.गाड़ी सं. 14005 सीतामढ़ी-आनंद विहार लिच्छवी एक्सप्रेस 06 अगस्त से 02.52/02.54 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 6 गाड़ी सं. 14006 आनंद विहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस 06.अगस्त से 19.28/19.30 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 7. गाड़ी सं. 14649 जयनगर-अमृतसर सरयू जमुना एक्सप्रेस 08.अगस्त से 08.06/08.08 बजे पण्डौल स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 8. गाड़ी सं. 14650 अमृतसर-जयनगर सरयू जमुना एक्सप्रेस 07 अगस्त से 23.22/23.24 बजे पण्डौल स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 9. गाड़ी सं. 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस 06.अगस्त से 08.06/08.08 बजे पण्डौल स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 10. गाड़ी सं. 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस 06 अगस्त से 23.22/23.24 बजे पण्डौल स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 11. गाड़ी सं. 13225 जयनगर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 06 अगस्त से 11.34/11.36 बजे पण्डौल स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 12. गाड़ी सं. 13226 दानापुर-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस 06 अगस्त से 13.12/13.14 बजे पण्डौल स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## दानापुर मंडल में स्वच्छता अभियान के तहत किया गया श्रमदान



प्रात: किरण, संवाददाता

दानापुर। स्वतंत्रता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 01 से 15 अगस्त तक पूरे भारतीय रेल में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए दानापुर मंडल में भी स्वच्छता अभियान की भव्य शुरूआत की गई है मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग, दानापुर के द्वारा इस कार्यक्रम के तहत दानापुर के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर प्रभात फेरी, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जा रहे हैं । साथ ही साथ स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के मंत्र के साथ इस दो साप्ताहिक अभियान के तहत स्टेशनों की सफाई, श्रमदान, नुक्कड़ नाटक, कार्यशालाएं, स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान, स्वच्छ जल स्रोतों की देखरेख, प्लास्टिक उन्मूलन प्रयास, वृक्षारोपण जैसे विविध कार्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । इसी कड़ी में आज दिनांक 04 08.2025 को दानापुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशन जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों इत्यादि पर श्रमदान का आयोजन एवं ऑडियो वीडियो के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया।

## कुशल नेतृत्व, सराहनीय कार्यों व निष्कलंक छवि के लिए जाने जाते हैं आईपीएस जितेंद्र राणा

प्रात: किरण, संवाददाता



पटना : हरियाणा के पानीपत जिले के कारद गाँव के रहने वाले आईपीएस जितेंद्र राणा तेजतर्रार पुलिस अधिकारी माने जाते हैं. साल 2024 में उन्हें सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के हाथों पुलिस मेडल से सम्मानित किया जा चुका है. ऐसा माना जा रहा है कि बिहार पुलिस को आईजी के रूप में फिर एक बार ऐसा नेतृत्व मिला है जो अपनी कड़क प्रशासनिक शैली और निष्कलंक छवि के लिए जाना जाता है। आईपीएस जितेंद्र राणा 2005 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी हैं, सात वर्षों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के बाद बीते जून महीने में ही उन्हें पटना रेंज के नए पुलिस महानिरीक्षक के रूप में पदस्थापित किया गया है। प्रदर्शनकारियो पर काबू करने को हाथों में उठाई थी एके - 47 पटना के एसएसपी रहते हुए जितेंद्र राणा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही बाहुबली विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी की रणनीति तैयार करना। उन्होंने पूरे ऑपरेशन की रूपरेखा बनाकर कानून का राज स्थापित करने की मिसाल पेश की। हालाँकि, गिरफ्तारी से ठीक एक दिन पहले उनका तबादला कर दिया गया था, लेकिन उनकी योजना के तहत ही पुलिस टीम ने इस हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी को अंजाम दिया। यह कदम बिहार में विधि व्यवस्था को चुनौती देने वालों के लिए स्पष्ट संदेश था। एक बार पटना में एक राजनीतिक रैली के दौरान उपजे दंगाई माहौल में उन्होंने एके -47 उठाकर मोर्चा संभाला, जिससे स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया गया। यह दृश्य मीडिया में काफी चर्चित रहा आईपीएस राणा ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफेंस कॉलेज से स्नातक और जेएनयू से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। वे प्रशासन में पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ डिजिटल और सोशल मीडिया टूल्स का भी भरपूर उपयोग करते हैं। जनता से सीधे संवाद और फील्ड रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उनका यह दृष्टिकोण सराहनीय है। जितेंद्र राणा की कहानी बिहार पुलिस के एक ऐसे अधिकारी की है जो न केवल कानून-व्यवस्था की जटिल चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हैं, बल्कि एक प्रेरणास्पद लीडरशिप के प्रतीक भी हैं। चाहे दंगों को नियंत्रित करना हो, हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारियाँ हों या फिर सिस्टम के भीतर सुधार लाना हर क्षेत्र में उन्होंने प्रभावी कार्य किया है। राष्ट्रपति से मिल चुका है वीरता पदक, इनके पिता वकील व माँ हाऊसमेकर आईपीएस जितेंद्र राणा को साल 2014 में बिहार के जमुई में बतौर पुलिस अधीक्षक नक्सलवाद पर काबू पाने के लिए सीआरपीएफ महानिदेशक की ओर से प्रशस्ति डिस्क और 2016 में राष्ट्रपति के हाथों वीरता पदक भी मिल चुका है. साल 2019 और 2021 में उन्हें सीआईएसएफ महानिदेशक की ओर से भी प्रशस्ति डिस्क प्रदान की जा चुकी है. जितेंद्र राणा के पिता जगबीर सिंह राणा एक सोशल वर्कर और वकील हैं. उन्होने पानीपत में कई शैक्षिक और सामाजिक कार्य किए हैं. मौजूदा समय में वह वकालत कर रहे हैं. उनकी मां बीरमती हाउसमेकर हैं. अब पटना जैसे महत्वपूर्ण जोन की जिम्मेदारी मिलने के बाद भविष्य में उन्हें और भी बड़े प्रशासनिक दायित्व दिए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। वे बिहार पुलिस के उन अफसरों में गिने जाते हैं जिनसे राज्य और देश दोनों को उम्मीदें हैं।

## राजस्व महा-अभियान हेतु सभी जिलों में शुरू हुआ अधिकारियों कर्मियों का प्रशिक्षण, 9 तक चलेगा

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना । राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक संचालित किए जाने वाले राजस्व महा-अभियान की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। ऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करने के इस विशेष अभियान को सर्वसुलभ, पारदर्शी और जन-हितैषी बनाने हेतु राज्य के सभी 38 जिलों में तैयारी चल रही है। राज्य के सभी जिलों में 4 अगस्त से 9 अगस्त के बीच दो-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सभी जिलों के समाहर्ता निर्धारित कर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी का एकदिवसीय प्रशिक्षण निर्धारित करेंगे। अंचल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सभी अंचलों में 5 से 9 अगस्त के बीच राजस्व कर्मचारी एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन को प्रशिक्षित किया जाएगा। सभी सीओ बनायेंगे माइक्रो प्लान, करेंगे बिहारभूमि पोर्टल पर अपलोड प्रत्येक अंचल को 10 से 12 अगस्त तक मॉडल माइक्रो प्लान तैयार कर उसे बिहारभूमि पोर्टल के राजस्व महा-अभियान सेक्शन पर 12 अगस्त तक अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए अंचल अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चार स्तरीय पर्यवेक्षण दलों का गठन राजस्व महा-अभियान की निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु चार स्तरों पर पर्यवेक्षण दल गठित किए जा रहे हैं। अभियान के सतत पर्यवेक्षण हेतु विभाग स्तर पर विभागीय पदाधिकारियों के मध्य प्रमंडल/जिला का आवंटन करते हुये अनुश्रवण कोषांग का गठन किया गया है। राजस्व विभाग स्तरीय पर्यवेक्षण दल में सचिव, निदेशक समेत मुख्यालय के अधिकारी आवंटित प्रमंडलों एवं जिलों में जाकर अभियान का पर्यवेक्षण करेंगे। जिला स्तरीय पर्यवेक्षण दल में अपर समाहर्ता एवं बंदोबस्त पदाधिकारी रहेंगे। अनुमंडल स्तरीय पर्यवेक्षण दल में अनुमंडल पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता रहेंगे। अंचल स्तरीय दल में अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी शामिल रहेंगे। इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता के लिए 10 अगस्त को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके संघ के साथ बैठक निर्धारित है। इस कार्य में सभी पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। शिविरों में मिले आवेदनों की प्रतिदिन रिपोर्टिंग 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक सभी अंचलों में राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराएगी।

## कीचड़ में तब्दील मसौढ़ी डाकबंगला की सब्जी मंडी

प्रात: किरण, संवाददाता



मसौढ़ी !नगर परिषद क्षेत्र के डाकबंगला रोड में वारिश होने के बाद नगर की सब्जी मंडी के हालात बद से बदतर हो जाते हैं, लेकिन इस सब्जी मंडी की दुर्दशा सुधारने के लिए नगर परिषद द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया ।जबकि हर दिन हजारों की संख्या में लोग यहां सब्जी खरीदने के लिए पहुंचते है ।हालात यह है कि अगर यहां बारिश हो जाए तो,इसमें जलजमाव कीचड़ पसर जाती है ।जिसकी वजह से पूरी मंडी में पैर रखने तक के लिए जगह नहीं बचती है ।इस समस्या को लेकर लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं,लेकिन इसके बावजूद यहां व्यवस्थाओं में रत्तीभर भी सुधार नहीं हो सका है ।उल्लेखनीय है कि कस्बे की एक अदद सब्जी मंडी में एक सैंकड़ा के करीब सब्जी विक्रता है। जहां हर दिन सब्जी की दुकानों का संचालन किया जाता है ।पीसीसी सड़क के किनारे सब्जी मंडी लगती है तो इनदिनों गंदगी व जलजमाव कीचड़ में तब्दील है ।यहां दुकानदारों व लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।मंडी में फेंकी गई खराब सब्जियां, छिलके आदि कीचड़ में मिलकर गंदगी के साथ सड़ांध मारने लगते हैं ।ऐसे में बारिश के बाद यहां हालात सबसे ज्यादा खराब होते हैं ।बारिश होते ही बारिश के पानी से सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है ।जिसकी वजह से ग्राहकों के लिए यहां निकलने के लिए भी जगह नहीं बचती है ।लोगों में बीमारियां फैलने का भी डर बना हुआ है ।साथ ही सुबह व शाम सड़क पूरा जाम हो जाता है। बहुत मुश्किल से गाड़ियां निकल पाती है ।लोगों व दुकानदारों ने नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार से जल्द से जल्द उक्त जगह की सफाई कराने की मांग की है।

## भारतीय डाक का तकनीकी उन्नयन – पटना जीपीओ में आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण, संवाददाता



पटना। भारतीय डाक विभाग, बिहार सर्कल ने एक ऐतिहासिक तकनीकी पहल करते हुए आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर का शुभारंभ पटना जीपीओ में अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया। इस नवीनतम सॉफ्टवेयर का उद्घाटन मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, बिहार सर्कल, एम. यू. अब्दाली द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अब्दाली ने कहा कि, ह्लआईटी 2.0 सॉफ्टवेयर न केवल डाक सेवाओं को और अधिक डिजिटल, तेज और पारदर्शी बनाएगा, बल्कि यह विभाग को तकनीकी आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। अब प्रत्येक लेन-देन, चाहे वह बुकिंग हो, भुगतान हो या डिलीवरी, उसकी स्थिति रीयल टाइम में उपलब्ध होगी। यह बदलाव ग्राहक अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने यह भी बताया कि अब डाकघर काउंटरों पर दफकोड स्कैनिंग के माध्यम से भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे नगद रहित और सुरक्षित लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही डाक वितरण प्रणाली भी और अधिक सटीक एवं प्रभावशाली हो जाएगी। डाक निदेशक (मुख्यालय), श्री पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आईटी 2.0 केवल एक सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं है, यह भारतीय डाक विभाग की नागरिकों के प्रति प्रतिबद्धता और जनसंपर्क की नई परिभाषा है। अब पोस्टमैन सिर्फ पत्र लाने वाला नहीं, बल्कि डिजिटल सेवाओं का दूत होगा, जो लोगों के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और विश्वास लाने का कार्य करेगा। मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ, श्री रंजय कुमार सिंह ने बताया कि, आईटी 2.0 एक यूजर-फ्रेंडली प्रणाली है, जिससे डाककर्मियों का कार्य निष्पादन और भी सरल, सुगम और समयबद्ध हो जाएगा। पटना जीपीओ ह्यडाक सेवा, जन सेवा के संकल्प के साथ जनकल्याण हेतु सदैव तत्पर है। इस शुभ अवसर पर विभाग द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों, ग्राहकों एवं आम नागरिकों से अपील की गई कि वे इस डिजिटल बदलाव का स्वागत करें और डिजिटल डाक सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डाककर्मी, तकनीकी टीम, ग्राहक प्रतिनिधि रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों को सॉफ्टवेयर का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिससे इसके विभिन्न फीचर्स एवं उपयोग की जानकारी दी गई।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु के निधन पर लोकमंच ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की



प्रात: किरण, संवाददाता

पटना : झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, आदिवासी समुदाय के प्रखर नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर भारतीय लोकमंच पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री कुणाल सिकंद ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आदिवासी आत्मा की आवाज और झारखंड की अस्मिता के संघर्ष का प्रतीक थे। दिशोम गुरु के नाम से लोकप्रिय शिबू सोरेन का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके जाने से झारखंड की राजनीति और सामाजिक जीवन में एक अपूरणीय शून्य उत्पन्न हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरा झारखंड और विशेष रूप से आदिवासी समाज शोक में डूब गया है। कुणाल सिकंद ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिबू सोरेन न केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व थे, बल्कि वह अपने आप में एक आंदोलन थे। वह शोषण के विरुद्ध प्रतिरोध के प्रतीक थे, आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष के अग्रदूत और पृथक झारखंड राज्य के निमार्ता। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन वंचितों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया,सिकंद ने कहा ।उन्होंने शिबू सोरेन के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि वह गाँवों की मिट्टी से उठकर सत्ता के गलियारों तक पहुँचे, लेकिन हमेशा न्याय, सम्मान और आदिवासी समाज के विकास के प्रति समर्पित रहे। उनकी आवाज में आमजन का दर्द, सपना और उम्मीदें समाहित थीं। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, सिकंद ने युवाओं से अपील की कि वे दिशोम गुरु के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लें।

### विधान सभा केअध्यक्ष ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त की

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और आदिवासी समाज के महान नेता, झारखंड आंदोलन के प्रणेता, आदिवासी समाज और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई के प्रतीक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि उनके निधन से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश ने एक महान जननायक को खो दिया। श्री सोरेन जी संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व के प्रतीक थे, जिन्होंने समाज के कमजोर वर्गों विशेष रूप से जनजातीय समाज के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए आजीवन संघर्ष किया। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे एवम् शोक संतप्त परिजनों और समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## राजद नेता ई राघवेंद्र ने ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता

बिक्रम : सुप्रीम कोर्ट में सीधी भर्ती प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का राजद नेता ई राघवेंद्र कुमार ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने विकलांग व्यक्तियों, पूर्व सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को भी आरक्षण प्रदान किया है। उन्होंने इस फैसले का सम्मान करते हुए कहा कि एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, मुख्य न्यायाधीश ने सर्वोच्च न्यायालय के गैर-न्यायिक कर्मचारियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की भर्ती के लिए रोस्टर प्रणाली के कार्यान्वयन की पहल की है। उन्होंने कहा हम माननीय मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई द्वारा भर्ती नियमों में संशोधन करने के लिए की गई पहल की सराहना करते है, इससे गैर-न्यायिक न्यायालय कर्मचारियों की नियुक्ति में इस लंबे समय से प्रतीक्षित और महत्वपूर्ण सुधार को संभव बनाया जा सकेगा। राजद नेता ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय आंदोलन की लंबे समय से चली आ रही मांग की आंशिक पूर्ति की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है, जिसके तहत उन क्षेत्रों में भी आरक्षण का विस्तार किया जाना है जो अब तक सकारात्मक कार्रवाई के दायरे से बाहर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### औपबंधिक मतदाता सूची में त्रुटियों की भरमार: भाकपा नेता प्रतिपक्ष को नोटिस निंदनीय

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रकाशित की गई औपबंधिक मतदाता सूची में त्रुटियों की भरमार है। लोग अपना नाम ढूंढने के लिए परेशान हैं। सूची में नाम, पिता-पति के नाम में गलतियां तो है ही एक ही गृह संख्या में कई परिवार जातियों के मतदाताओं के नाम हैं। आयोग अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सवाल उठाने वाले को नोटिस दे रहा है और प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। सूची में मृत लोगों के नाम शामिल है तो जिंदा व्यक्तियों के नाम सूची से हटा दिया गया है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि आयोग ने महागठबंधन समन्वय समिति के अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को भी नोटिस दिया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता प्रतिपक्ष को नोटिस देने की कार्रवाई की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी भाजपा के इशारे पर भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार के 65.64 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाया है। उत्तर बिहार में औसत प्रति विधानसभा 35 हजार से ज्यादा मतदाताओं के नाम सूची से हटाया गया है।

### विप सभापति ने शिबू सोरेन जी के निधन पर जताया दुःख

पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर अत्यंत दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के गुरूजी या दिशोम गुरु के नाम से प्रसिद्ध शिबू सोरेन जी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, पूर्व केन्द्रिय मंत्री, लोक सभा सांसद एवं राज्य सभा सांसद थे। उनके निधन से झारखण्ड की सियासत के एक युग का अंत हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। साथ हीं उनके चाहने वाले एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य और सहन शक्ति प्रदान करें।

### तेजस्वी के खिलाफ होनी चाहिए कानूनी कार्रवाई : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव राजनीति नहीं, फजीवाड़ा करते हैं। श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव का फजीवाड़ा अब उजागर हो गया है। उन्हें चुनाव आयोग को जवाब देना होगा कि उनके पास दो ईपिक नंबर कहां से आया। श्री मिश्र ने कहा कि यह साफ हो गया है कि तेजस्वी यादव ने वोटर आईडी कार्ड में फजीवाड़ा किया है। तेजस्वी यादव के नाम पर दो ईपिक नंबर-आरएबी 0456228 और आरएबी 2916120 मौजूद हैं। इनमें से पहला नंबर 2020 के नामांकन पत्र और 2015 की मतदाता सूची में भी दर्ज था, जबकि दूसरा नंबर अस्तित्वहीन पाया गया है। ऐसे में यह तय है कि दूसरा ईपिक नंबर फर्जी है। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव की अब पोल खुल गयी है। फजीवाड़ा करना ही इनका धर्म है। दो ईपिक नंबर होना, बहुत बड़ा फजीवाड़ा है और तेजस्वी यादव को इसका दंड मिलना चाहिए।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के चिन्हित लाभुकों को चार किश्तों में मिलेंगे 2 लाख रुपए

# राज्य में कोई भी गरीब परिवार नहीं रहेगा बेघर : श्रवण

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आदिवासी महा न्याय अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के चिन्हित लाभुकों को चार किश्तो में 2 लाख रुपए प्रति लाभुक दिए जाएगें। इस योजना का लाभ दिलाने हेतु ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बिहार के बांका, कैमूर, भागलपुर, गया, कटिहार, किशनगंज, मधेपुरा, नवादा, पूर्णिया एवं सुपौल जिलों के उप विकास आयुक्तोा को दिशा निर्देश निर्गत किया गया है । आवास की आवश्यकता वाले आदिवासी परिवारों को चिन्हित एवं ग्राम सभा द्वारा पात्र परिवारों के चयन एवं प्राथमिकता निर्धारण के पश्चात लाभुकों को आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता दी जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने आगे बताया कि आवास स्वीकृति के उपरांत प्रथम किश्त में 50 हजार रुपए अग्रिम के रूप में, आवास का प्लिंथ तक के निर्माण कार्य के बाद लिंटल स्तर तक निर्माण कराने पर द्वितीय किश्त में 50 हजार रुपए, लिंटर लेवल के छत की ढलाई कार्य करने पर तृतीय किश्त में 50 हजार रुपए एवं छत ढलाई के बाद प्लास्टर, पेंट, दरवाजा, खिड़की लगाने तथा फलोर फिनिशिंग कार्य पूर्ण कराने पर चतुर्थ किश्त में 50 हजार रुपए कुल मिला कर 2 लाख रुपए प्रति लाभुक दिया जाएगा। इसके अतिरिक्ते शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रुपए, मनरेगा योजना से मजदूरी मद में 22 हजार 50 रुपए (90 दिन का मजदूरी) एवं बिजली कनेक्शन फ्री तथा 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्री कुमार ने कहा कि विकास पुरूष नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार गरीबों के कल्याण हेतु कई तरह की और योजनाएं चलायी जा रही है। बिहार सरकार की सोच है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी गरीब पात्र परिवार गृह विहीन नहीं रहे एवं जो आवास विहीन हैं, सरकार उन्हें आवास सहायता प्रदान कर पक्के छतदार मकान उपलब्ध कराने का पक्का निश्चय किया है। आदिवासी महा न्याय अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण द्वारा पक्के आवासों के निर्माण प्रक्रिया में तेजी आएगी एवं राज्य के पात्र गरीब जनता को अपना पक्का घर मिल सकेगा।

# अनुदानित उर्वरकों के साथ जबरन टैगिंग पर प्रतिबंध : विजय

## डिप्टी सीएम ने कहा- नियम उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य में लागू जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब अनुदानित उर्वरकों (जैसे यूरिया एवं डीएपी) के साथ अन्य उत्पादों (जैसे कीटनाशी, नैनो उर्वरक, जैव उत्प्रेरक आदि) की जबरन टैगिंग कर किसानों को बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में यह निर्देश जारी किया गया है। बिहार राज्य में कार्यरत सभी उर्वरक विनिमार्ता, विपणनकर्त्ता, थोक एवं खुदरा विक्रेता प्रतिष्ठानों को सख्त चेतावनी दी जाती है कि वे अनुदानित उर्वरकों के साथ अन्य किसी भी उत्पाद की जबरन टैगिंग कर विक्रय न करें। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ विक्रेताओं द्वारा किसानों को बाध्य किया जा रहा है कि वे यूरिया या डीएपी जैसे उर्वरक के साथ अन्य महंगे उत्पाद भी खरीदें। यह नियमों का घोर उल्लंघन है और राज्य सरकार इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी भी उर्वरक विनिमार्ता, विपणनकर्त्ता, थोक, खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किया जाता है, तो संबंधित संस्था या व्यक्ति के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में वर्तमान में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी नहीं है। सभी जिलों में यूरिया, डीएपी एवं अन्य आवश्यक उर्वरकों की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। श्री सिन्हा ने किसानों से अपील की कि वे यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन टैगिंग या ऊंची कीमत वसूले जाने की जानकारी पाते हैं, तो तत्काल जिला कृषि पदाधिकारी अथवा विभागीय टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# जलनिकासी की समस्या का तत्काल समाधान हो : नितिन

- 3 दिनों के अंदर पथ एवं पुलों का स्थल निरीक्षण करें अधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने सोमवार को पथ निर्माण विभाग कार्यालय में सभी क्षेत्रीय कार्यपालक अभियंताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय सचिव संदीप पुदुकलकट्टी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के क्रम में मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुलों की पहचान कर 72 घंटे के अंदर विस्तृत रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराया जाए। वहीं, मंत्री ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को अलर्ट मोड में रहकर प्रभावित क्षेत्रों का नियमित स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं, इस बीच अगर कहीं जल निकासी की भी समस्या उत्पन्न हुई है तो उसे भी चिंहित कर उसका समाधान निकालने को कहा। मंत्री ने आगे कहा कि सभी इंजीनियर एक साथ मिलकर काम करें ताकि किसी भी योजना की संरचनात्मक अखंडता पर कोई प्रभाव ना पड़े। पुलों के ऊपरी एवं नीचे की स्तह की लगातार मॉनिटरिंग होती रहे। इसके अलावा अगर किसी पुल पर बारिश के बाद जल निकासी में समस्या उत्पन्न हो रही है तो उसका निराकरण भी जल्द सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुलों पर जल निकासी की व्यापक व्यवस्था हो। मंत्री ने आगे कहा कि इस बीच किसी भी प्रकार की लापरवाही या कार्य में शिथिलता पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। साथ ही, आपात स्थिति में यातायात को सुचारु बनाए रखने हेतु वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने को कहा गया। बिहार सरकार बेहतर, सुगम एवं सुरक्षित सड़क संपर्कता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से कटिबंध है।

# शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता दूरदर्शी निर्णय: उमेश

- शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने के फैसले को युवाओं के हित में एक ऐतिहासिक, न्यायसंगत और दूरदर्शी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य के करोड़ों युवाओं को अवसरों में प्राथमिकता देने की दिशा में एक मजबूत पहल है। श्री कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर करने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं, चाहे वह शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की बात हो या रोजगार के अवसरों को स्थानीय युवाओं तक पहुँचाने की। बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने का यह निर्णय भी उसी कड़ी का हिस्सा है, जो युवाओं में आत्मविश्वास, गरिमा और आशा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि टीआई-4 परीक्षा से ही शिक्षकों की बहाली में बिहार के मूल निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु नियमों में संशोधन किया जाएगा, जिससे योग्य और शिक्षित युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। यह न केवल स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन को भी सुदृढ़ करेगा। इसके साथ ही, वर्ष 2025 में टीआई 4 और 2026 में टीआई-5 की पूर्व घोषणा यह स्पष्ट करती है कि सरकार बहाली प्रक्रिया को नियमित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुशवाहा ने यह भी कहा कि टीआई-5 से पूर्व टीआई परीक्षा के आयोजन को सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराना है। यह निर्णय सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और युवाओं के स्वाभिमान को केंद्र में रखकर लिया गया है, और यही नीतीश कुमार की सबसे बड़ी विशेषता है।

### असत्य की राजनीति कर रहे तेजस्वी : निहोरा

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के हालिया दिनों में की गई बयानबाजी को असत्य बताते हुए उनपर तंज कसा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा हाल के दिनों में बार-बार असत्य एवं भ्रामक बयानों के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। यह न केवल बिहार की राजनीतिक परंपराओं के खिलाफ है, बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक है। बिहार की राजनीति का इतिहास डॉ. राम मनोहर लोहिया, भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे नेताओं के सत्य और नैतिकता पर आधारित आचरण से गौरवान्वित रहा है। लेकिन तेजस्वी यादव इन सिद्धांतों को ताक पर रखकर असत्य आधारित नई राजनीति की शुरूआत कर रहे हैं, जो उनके लिए और बिहार की जनता के लिए दीर्घकाल में हानिकारक सिद्ध होगी। तेजस्वी यादव के हाल के झूठे नैरेटिव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने हाल ही में बिहार में बढ़ते अपराध और जंगलराज की वापसी का दावा करते हुए मीडिया में झूठी बयानबाजी की। उन्होंने कहा कि अपराध को लेकर तेजस्वी यादव का दावा ना केवल भ्रामक है बल्कि जनता को भ्रमित करने वाला है। सच्चाई यह है कि राज्य में अपराध नियंत्रण में है और अगर कोई अपराध हो भी रहा है तो पुलिस उसका खुलासा कर आरोपियों को कानून के शिकंजे में लाने का काम कर रही है। लेकिन तेजस्वी ने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर जनता में भय का माहौल बनाने की कोशिश की।

# सुशासन पर सवाल करना हास्यास्पद : राजीव

## नीतीश सरकार ने कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा बिहार में बढ़ते अपराध एवं भ्रष्टाचार के बयान पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा गोपालगंज के बैकुंठपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार पर भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर लगाए गए आरोपों को वो सिरे से खारिज करते हैं। ये आरोप न केवल आधारहीन हैं, बल्कि राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल की अराजकता और भ्रष्टाचार की काली विरासत को छिपाने की एक सोची-समझी कोशिश हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, विकास और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं, जबकि राजद के शासनकाल में बिहार अपराध और भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा हुआ था। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल में बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार ने विकराल रूप ले लिया था। इस दौरान चारा घोटाला, जिसमें लालू प्रसाद यादव को 2013 में सीबीआई की विशेष अदालत ने सजा सुनाई, ने सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया और बिहार की छवि को राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल किया। इसके विपरीत, नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन की नई मिसाल कायम की है। पुलिस बल के आधुनिकीकरण, फास्ट-ट्रैक कोर्ट की स्थापना और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई ने अपराध की दर को काफी हद तक नियंत्रित किया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत नीतीश सरकार ने कई बड़े घोटालों की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई है। एनसीआरबी के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में बिहार में अपराध की दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

# वोटर आईडी कार्ड के फरेब के लिए तेजस्वी यादव माफी मांगे : मंगल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि एस आई आर के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशित होते ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जिस तरह से उसमें अपना नाम नहीं होने का फर्जी दावा किया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस फरेब के लिए उन्हें चुनाव आयोग से माफी मांगनी चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो वोटर कार्ड रख कर जानबूझ कर अपराध किया है। बिहार में विगत महीने हुए मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भ्रम फैलाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने वाले तेजस्वी यादव को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस परिस्थिति में उन्होंने दो ईपिक नम्बर से मतदाता सूची में दो जगह अपना नाम दर्ज करवाया था। इस पूरे मामले में पूरी तरह से बेनकाब हो चुके तेजस्वी यादव की असली मंशा एस आई आर और चुनाव आयोग के विरोध के साथ ही जनता में भ्रम फैलाना था। विशेष गहन पुनरीक्षण को रोकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाने वाले तेजस्वी यादव दरअसल अभी से ही संभावित हार की हताशा में हैं।

श्री पाण्डेय ने कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिश देकर स्पष्ट तौर पर कहा है कि उनका दूसरा ईपिक नम्बर आधिकारिक तौर पर जारी प्रतीत नहीं होता है। इसलिए उस पर जारी मतदाता पहचान पत्र वे चुनाव आयोग को सौंपे ताकि उसकी जांच हो सके। उम्मीद है नेता प्रतिपक्ष इस फजीवाड़ा के मामले की जांच में चुनाव आयोग को सहयोग करेंगे।

# आदिवासी आंदोलन को अपूरणीय क्षति : लालू

- राजद सुप्रीमो, तेजस्वी सहित राजद नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर जताया शोक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ कांति सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद सहित राजद परिवार के नेताओं ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन गुरु जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि वह हमारे साथी थे और हमेशा हम दोनों मिलकर साथ काम किये ,उनके नहीं रहने से हमें काफी दुख हुआ है और यह हम सबों के लिए एक बड़ा नुकसान है और मैं काफी मर्माहत हूं। मेरी संवेदना उनके परिवार के साथ है। कहा कि इनके निधन से राष्ट्र, झारखंड और आदिवासी आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है। इन्होंने हमेशा गरीबों शोषितों, वंचितों आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी। झारखंड में इनके नहीं रहने से जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई काफी मुश्किल है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को दुख सहने की साहस दे।

# महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में भण्डारे का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर पाटलिपुत्रा औद्योगिक क्षेत्र स्थित महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन किया गया। संस्थापक संजय सिंह के द्वारा सोमवार को एकादशी के संध्या 3 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया। देर शाम तक भंडारे का कार्यक्रम जारी रहा। जिसमे करीब हजार से अधिक लोगो ने पूड़ी, हलवा और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किए। इस अवसर पर प्रसाद वितरण में मंदिर के पुजारी बाबा शंकर, अनिल सिंह सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डबलु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन (ई-निविदा) आमंत्रित करते है।
निविदा सूचना संख्या : डबलू-7/ई-टेन्डर/12/ओपेन/दानापुर/2025-26.
1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : पटना स्टेशन पर 08 नं. टाइप 2 पुराने/खस्तेहाल क्वार्टरो के रिप्लेसमेन्ट और पटना जं. एवं राजेन्द्र नगर में महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था (पटना 02 नं.), (राजेन्द्र नगर 01 नं.), (पाटलिपुत्र 01 नं.) और (दानापुर 01 नं.) में गहरे ट्यूबवेल की व्यवस्था। अनुमानित निविदा राशि : ₹2,71,55,368.44, बयाना की राशि : ₹2,85,800/-
2. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : रेल आश्रय, करबिगहिया पटना के पास अतिरिक्त सुविधाओं का निर्माण। अनुमानित निविदा राशि : ₹6,59,14,625.82, बयाना की राशि : ₹4,79,600/-
3. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल इन्जी./राजगीर के अंतर्गत स्लीपर नवीनीकरण (टीएसआर/पी) कार्य सेस मरम्मत और अन्य विविध ट्रैक कार्य। अनुमानित निविदा राशि : ₹93,45,886.22, बयाना की राशि : ₹1,86,900/-
4. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियन्ता/1/दानापुर सेक्शन के अनतर्गत वेल्डिंग भाग और अन्य संबद्ध उपकरणों की आपूर्ति। अनुमानित निविदा राशि : ₹1,89,63,862.68, बयाना की राशि : ₹2,44,800/-
5. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल इन्जी./जहानाबाद के अंतर्गत पटना-गया सेक्शन में स्लीपर धनत्व (आईएसडी) बढ़ाने और अन्य विविध ट्रैक कार्य। अनुमानित निविदा राशि : ₹7,79,43,414.20, बयाना की राशि : ₹5,39,700/-
6. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : दानापुर मंडल में 39 स्टील गर्डर ब्रिज पर एसएस चेकर्ड प्लेट का प्रावधान। अनुमानित निविदा राशि : ₹5,15,86,500/-, बयाना की राशि : ₹4,07,900/-
7. बयाना की राशि : निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 22.08.2025 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। 8. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website : http.//www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्य बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्र नही किया जायेगा, बल्कि वेब-साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेब साईट देखने और तदनुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबन्धक (इन्जी.)/
पूमरे/दानापुर
पीआर/0718/डीएनआर/अभि./टी/25-26/84

# पूर्व मंत्री रविन्द्र चरण यादव ने ली कांग्रेस की सदस्यता

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री, बिहारीगंज एवं उदाकिशुनगंज से कई बार विधायक रह चुके डा रविन्द्र चरण यादव कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को देखते हुए भाजपा छोड़ एनडीए से मोह भंग होकर कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान की उपस्थिति में अपने सैकड़ों समर्थकों जिसमें कई जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डा रविन्द्र चरण यादव के साथ सदस्यता ग्रहण करने वाले जनप्रतिनिधि में ग्वालपाड़ा के प्रमुख संतोष कुमार, पिपराकरोती के मुखिया संजीव कुमार यादव, पूर्व मुखिया पवन कुमार यादव, सुनील कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, ललन कुमार यादव, आलोक कुमार, महेश्वरी यादव सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि रविन्द्र चरण यादव जैसे ऊर्जावान और लोकप्रिय नेता का कांग्रेस में आना इस बात का संकेत है कि बिहार में बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गो एवं समुदायों के हितो की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डा रविन्द्र चरण यादव ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की धर्मनिरपेक्ष और जनहितकारी नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, राजेश राठौड़, डा विजय कुमार, रौशन कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मनोज शर्मा मौजूद थे।

महामृत्युजंय पाटनेश्वर मंदिर में अहले सुबह से शिवभक्तों की लगी कतारें

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। सावन महीने की अंतिम सोमवारी परसोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही भक्तों ने जलाभिषेक के लिए गंगाजल, दूध, बेलपत्र और धतूरा लेकर लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान शिव का पूजन किया। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। पाटलिपुत्रा औद्योगिक क्षेत्र स्थित महामृत्युजंय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर प्रांगण हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। भक्त अपनी मनोकामनाओं के साथ जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर महादेव का आशीर्वाद लिया। यहां महिला, पुरूष व बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी शिव भक्ति में लीन दिखे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने जोरदार तैयारिया की थी। मुख्य व्यवस्थापक संजय सिंह व बाबा शंकर ने भक्तों को पूजा करने में सहयोग किया। मंदिर की साफ सफाई, आकर्षक सजावट व रोशनी की व्यापक व्यवस्था देखते ही बन रहा था। राजाबाजार, शेखपुरा, राजवंशी नगर, आशियाना, खाजपुरा, दीघा, कुर्जी, कुर्जी बालू पर, कुर्जी पुल पर, राजापुर, मैनपुरा, गोसाई टोला, कृष्णापुरी, बोरिंग रोड, बोरिंग कैनाल रोड, किदवई पुरी, कृष्णा नगर, पुनाईचक, कंकड़बाग, मीठापुर, कदम कुआं, राजेन्द्र नगर, मीठापुर, यारपुर सहित राजधानी के सभी शिवलायों में देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। बताते चलें कि सावन के इस अंतिम सोमवार को प्रदेशभर में शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन के सोमवार को भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन की गई पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूरे दिन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और हवन आदि का आयोजन होता रहा। श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ सावन का अंतिम सोमवार शिवभक्तों के लिए यादगार रहा।

# डीएम ने राजस्व महा अभियान की सफलता के लिये अंचलाधिकारी को दिया विशेष प्रशिक्षण

## कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, प्रमुख,मुखिया,सरपंच को पत्र जारी किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में राजस्व महा अभियान की सफलता के लिए सभी अंचलाधिकारी को दिया गया आज विशेष प्रशिक्षण ।जिलाधिकारी ने कहा की16 अगस्त से 20 सितम्बर तक राजस्व महा-अभियान का संचालन जिला के 1314 मौजा में किया जाएगा ।इससे भूमि संबंधी विवाद समाप्त हो जाएंगे। राजस्व महा-अभियान संचालन में भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन में तीव्रता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों,भू-धारियों को एतद् संबंधी सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा विभिन्न ऑनलाईन सेवाए जैसे दाखिल-खारिज,परिमार्जन,भू-मापी, भू-लगान इत्यादि की सुविधा प्रदान करने हेतु इन सेवाओं के माध्यम से आम रैयतों,भू-धारियों से प्राप्त आवेदनों का स-समय,कालबद्ध रूप से निष्पादन किया जाना है ।जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी को माइक्रो प्लान,कार्य योजना बना कर कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिया ।उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को मौजावार जमाबंदी को डाउनलोड कर अल्फाबेटिकल अरेंज कर प्रिंट निकाल कर जांच करने का निर्देश दिया ।राजस्व कर्मी घर-घर जाकर लोगों को प्रपत्र का वितरण करें ।उन्होंने शत प्रतिशत प्रतिशत दाखिल खारिज करने का निर्देश दिया,

शिविर में सभी प्रपत्रों का नमूना चिपकाने को कहा।

डीएम ने कहा कि भू-अभिलेखों के अद्यतनीकरण के अन्तर्गत ऑनलाईन दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन की कार्रवाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी 05 अगस्त से 09 अगस्त 2025 के बीच अपने-अपने अंचलों में सभी राजस्व कर्मचारी एवं सभी विशेष सर्वेक्षण अमीनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे ।सभी अंचल अधिकारी को निदेश दिया गया कि 10 अगस्त से 12 अगस्त तक प्लान को निर्गत कर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे ।प्रत्येक हल्का में पंचायत सरकार भवनों में शिविर के आयोजन की तिथि इस प्रकार निर्धारित की जायेगी कि उस हल्के के मौजे में जमाबंदी पंजी प्रति,आवेदन प्रपत्र बांटने के उपरान्त रैयतों को कम से कम तीन दिन का समय प्राप्त हो।

प्रत्येक शिविर में 10 टेबल पर 10 विशेष सर्वेक्षण अमीन लैपटॉप एवं इन्टरनेट डोंगल के साथ उपस्थित रहेंगे एवं प्राप्त आवेदन पत्रों की संक्षिप्त जानकारी, जिसमें आवेदक का नाम, पिता का नाम, मोबाईल नम्बर एवं आवेदन की विषयवस्तु दर्ज होगी,को तिथिवार कम्प्युटर में संधारित करेंगे।

बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद,सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतिम सोमवारी पर भजन संध्या आयोजित

मुजफ्फरपुर। अंतिम सोमवारी के दिन रविवार को सामयिक परिवेश संस्था ने भजन की प्रस्तुति दी। संस्था की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा ने सभी को अंतिम सोमवारी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गायिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी ।संस्था की तरफ से सविता राज ने इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन किया। सविता राज ने ॱशिव प्यारे हैं सुंदर भी हैं,ख़ुशियों के ये सागर भी हैंॱ सुनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. आरती कुमारी ने ॱडिम डिम डमरू बजावेला हमार जोगियाॱ गाकर समां बांध दिया ।सुप्रसिद्ध गायिका आस्था दीपाली के भजन ॱभोला के देखेला बेकल भईले जियराॱ पर श्रद्धालु झूम उठे । म्यूजिक टीम में उमेश चंचल सिंथेसाइजर पर,प्रिंस सोनी ऑक्टोपैड पर एवं राहुल बाबा ने ढोलक पर संगत किया, और डॉ. आरती कुमारी, सविता राज,आस्था दीपाली के गायन में साथ दिया ।और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बाईक हाइवा के टक्कर बाईक सवार की हुई मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कोहलुवारा गांव में झमटिया से गंगाजल लेकर समस्तीपुर थानेश्वर स्थान लौट रहे कांवरिया की सड़क दुर्घटना में दलसिंहसराय में मौत हो गई। मृतक का नाम विनोद महतो के पुत्र प्रभात कुमार एवं जख्मी का नाम संजोग महतो के 15 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार शामिल है। नीतीश का इलाज स्थानीय निजी क्लीनिक में किया जा रहा है। वहीं मृतक युवक के शव को पुलिस ने जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया।

### विद्यालय में चोरी को लेकर थाना में दिया गया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय माधोपुर की प्रधान शिक्षिका रेणु कुमारी ने विद्यालय में चोरी एवं विद्यालय सामान को क्षतिग्रस्त करने को लेकर स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से प्रधान शिक्षिका ने बतायी है कि 2 अगस्त शनिवार को छुट्टी के बाद विद्यालय का सभी ताला बंद कर सभी शिक्षक अपने-अपने गंतव्य की ओर गए। 4 अगस्त की सुबह ग्राम कचहरी पंच के पति मुकेश राम के द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गई की विद्यालय के उत्तरी भाग का ग्रिल का ताला खुला हुआ है। आकर देखा तो विद्यालय में सभी रजिस्टर इधर-उधर क्षतिग्रस्त कर फेंका हुआ था। खेल का सामग्री एवं टेबल ड्राल भी तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। असामाजिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा ताला तोड़कर विद्यालय की संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया।

### झंडोत्तोलन कार्यक्रम हेतु कल होगी बैठक

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम हेतु कल 6 अगस्त यानी बुधवार को एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रखंड मुख्यालय परिसर में अवस्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम तथा प्रखंड कार्यालय एवं अन्य सभी कार्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन के लिए समय निर्धारण पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक की जानकारी विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान ने सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों के नाम पत्र निर्गत कर दी है।

### बीडीओ ने दो पंचायत सचिव से मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान ने पंचायत सचिव मनीष कुमार एवं काजल कुमारी से मनमानी ढंग से कार्य करने एवं कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र निर्गत करते हुए बताया गया है कि प्रखंड कार्यालय विभूतिपुर पुस्तकालय भवन में गहन पुनरीक्षण बीएलओ सुपरवाइजर महत्वपूर्ण कार्य चल रहा है। जिसमें प्रत्येक दिन उपस्थित होकर अपना कार्यकाल निष्पादन ससमय कराना था। लेकिन इनके द्वारा मनमाने ढंग से महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही बढ़ती जा रही है जो बहुत ही खेदजनक है। इनके लापरवाही के कारण सरकार द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्यों नहीं इनके रवैया को देखते हुए उच्च अधिकारी को प्रतिवेदित की जाए। इसी के आलोक में बीडीओ ने उक्त कार्य अवधि का वेतन स्थगित करते हुए 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

## सावन के चौथे सोमवारी पर शिवालय में उमड़ी श्रद्धालु की भीड़



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) शिव की भक्ति को समर्पित सावन के चौथे व अंतिम सोमवार के दिन बाबा पुरणधरनाथ मंदिर सहित मारवाड़ी शिव मंदिर, विषहरी स्थान, सिद्धेश्वर नाथ मंदिर बासुदेवपुर, पूर्वी औराय चेंगाही के सर्वेश्वर नाथ मंदिर, नयाटोला शिव मंदिर, भूतेश्वर नाथ शिव मंदिर बथनाहा के अलावा प्रखंड क्षेत्र सभी शिवालियों में सुबह से ही कांवरियों, महिलाएं व पुरुष और युवक एवं युवतियां का विशेष रूप से जल, बेलपत्र, दूध और फूल अर्पित करने के लिए तांता लगा रहा। चौथे व अंतिम सोमवारी को बरसात वाली धूप में भी भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी गई। सोमवार की अहले सुबह से ही शिवभक्तों के हर-हर महादेव, बोल बम, जय शिवकारा की गूंज से प्रखंड क्षेत्र का चप्पा-चप्पा गुंजायमान हो उठा एवं विभिन्न शिव मंदिरों में भक्तजनो की उमड़ी सैलाब से आसपास का माहौल काफी भक्तिमय हो गया। इसके अलावा मंदिर प्रांगणों में भक्ति संगीत और भजन-कीर्तन ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। हालांकि इस सावन के महीने में बाबा पुरंदरनाथ मंदिर में जलाभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है यहां सावन के अलावे भी साल भर लोग जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। मालूम हो कि कांवड़ यात्रा सावन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होकर कृष्ण चतुर्दशी तक यानि सावन की शिवरात्रि तक चलती है। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि होती है, इसलिए कृष्ण पक्ष को भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए अच्छा माना जाता है। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि जब समुद्र मंथन के दौरान विषपान करने से भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया था, तब उसके प्रभाव को कम करने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इसी तरह आज भी शिवलिंग पर जलाभिषेक से प्रसन्न होकर भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। पवित्र कावड़ यात्रा के संबंध में एक प्राचीन मत यह भी है कि त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने कांवड़ यात्रा की नींव रखी थी। कथा के अनुसार अपने अंधे माता-पिता की तीर्थ यात्रा की इच्छा पूरी करने के लिए उन्होंने उन्हें कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार लाया और गंगा स्नान कराया और लौटते समय वे साथ में गंगाजल भी ले गए, जिससे यह परंपरा शुरू हुई।


## अंतिम सोमवारी को मंत्री संजय सरावगी ने बाबा कुशेश्वरस्थान में किया जलाभिषेक



प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा) ।मिथिला के बाबा धाम कुशेश्वरस्थान में बाबा कुशेश्वर नाथ महादेव की पूजा अर्चना करने के लिए प्रदेश के राजस्व व भुमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने सावन की अंतिम सोमवारी को अपनी पत्नी सोभा सरावगी के साथ पहुंचे। समर्थकों के साथ मंदिर में पहूंचे मंत्री श्री सरावगी को प्रशासनिक सुरक्षा में शिवलिंग पर जलाभिषेक करवाया गया। मौके पर पार्टी और गठबंधन के कई कार्यकताओं के अलावे पंडित राजनारायण झा, सचिव गोपाल नारायण चौधरी, मणिकांत झा, आनंद खेतान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके बाद कार्यकर्ता ने मंत्री जी को पाग चादर से सम्मानित किया। मौके पर राखी आनन्द ,अजय राय, संजय सिंह, रोशन राय, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। बताते चले कि मंत्री श्री सरावगी इस साल के चौथे अतिविशिष्ट श्रधालु रहे ।श्रावण के आज अंतिम सोमवारी के जलाभिषेक करने जिलाधिकारी कौशल कुमार व एसएसपी जग्गुनाथ जल्ला रेड्डी अपने धर्मपत्नी के साथ मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस से पहले के विते तीन सोमवारी में तीन अलग अलग अतिविशिष्ट श्रधालु कुशेश्वरस्थान पहुंच चुके हैं। जिसमें सबसे पहले की सोमवारी मे प्रदेश के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव दूसरी सोमवारी को दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर और तीसरी सोमवारी को प्रदेश के पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी अपने समर्थकों के साथ कुशेश्वर नाथ महादेव की पूजा अर्चना किये है।

## डोमिसाइल की पहल शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए बनेगा वरदान : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल की प्राथमिकता देने संबंधी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल यहां के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए वरदान साबित होगा तथा यहां के स्थानीय युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम बनेगा ।नीतीश सरकार की इस पहल की जितनी सराहना की जाय वह कम है।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने शिक्षक बहाली में सीएम नीतीश कुमार की पहल को यहां की युवा पीढ़ी के लिए वरदान बताते हुए कहा कि यह आगामी शिक्षक बहाली के लिए टीआरई -4 जो 2025 तथा टीआरई - 5जो 2026 में आयोजित की जाएगी तथा उन आयोजनों से पहले एसटीईटी आयोजित किए जाने का फैसला एवं उसके लिए शिक्षक बहाली के नियम में संशोधन का निर्णय लेकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने साबित कर दिया है कि ग्यारह करोड़ बिहारवासियों के हितों की रक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है।

बिहार के युवाओं को रोजगार देने के नीतीश सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि लालू राबड़ी के शासन में बिहार में जिस तरह से अराजकता का माहौल बन गया था आज एनडीए के शासन में हर बिहारवासियों को सुशासन का वातावरण महसूस हो रहा है।

## दो बाईक सवार बदमाशो ने फायरिंग कर सीएसपी से कि लूटपाट, संचालक को गोली मारकर 1 लाख की लूट

### घटनास्थल से कुछ दूर आगे एक बाइक छोड़कर भागे बदमाश, चार खोखा बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर धुरूवागामा गांव में एक सीएसपी संचालक को बदमाशों ने गोली मारकर एक लाख रुपये नगदी लूट ली। घटना सोमवार दिन के करीब 11.30 बजे अंजाम दिया गया है। जख्मी की पहचान गांव के ही सीएसपी संचालक मनीष कुमार के रूप में हुई जो गांव के ही स्वर्गीय रामविलास ठाकुर के पुत्र थे। बताया गया कि जख्मी अपने घर के निकट स्टेट बैंक आफ इंडिया का ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) संचालित करते हैं। जहां लूटपाट की नीयत से दो बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाश पहुंचे। उन्होंने हथियार के बल पर सीएसपी से एक लाख रुपये नगदी लूट ली। विरोध करने पर संचालक को बाये जांघ में गोली मारकर जख्मी कर दिया। सभी बदमाशों फायरिंग करते हुए भाग निकले । बताया गया कि बदमाशों के भागने के दौरान ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों की एक बाइक का चेन उतर गया। स्वयं को ग्रामीणों से घिरते देख बदमाशों ने एक बार फिर फायरिंग करते हुए सभी एक ही बाइक पर सवार हो गए। जबकि, एक बाइक घटनास्थल के समीप ही छोड़ दिया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में जख्मी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पूसा में भर्ती कराया है। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिकी उपचार के बाद रेफर कर दिया। आक्रोशित लोगों ने पूसा कल्याणपुर मुख्य पथ को जाम कर दिया ।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रभारी मोहम्मद शब्बीर अवर निरीक्षक रामनारायण महतो दलबल समेत मौके पर पहुंचकर घटना की छानबीन में जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद किया है। साथ ही बदमाशों की एक बाइक को अपने कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी है। पुलिस घटनास्थल के समीप लगी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही। ताकि, बदमाशों की पहचान की जा सके। वहीं पुलिस की एक टीम बदमाशों के भागने की दिशा में कार्य कर रही। इधर, घटना के बाद में ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। इधर, सदर डीएसपी टू संजय कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है। बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। इधर घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने लोगों ने पूसा कल्याणपुर मुख्य सड़क को माली नगर में जाम कर दिया। दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। डीएसपी 2 संतोष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल का जायजा लेते हुए अनुमंडल अस्पताल पूसा जख्मी सीएसपी संचालक को देखने गए। पीड़ित से पूछताछ कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गए। पुलिस यातायात बहाल करवाने को लेकर ग्रामीणों को समझाने में लगी हुई है।

## हर हाल में सुंदर और साफ दिखे हथुआ मार्केट: नगर आयुक्त के साथ बैठक के बाद विधायक डॉ. सीएन गुप्ता ने दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा शहर के प्रसिद्ध हथुआ मार्केट क्षेत्र की गंदगी और अव्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए रविवार की संध्या को क्षेत्रीय विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता ने स्वयं क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय दुकानदारों और निवासियों से संवाद कर समस्या की जड़ों को समझने का प्रयास किया ।निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि नगर निगम और वार्ड स्तर पर समन्वय की कमी के साथ-साथ कुछ स्थानीय नागरिकों की असंवेदनशीलता भी मौजूदा हालात के लिए जिम्मेदार है। दुकानों के आगे बिखरी निर्माण सामग्री, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और सार्वजनिक सुविधाओं की अनदेखी इन समस्याओं को और गंभीर बना रही हैं ।इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर आयुक्त सुनील पांडेय, महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सिटी मैनेजर, वार्ड आयुक्त राजू श्रीवास्तव एवं प्रतिनिधि मुन्ना जी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक डॉ. गुप्ता ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि हर हाल में हथुआ मार्केट को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जाए ।विधायक ने कहा, मैं मानता हूं कि यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। जब तक स्थानीय नागरिक जागरूक नहीं होंगे और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना नहीं आएगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी ।उन्होंने यह भी कहा कि समाज में कई लोग केवल नेताओं या अधिकारियों को दोष देकर अपने दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं, जबकि बदलाव की शुरूआत स्वयं से होती है ।बैठक के बाद विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता सीधे जिलाधिकारी अमन समीर से उनके कार्यालय में मिले और पूरे मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एक स्थायी समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी ने इस पहल का समर्थन करते हुए नगर आयुक्त को अपने स्तर से भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## महिषी में विवाहिता की संदिग्ध मौत ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत पस्तपार वार्ड संख्या 01 में एक 26 वर्षीय विवाहिता की फांसी लगाकर मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान विवेक पासवान की पत्नी आरती देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का गंभीर आरोप ससुरालवालों पर लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतका के भाई नुनू पासवान ने महिषी थाना में दिए आवेदन में बताया कि उनकी बहन की शादी 27 मार्च 2024 को दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान के एक मंदिर प्रांगण में विवेक पासवान से हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा 2 लाख दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। अक्सर पति विवेक पासवान उसे मायके से पैसे लाने का दबाव देता था। पैसे नहीं लाने पर मारपीट की जाती थी। परिजन ने बताया कि आरती अपने पीछे तीन महीने के एक दूधमुंहे बच्चे को छोड़ गई है। वह पांच बहनों में चौथे नंबर पर थी। मृतका के पति विवेक पासवान उत्तर प्रदेश में रहकर मजदूरी करता था। करीब 20-25 दिन पहले ही वह अपने गांव लौटा था। विवेक की यह दूसरी शादी थी। पहली पत्नी की बीमारी के कारण मृत्यु हो चुकी थी। दूसरी शादी के बाद से ही आरती को दहेज को लेकर प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी, ऐसा परिजनों का आरोप है।

## बारिश के बीच शिवभक्तों की भीड़ को डीएम एसएसपी व एसपी नियंत्रित करते रहे

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा)। अंतिम सोमवारी में खासकर महिला श्रद्धालुओ की इतनी भीड़ थी कि प्रशाशन को भीड़ कंट्रोल करने के लिए पसीना छूट गया, डीएम कौशल कुमार एसएसपी जग्गुनाथ जल्ला रेड्डी ग्रामीण एसपी आलोक सहित जिले के आलाधिकारी खुद भीड़ को नियंत्रित करने में दिखे । इस दौरान रात्रि से लेकर सुबह 10 बजे तक हो रहे बारिश के बीच शिवभक्तों की भीड़ कम नही हुई जैसे ही बारिश बन्द हुई तो और अधिक भीड़ जुटने लगे । इस दौरान कई शिवभक्तों को चक्कर आ गया जिसे स्थानीय तौर पर जगह जगह लगे डॉक्टर टीम के द्वारा उसे उपचार किया गया और दवाई भी दी गयी। कुछ महिला भक्त तो मंदिर के द्वार पर ही चक्कर खाकर गिर गई जिसे मौके पर मौजूद पदाधिकारी एवं कर्मी तुरंत उठाकर पानी का छिड़काव कर चिकित्सक से दवाई दिलाई । कुछ भक्तो को तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजाकर दवाई दिलाई गई। स्थानीय बृद्ध बुजुर्गों ने बताया कि बाबा कुशेश्वरस्थान में ऐसी पहली बार भीड़ जुटी है अब तक का रिकॉर्ड तोड़ दिया गया है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्थानीय लोग एवं व्यवसाय अपनी दुकान को बंद कर शिवभक्त की सेवा के तत्तपर दिखे।

## विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक ने की मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा, राजनीतिक दलों से लिया फीडबैक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक आराधना पटनायक की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिले में चल रही गतिविधियों की रविवार को समीक्षा की गई। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण फीडबैक और सुझाव प्राप्त किये गये ।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जानकारी दी कि 1 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके उपरांत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें रक्क्रकी अद्यतन स्थिति एवं आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया गया है ।बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दो महत्वपूर्ण सूचियाँ उपलब्ध कराई गईं है ।अधिकारियों के साथ संपन्न बैठक में तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राजकुमार, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन उपस्थित थे । जबकि राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में उनके प्रतिनिधिगण के रूप में श्री दिलीप कुमार, श्री मनोज कुमार, श्री कुणाल सहाय ,श्री रंजन कुमार, श्री अजय कुमार सिंह ,श्री राजकुमार पासवान, श्री रमेश गुप्ता, श्री नवीन सिंह आदि उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आद्र भूमि समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिला आद्र भूमि समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिलाधिकारी निखिल धनराज निपण्णीकरण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले आद्रभूमियों को आद्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत अधिसूचित किए जाने पर चर्चा हुई। बैठक में समिति के सदस्य सचिव सह वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के अंतर्गत उच्च प्राथमिकता वाले 19 आद्रभूमियों को आद्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत अधिसूचित किया गया है, जिसमें मुंगेर जिले के खड़गपुर एवं असरगंज प्रखंड के दो आद्रभूमि का चयन किया गया है। इन दोनों भूमि को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के तहत स्थानीय लोगों, किसानों के हितार्थ कार्य योजना बनाकर तैयार किया जाएगा, जिससे किसानों को पटवन आदि में काफी सहायता मिलेगी। साथ ही इसके निर्माण का उद्देश्य जलसंरक्षण करना होगा, जो किसानों सहित स्थानीय लोगों के हितार्थ होगा। इस बाबत समिति के अध्यक्ष सह जिलाधिकारी द्वारा एक ज्वाइंट कमेटि के गठन करने का निर्देश दिया गया कि वे इन दोनों चिन्हित आद्रभूमि का स्थलीय निरीक्षण कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध करा दें, ताकि विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु संसूचित किया जा सके। उन्होंने कमेटि को स्थल निरीक्षण के साथ साथ वहां के फोटोग्राफ, वीडियो आदि बनाने के भी निर्देश दिए।

## घर के बरामदा में खेल रही पांच साल की बच्ची का हुआ रेप, 20 वर्षीय युवक हुआ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सिमरी बख्तियारपुर चिरैया थाना अंतर्गत एक गांव से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है जहां एक 5 साल की मानसू बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मासूम बच्ची अपने घर के बरामदा में खेल रही थी तभी गांव के ही एक 20 वर्षीय युवक अजीत कुमार ने उसे बहला फुसलाकर कर सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ घिनौनी हरकत की घटना के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी जिसके बाद स्वजनों ने उसे आनंद-फानन में सहरसा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया बच्ची का अस्पताल में इलाज जारी है चिकित्सकों के अनुसार बच्ची की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बच्ची का मेडिकल प्ररिक्षण भी कराया है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस अमानवीय कृत्य के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है ग्रामीणों ने आरोपित को करी से करी सजा देने की मांग की है इस संबंध में चिरैया थाना अध्यक्ष कुंदन साहनी ने बताया कि मामले को लेकर चिरैया थाना में पीड़ित परिवार के द्वारा महिला थाना में मामला दर्ज कराया गया है जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## पुत्री की शादी में पड़ोसी ने लिया 4 लाख का कर्ज, मांगने पर किया मारपीट और लूटपाट

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सदर थाना क्षेत्र के आरण भेलवा गांव निवासी सिकेंद्र यादव के पत्नी मंगिया देवी ने अपने पड़ोसी के ऊपर पुत्री की शादी के नाम पर 4 लाख रुपए कर्ज लेने, जिसे वापस नहीं करने और अब मांगने पर मारपीट करने व लूटपाट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उनके पड़ोसी शिवली यादव के पुत्र मनटून कुमार अपनी पुत्री की शादी में उनके पति से 4 लाख रुपए का कर्ज लिया था। जिसे 6 महीने के अंदर वापस कर देने की बात कही थी। समय बीतने के बाद वे बहाना पर बहाना बनाते रहे। जिसके बाद तंग होकर कई बार पंचायत की गई। लेकिन वे पंचायत में नहीं आए। उन्होंने आगे बताया कि बीते दिनों जब वे उनके घर पैसे मांगने पहुंची तो मनटून कुमार और उनके परिजन आशीष कुमार, अनिल यादव, रवि शंकर कुमार सहित उनके घर की महिलाएं उन्हें घेर कर मारपीट किया और लूटपाट मचाया है। इस दौरान बचाने पहुंचे पति को भी मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई की जा रही है।

# जिला पदाधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्री नवीन ने समाहरणालय परिसर अवस्थित सभा कक्ष में सोमवार 04 अगस्त को विभिन्न विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में, योजनाओं के कार्यान्वयन और प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में, डीएम ने कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, गव्य विभाग, पशु विभाग, सहकारिता विभाग, खाद उपभोक्ता संरक्षण विभाग वन एवं पर्यावरण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, स्वच्छता विभाग, गन्ना विभाग, जल संसाधन विभाग, कल्याण विभाग, सांख्यिकी विभाग राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, कल्याण विभाग जीविका, शस्त्र विभाग, मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, खेल विभाग, आईसीडीएस, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, कला संस्कृति विभाग, तथा विद्युत विभाग, योजना एवं विकास विभाग, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र समेत सभी संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए गये। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने जिला कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं कार्यालय द्वारा संचालित कार्यों के क्रियान्वयन के विषय में फीडबैक लिया ' इस दौरान उन्होंने किसान भवन के विषय में भी जानकारी दी ' जिस पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के बरहट प्रखंड को छोड़कर शेष सभी नौ प्रखंडों में किसान भवन बना है, बरहट प्रखंड में किसान भवन बनाने हेतु विभाग को प्रस्ताव गया हुआ है ' तथा राज्य में जिले की रैंकिंग 29 वां स्थान पर है ' वहीं उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में भी फीडबैक लिया, इस दौरान जलाशय संबंधी, भ्रमण दर्शन तालाव निर्माण, चयन प्रक्रिया में आये हुए आवेदन के विषय में जानकारी ली तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। सरकार के साथ निश्चय 2 के लक्ष्य को पूरा करने हेतु गव्य विभाग के पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिले के सिकंदरा एवं झाझा प्रखंड अंतर्गत जमीन उपलब्ध नहीं रहने कारण संचालित योजनाओं को अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने अपर समाहर्ता को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से इसे देख ले । आगे उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी से जिले में संचालित पशु अस्पताल की स्थिति का फीडबैक लिया ।इस पर पशुपालन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में कुल 21 पशु अस्पताल हैं जमुई को लेकर 22 हैं। मोबाइल एंबुलेंस सभी प्रखंडों में संचालित हैं, पशु चारा के लिए टेंडर प्रक्रिया किया जाता है ' जिलाधिकारी ने खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग अन्तर्गत लोगों को नये राशन कार्ड की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए ' इस दरमियान उन्होंने लघु सिंचाई अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी एवं प्रगति रिपोर्ट, जल जीवन हरियाली से संबंधित क्रियान्वित कार्य की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए ' उन्होंने ग्रामीण आवास विभाग द्वारा संचालित आवास योजना के संबंध में उप विकास आयुक्त महोदय ने कहा कि आवास का सर्वे कराया गया है तथा 153 पंचायत में से 150 पंचायत में खेल मैदान का कल शुरूआत किया गया है और शेष तीन पंचायत में प्रक्रिया पर है वहीं मनरेगा के संबंध में जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जिले के अलीगंज प्रखंड में पीने के पानी की समस्या है जिसको लेकर भिन्न-भिन्न जगह पर तालाब बनाने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीण को पानी की कमी ना हो सके ' इसी कड़ी में उन्होंने स्वच्छता विभाग की भी समीक्षा की तथा कार्यों की प्रगति का जायजा लिया, इस पर स्वच्छता पदाधिकारी ने कहा कि 152 का लक्ष्य के विरुद्ध जिले में 143 जगहों पर बनाया गया है, 6 जगहों पर कार्य प्रगति में है तथा तीन जगहों पर जमीन इशू का मामला है। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया कि वे संबंधित प्रखंड के वीडियो के द्वारा ईशु को जल्द से जल्द खत्म कर कार्य प्रगति पर लाने का निर्देश दिया । आगे उन्होंने कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा की एवं विभाग द्वारा क्रियान्वित कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन भी देखा उपरांत उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए ' वही कल्याण विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान तक फीडबैक लिया, तथा शिविर में आए हुए आवेदन की समीक्षा की तथा कार्य प्रगति पर न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई।

# डिप्टी सीएम ने सावन के अंतिम सोमवार को सुप्रसिद्ध अशोकधाम में सपरिवार की पूजा अर्चना

● उस दौरान डिप्टी सीएम ने विपक्ष पर किया तीखा प्रहार,कहा,लोकतांत्रिक प्रक्रिया को छिन्न-भिन्न करने में लगा है विपक्ष

प्रात : किरण संवाददाता





लखीसराय! बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा दो दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचे !उन्होंने सावन की अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध अशोक धाम मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की! इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान लखीसराय के डीएम मिथिलेश मिश्र,भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य विपिन कुमार,पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे! मंदिर में डिप्टी सीएम ने भगवान शिव से राज्य और देश की समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की !पूजा के बाद पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया !उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल आलोचना करने और भरम फैलाने में व्यस्त है !जबकि जनता सब कुछ देखा और समझ रही है !मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विपक्ष के विरोध को लेकर उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए है !लेकिन विपक्ष इस पर भी राजनीति कर रहा है !उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता हीं सबसे बड़ी ताकत होती है वही तय करेगी कि किस सत्ता में रखना है और किस विपक्ष में !सिन्हा ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है !डिप्टी सीएम ने दावा किया कि पुनः आगामी विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत से बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी!

# 6 मिनी गन फैक्ट्री का हुआ उद्वेदन

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) ।हवेली खड़गपुर अनुमंडल के गंगटा थाना अंतर्गत गंगटा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार निर्माण की 6 मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन किया है। पुलिस के अनुसार छापामारी के दौरान तीन अपराधी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों ने गंगाटा थाना केचौकड़ी गांव निवासी बबलू प्रसाद सिंह उर्फ बबलू मंडल तथा राजेंद्र प्रसाद सिंह शामिल है। पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री शिक्षा बेस मशीन तीन देसी कट्टा तीन अर्द्ध निर्मित देसी कट्टा तीन अर्द्ध निर्मित राइफल तीन मैगजीन 7 कारतूस दो खोखा तीन मोबाइल एक ड्रिल मशीन 4 वायरस दो वेल्डिंग मशीन 18 निर्मित टीगर सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है ।इस छापेमारी में खड़गपुर डीएसपी अनिल कुमार गंगटा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार के अलावा पुलिस बल शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी पौकड़ीबहियारके गोड़िया नदी के किनारे एक झोपड़ी नुमा में मिनी गन फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

# 194 लीटर विदेशी शराब के साथ एक कार और एक बाइक बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के महिषी थाना के अपर थाना अध्यक्ष और जिला आसूचना इकाई को मिली गुप्त सूचना पर शनिवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गौरहो चौक पर एक कार को रोका गया। जिस पर लदा हुआ 193.875 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। मौके से ही एक तस्कर की जहां गिरफ्तार की गई। वहीं अंधेरे का लाभ उठाकर एक तस्कर फरार होने में कामयाब रहे। इस दौरान एक कार और एक बाइक को जब्त की गई। रविवार को सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर महिषी थाना क्षेत्र के गौरहो चौक पर कार संख्या बीआर 39 सी 9697 को रोका गया। पुलिस गतिविधि को देखकर कार में सवार एक युवक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। वहीं दूसरे युवक को हिरासत में लिया गया। फिर उनकी कार की तलाशी लिए जाने पर कार में छिपा कर रखे गए कुल 193.875 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। मौके से ही शराब कारोबारी महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत जलई ओपी क्षेत्र के कुम्हरा गांव निवासी रामानंद सिंह के पुत्र अमरेंद्र सिंह उर्फ पांडव कुमार की गिरफ्तारी हुई। जिसको लेकर महिषी थाना कांड संख्या 255/25 दर्ज की गई। छापामारी टीम में महिषी अपर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार, सहायक अवर निरीक्षक वीरेंद्र कुमार और महिषी थाना सशस्त्र पुलिस बल मौजूद थे।

# 12 लाख 78 हजार रुपए के 142 किलो गांजा के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार





● एक कार जब्त, नकद 10 हजार 500 रुपए बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला पुलिस टीम ने दो बड़ी उपलब्धि हासिल की। जिसमें एक उपलब्धि जिले के सौर बाजार थाना और बैजनाथपुर थाना पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार की देर शाम की गई। जिसमें शक के आधार पर एक चार चक्का वाहन को रोका गया। जिससे 142 किलो 620 ग्राम गांजा बरामद किया गया। मौके से ही एक कारोबारी गिरफ्त में लिए गए। हालांकि कुछ कारोबारी फरार चल रहे हैं। वही गिरफ्तार कारोबारी की निशानदेही पर एक दूसरा कारोबारी भी गिरफ्तार किए गए थे। एसपी हिमांशु ने बताया कि उनके निर्देश पर जिले के सभी थाना अध्यक्ष नशे के कारोबारी पर सख्त नजर रखी जा रही है। ऐसे में शनिवार की देर शाम सौर बाजार थाना अध्यक्ष और बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि बैजनाथपुर से सौर बाजार की ओर एक उजले रंग की कार तेजी से जा रही है। जिस पर अवैध सामान लदा हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि सूचना के बाद सौर बाजार थाना मुख्य द्वार के निकट बैरिकेटिंग कर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कार संख्या - बीआर 09 एआर 0544 उक्त सड़क से गुजरी। जिन्हें शक के आधार पर रोका गया। फिर कार में सवार एक युवक को रोका गया। फिर उनकी कार की तलाशी लिए जाने पर कार की डिक्की में सात बोरे में बंद कुल 142 किलो 620 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं गिरफ्तार कारोबारी के निशानदेही पर उनके एक अन्य साथी कारोबारी भी गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार कारोबारी बेगूसराय जिले के शाहपुर कमाल थाना क्षेत्र के ज्ञान टोला, वार्ड नंबर - 11 निवासी कौशल प्रसाद यादव के पुत्र रणवीर कुमार की गिरफ्तारी हुई। जिसको लेकर सौर बाजार थाना कांड संख्या - 259/25 दर्ज की गई थी। गिरफ्तार कारोबारी की निशानदेही पर उनके एक अन्य साथी मधुबनी जिले के लोकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरीबन गांव निवासी विजय कुमार शाह के पुत्र उदय कुमार शाह की गिरफ्तारी हुई थी। साथ ही उक्त मामले में फरार चल रहे कुछ अन्य कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए भी छापामारी की जा रही है। छापामारी टीम में सौर बाजार थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान, बैजनाथपुर थाना अध्यक्ष चंद्रजीत प्रभाकर, सौर बाजार सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार, चालक सिपाही 44 विशाल कुमार, चौकीदार 6/4 संतोष कुमार सुमन के अलावे सौर बाजार पुलिस बल शामिल थे।

# भारतीय जनता पार्टी का खाड़ा में बीएलए-2 की बैठक संपन्न



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) भारतीय जनता पार्टी का उदाकिशुनगंज दक्षिणी मंडल के खाड़ा शक्ति केंद्र में शक्ति केंद्र प्रमुख ललित नारायण ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यसमिति सदस्य चंदन कुमार झा, उदाकिशुनगंज दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, मंडल महामंत्री रमण कुमार झा मौजूद रहे। इस अवसर पर बूथ लेवल पर बूथ अध्यक्ष व बीएलए-2 के कार्य पर विस्तृत चर्चा हुई। नए वोटर लिस्ट में खाड़ा में 10 बूथ पर चर्चा हुई। जिला कार्यसमिति सदस्य चंदन कुमार झा व मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने खाड़ा में नए दो बूथ बनाने पर भी चर्चा हुई। उसमें जुड़े लोग को देखने व उससे छुटे मतदाता को आवेदन दिलवाकर नाम जुड़वाने पर भी गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर ललित नारायण ठाकुर, ज्योतिष झा, प्रमोद पासवान, प्रेम कुमार वर्मा, नीरज कुमार झा, रंजित कुमार ठाकुर, मिठ्ठन ऋषिदेव, आदित्य ठाकुर, राजीव कुमार सिंह, प्रकाश झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर का संजय सिंह ने किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा श्रावण मास की चौथी एवं अंतिम सोमवारी के अवसर पर सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा अंतर्गत बलथी चौक से सरडीहा जाने वाले मुख्य मार्ग पर कांवरियों की सेवा हेतु विशेष कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व एलजेपी (रामविलास) के प्रचार-प्रसार प्रमुख एवं सिमरी बख्तियारपुर के पूर्व प्रत्याशी श्री संजय सिंह ने किया। बाबा धाम जलाभिषेक के लिए जा रहे श्रद्धालुओं एवं भक्तों की सेवा के उद्देश्य से लगे इस शिविर में ताजे फल, जूस, शरबत, पानी के साथ-साथ दर्द निवारक स्प्रे, ठंडा तेल, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा सहित कई आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। श्रद्धालुओं को केला, सेब, एवं पेय पदार्थ वितरित किए गए, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान राहत मिल सके। श्री संजय सिंह ने कहा कि बाबा भोलेनाथ के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है। यह सेवा शिविर श्रद्धा, सहयोग और सामाजिक समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर सिमरी बख्तियारपुर के प्रखंड अध्यक्ष श्री श्याम पासवान, सलखुआ प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव, आईटी सेल सिमरी बख्तियारपुर अध्यक्ष आदर्श पासवान, आईटी सेल जिला अध्यक्ष गगन पासवान, मनीष पासवान, राजवीर सिंह, त्रिपुरारी सिंह, मुकेश सिंह, मनोज सिंह, ललन सिंह, महेंद्र सिंह, सरडीहा के मुखिया श्री सुमन सिंह, गुंजन सिंह, ललित सिंह, केशव सिंह, रोशन सिंह, सुधीर सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय योगदान दिया। सेवा शिविर में स्थानीय युवाओं की भागीदारी और सहयोग से वातावरण पूरी तरह शिवमय और भक्तिमय बना रहा।

# सूरत से अपहरित विकास पासवान को जमुई के पूर्व आईपीएस अधिकारी ने खोज निकाला



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई बिहार के जीनियस और टॉप आईपीएस जयंत कांत पासवान के अथक प्रयास से एक सप्ताह से गायब लड़का को बरामद कर लिया गया। अपहरित विकास पासवान सूरत गुजरात कमाने गया था। गरीबी के कारण सूरत मजदूरी करने गया था।

एक सप्ताह पहले इसका अपहरण सूरत में हो गया था। 40000 घर भेजने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र गया था। लेकिन इसकी जानकारी गोपाल पासवान लड़के के पिताजी ने फोन कर के एससी एसटी के सदस्य सह शिक्षक सुभाष पासवान को दी। जूझारू कर्मठ और ईमानदार जमुई विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुभाष पासवान ने पटना पहुंच कर जमुई के पूर्व एसपी जयंत कांत से मिले। पूर्व एसपी जयंत कांत ने काफी प्रयास किए। इन्होंने कहा अपराधी बिल में भी रखा होगा तो खोज के निकलवा देंगे। धन्य है ऐसे पुरुष आईपीएस बिहार के ताज , शान , और नाज जयंत कांत।आज अपहरित विकास पासवान अपने परिवार के साथ मिलकर जीवन यापन कर रहे हैं।

# पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह ने किया जलाभिषेक, मंदिर उपेक्षा पर सरकार को घेरा

**कहा- हमारी सरकार बनी तो होगा अंकुरी नाथ महादेव मंदिर का व्यापक विकास**

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर जलसीमा स्थित ऐतिहासिक अंकुरी नाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़ के बीच राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने शिवभक्तों के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व मंत्री ने मीडिया से बातचीत में मंदिर को लेकर सरकार की उपेक्षा पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अंकुरी नाथ महादेव धाम हमारे प्रखंड का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। लेकिन सरकार ने इस स्थल के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। यह मन्दिर क्षेत्र के शिवभक्तों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। यदि हमारी सरकार बनती है। तो इस मंदिर भव्य विकास कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सावन का महीना शिवभक्तों के लिए अत्यंत पावन होता है। भगवान भोलेनाथ जगत के पालनहार हैं और सावन में उनकी कृपा भक्तों पर विशेष रूप से बरसती है। मौजूद श्रद्धालुओं ने पूर्व मंत्री का मंदिर के प्रति उनके संकल्प को सराहा। इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को संभाले रखा। वहीं मंदिर समिति और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को दर्शन व जलाभिषेक में सहयोग किया।

# किराना सामान लेने सहरसा आ रहे पिकअप चालक को बाइक सवार ने मारी गोली

● लूटा 12 लाख नकद रुपए, चालक के बांह पर लगी गोली

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा/मधेपुरा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र में रविवार के अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने थाना क्षेत्र के पस्तपार-कहरा मुख्य सड़क स्थित धबौली गांव के निकट पीकअप चालक को गोली मार जख्मी कर दिया। जिसके बाद उनसे नगदी लूटकर भागने में सफल रहे। गोली लगने से जख्मी पिकअप चालक प्रदीप कुमार उर्फ दीपक मेहता के दाए बांह में गोली लगी थी। जिनका उपचार मधेपुरा स्थित मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जहां वे खतरे से बाहर बताया गया। मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव निवासी पिकअप चालक दीपक कुमार ने बताया कि वे मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र के बिहारीगंज निवासी व्यापारी राम गोपाल भगत के पुत्र विशाल भगत उर्फ कैमी का किराना समान लेने बेलेरो पिकअप संख्या - बीआर 11 जीडी 1982 से एक मजदूर मिथिलेश यादव के साथ सहरसा जा रहे थे। जैसे ही वे लोग धबौली गांव के निकट पहुंचे तभी बाइक सवार बदमाशों ने पिछे से ओवरटेक कर उनकी गाड़ी को रोका। फिर अचानक चालक उनके ऊपर गोली चलाया। जिससे वे जख्मी हो गए। फिर उनसे नकद रुपए और मजदूर मिथिलेश का मोबाइल लूटते हुए फरार हो गए। उनका मोबाइल गाड़ी में गिर जाने से बच गया था। उन्होंने आगे बताया कि बदमाश बाइक से घटना को अंजाम दिया था। लेकिन घटना में शामिल बदमाशों के गिरोह में एक अल्टो कार भी थी। फिर घटना की जानकारी पतरघट पुलिस को दिया गया। चालक द्वारा घटना की सूचना व्यापारी विशाल भगत को भी दिया गया। घटना की सूचना पर एसडीपीओ आलोक कुमार, पतरघट थाना अध्यक्ष रौशन कुमार, पस्तपार थाना अध्यक्ष अरमोद कुमार एवं डीआईयू से जयशंकर प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज देख रही थी। व्यापारी विशाल भगत से पुलिस पदाधिकारी ने लूट की राशि का जानकारी लिया। तथा घटना में संलिप्त बदमाशों का पता कर छापेमारी में निकला। लोगों के बीच नगदी 9 लाख लूट होने की जानकारी व्यापारी द्वारा दिया गया था। हालांकि उक्त राशि की पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं की गई थी। साथ ही खबर प्रेषण तक व्यापारी द्वारा कोई शिकायत थाना को नहीं दिया गया था। जिसकी सूचना पर एसपी हिंमाशु ने घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। घटना का उद्भेदन में जुटे पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया था। पुलिस द्वारा संभावित जगहों पर छापामारी की जा रही है। सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि जानकारी मिली थी। एसपी हिमांशु ने खुद घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उनके निर्देश पर एसआईटी टीम गठित हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का उद्भेदन किया जाएगा।

# स्ट्रीट डांस एकेडमी द्वारा कोसी डांस फेस्टिवल सीजन 2 का भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा स्ट्रीट डांस एकेडमी द्वारा स्थानीय प्रेक्षागृह में कोसी डांस फेस्टिवल सीजन 2 का आयोजन किया गया। कोशी डांस फेस्टिवल के ऑर्गनाइजर नवीन सिंह राजपूत द्वारा किया गया। जिसमें पूरे बिहार से बच्चे ने अपना प्रतिभा बिखेरा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डांस दीवाने सीजन 2 के विनर विशाल सोनकर , बंगाल डांस स्पोर्ट्स यूनिट के प्रेसिडेंट प्रकाश सिन्हा, बिहार डांस स्पोर्ट्स यूनिट के प्रेसिडेंट सूरज वर्मा, सहरसा सदर विधायक डॉ अलोक रंजन, कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा लाजवंती झा, डॉ गौतम झा, डॉ श्रवन कुमार, डॉ रजनीश रंजन, रजनी खां द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया। पूरे बिहार से बच्चे ने अलग अलग झांकी प्रस्तुति की स्ट्रीट डांस एकेडमी के सारे बच्चे ने अपना प्रतिभा दिखाई, और इस कार्यक्रम की देख रेख रोहिणी सिंह कर रही थी। इस मौके पर पूर्व कला संस्कृति मंत्री सह विधायक आलोक रंजन नें कहा कि स्थानीय बच्चों में काफी प्रतिभा है। इस तरह के आयोजन सें बच्चों के अंदर छिपी हुनर को जागृत किया जा रहा है। वही कला के क्षेत्र में कोशी प्रमंडल के बच्चे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे है। आयोजक नवीन सिंह राजपूत नें कहा कि इस प्रतियोगिता में बिहार बंगाल उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश एवं दिल्ली के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। साथ ही स्थानीय स्तर पर डांस स्ट्रीट, बचपन स्कूल बटराहा, कीडजी सहित अन्य स्कूल के नन्हे मुन्हे बच्चों नें शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के शानदार प्रदर्शन के लिए माता पिता अभिभावक एवं कोच ने सराहनीय योगदान दिया।

# दो पंजाबी हथियार तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । मुंगेर जिले में अंतर राज्य तस्कर गिरोह आने लगे हैं ।अवैध हथियार की बिक्री के लिए प्रसिद्ध मुंगेर जिला में अब पंजाब से भी हथियार तस्कर हथियार खरीदने पहुंच रहा है। मुंगेर कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार खरीद बिक्री के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पंजाब के गुरदासपुर जिला से अवैध खरीदने आए दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात सितारिया पेट्रोल पंप स्थित एक होटल से छापामारी कर आर्म्स के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में पंजाब प्रांत के गुरु दासपुर जिला अंतर्गत शिकवा थाना क्षेत्र के खान प्यारा गांव निवासी प्रगटसिंह और शिकवा थाना क्षेत्र के मंडी कराल गांव निवासी मनजोत सिंह है। होटल के कमरा नंबर 103 में छापेमारी कर कमरा अंदर से बंद था जिसे खुलवाया गया जहां दो युवक मिले। कमरा की तलाशी के दौरान आर्म्स मिला। दोनों युवक ने पूछताछ में बताया कि मोहम्मद आलम से उसने 64 हजार में दो पिस्टल और 14 हजार रुपए में 14 गोली खरीदी है। पुलिस को तलाशी के दौरान इन दोनों युवकों के पास से दो पिस्टल 14 जिंदा कारतूस चार मैगजीन एक ड्राइविंग लाइसेंस और दो मोबाइल तथा आठ एटीएम कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों पंजाबी युवकों की निशान देही पर रात में ही पुलिस ने आर्म्स विक्रेता नया रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवौ गाड़ी मस्जिद मोड निवासी मोहम्मद आलम को उसके घर से गिरफ्तार किया है। मोहम्मद आलम ने हथियार बिक्री में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है कोतवाली थाना अध्यक्ष राजीव तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों हथियार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है।

सम्पादकीय

# मेघालय का अनोखा गांव कोंगथोंग - यहां नाम नहीं, धुन होती है पहचान

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत विविधताओं और सांस्कृतिक विरासतों का देश है। यहां हर क्षेत्र, हर गांव की अपनी एक अलग और दिलचस्प कहानी होती है। जहां एक ओर तकनीकी विकास की ओर बढ़ते शहर हैं, वहीं दूसरी ओर आज भी कई ऐसे गांव हैं जो अपनी विशिष्ट परंपराओं के कारण अनोखा है। ऐसा ही एक गांव है मेघालय का कोंगथोंग जिसे सीटी गांव कहा जाता है। इस गांव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां लोग एक-दूसरे को नाम से नहीं, बल्कि सीटी बजाकर बुलाते हैं। कोंगथोंग गांव भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिला में स्थित है। यह गांव शिलॉग से लगभग 55 किलोमीटर की दूरी पर है। चारों ओर हरियाली, बादलों से ढके पहाड़, और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस गांव की आबादी लगभग 600 लोगों की है। लेकिन इस छोटे से गांव जो वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध है, वह है जिंगराई सिएवबाई या संगीतमय पहचान। यह परंपरा हजारों सालों से गांव में जीवित है। यहां हर व्यक्ति के नाम के साथ एक अलग संगीतात्मक धुन (३४ल्ली) जुड़ी होती है, जो उस व्यक्ति की पहचान बनती है। इसे स्थानीय खासी भाषा में जिंगराई लाबाई कहते हैं, जिसका शाब्दिक अर्थ है प्रेमपूर्वक बुलाने की धुन। कोंगथोंग गांव में इस अद्भुत परंपरा की शुरूआत कब और कैसे हुई, इसके कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं हैं। किंतु गांव के बुजुर्गों का मानना है कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है, और इसका संबंध प्रकृति से गहरे जुड़ाव से है। स्थानीय लोककथाओं के अनुसार, पहाड़ी और जंगलों से घिरे इस गांव में पहले आवाजों का दूर तक पहुंचना मुश्किल होता था। ऐसे में लोग एक-दूसरे को पुकारने के लिए सीटी जैसी धुनों का प्रयोग करने लगे। धीरे-धीरे यह संस्कृति में ढल गई और अब यह कोंगथोंग की पहचान बन चुकी है। कोंगथोंग में जब किसी बच्चे का जन्म होता है, तो उसकी मां उसे एक विशेष लोरी देती है, जिसमें वह खुद एक अनूठी धुन बनाती है। यह धुन ही बच्चे की पहचान बनती है। यह लोरी आमतौर पर प्राकृतिक ध्वनियों, पक्षियों की आवाजों और पेड़-पौधों से प्रेरित होती है। इसे गुनगुनाना मां और बच्चे के बीच भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक होता है। यही लोरी बाद में उस बच्चे का नाम बन जाती है, यानि जब कोई उसे पुकारना चाहता है, तो वह उसका नाम नहीं, बल्कि उसकी सीटी बजाकर बुलाता है। कोंगथोंग गांव में हर व्यक्ति के दो नाम होते हैं। जिंगराई लाबाई यह वह मीठी, मधुर लोरी होती है जिसे मां अपने बच्चे के लिए बनाती है। यह सिर्फ प्यार और घर के सदस्यों के लिए होती है। दूसरा जिंगराई ओईक- यह थोड़ी छोटी और व्यावहारिक धुन होती है, जिसे सार्वजनिक रूप से प्रयोग किया जाता है। जैसे कोई किसी को जंगल में बुला रहा हो या दूर से संदेश देना हो। इन दोनों धुनों को आम तौर पर केवल गांव के लोग ही समझ सकते हैं। बाहरी लोग इन्हें संगीत का टुकड़ा या मनोरंजन समझ सकते हैं, लेकिन गांव वालों के लिए यह पहचान और भावनाओं का स्रोत है। कोंगथोंग केवल अपनी परंपरा के कारण नहीं, बल्कि अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां के निवासी ज्यादातर खेती-किसानी पर निर्भर हैं। गांव के चारों ओर हरियाली से ढकी पहाड़ियां, छोटे झरने और पक्षियों की चहचहाहट इस स्थान को और भी मनमोहक बनाते हैं। यहां के लोग आज भी आदिवासी खासी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। वे बांस, लकड़ी और मिट्टी से बने घरों में रहते हैं। गांव में बहुत ही सरल जीवनशैली है न इंटरनेट, न मोबाइल की लत, न कोई शहरी भागदौड़। कोंगथोंग गांव में एक धारणा है कि नाम लेकर पुकारना आत्माओं और भूत-प्रेतों को आकर्षित कर सकता है। इसलिए लोग एक-दूसरे को ध्वनि या सीटी से पुकारते हैं ताकि नकारात्मक शक्तियां उस नाम को पहचान न सकें। यह विश्वास गांव की रक्षा प्रणाली का हिस्सा बन गया है। आज जब भारत और पूरी दुनिया में आधुनिकता की बयार बह रही है, ऐसे में कोंगथोंग जैसे गांव में इस परंपरा का जीवित रहना बहुत बड़ी बात है। हालांकि, अब कुछ हद तक मोबाइल और सोशल मीडिया की पैठ यहां भी हुई है। युवा वर्ग पढ़ाई के लिए शिलॉग या गुवाहाटी जाता है, लेकिन वे अपनी जड़ों से जुड़ाव नहीं भूलते। सरकार और कुछ गैर सरकारी संस्थाएं अब इस परंपरा को युनेस्को की विश्व सांस्कृतिक धरोहर में शामिल कराने के लिए प्रयासरत हैं। कोंगथोंग अब धीरे-धीरे एक वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। यहां आने वाले पर्यटक स्थानीय लोगों की सीटी संस्कृति को समझते हैं। लोकल फूड का स्वाद लेते हैं। बांस और बुनाई की कारीगरी देखते हैं और सबसे खास है प्रकृति के साथ शांत समय बिताते हैं। कोंगथोंग गांव को 2021 में भारत सरकार के बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता में पुरस्कार मिला था। इसके बाद से यह राष्ट्रीय मीडिया और विदेशों में भी चर्चित हुआ। कई डॉक्युमेंट्री, यूट्यूब चैनल और ट्रैवल ब्लॉगर यहां आ चुके हैं। ने भी कोंगथोंग को की सूची में शामिल किया है। कोंगथोंग गांव यह दशार्ता है कि परंपरा और संस्कृति केवल इतिहास की बातें नहीं होती है, वे जीवित अनुभव होती हैं।

# गजा में पल-पल मरता भूख के रूप में इंसानियत

अंकित श्रीवास्तव



आज मैं एक ऐसे देश की बात कर रहा हूँ, जहाँ वर्तमान स्थिति अत्यंत भयावह बनी हुई है। जहाँ हर पल इंसानियत सिसक-सिसक कर मर रही है और दुनिया के तमाम देश तमाशबीन बनकर देख रहे हैं। जहाँ लोग जीवन की जद्दोजहद में अपनी जान गंवा रहे हैं। बच्चे, बूढ़े और महिलाएँ कंकाल बन चुके हैं। छोटे-छोटे बच्चे कुपोषण और बीमारियों के शिकार हो रहे हैं और हर घंटे अपनी जान गंवा रहे हैं। जी हाँ, मैं बात फिलिस्तीन की कर रहा हूँ, जो आज इसराइल की क्रूरता का शिकार बना हुआ है। जहाँ खाने की सामग्री की तलाश में भागते हुए लोगों पर टैंकों से गोलियाँ बरसाई जाती हैं। सवाल यह है कि क्या वे छह महीने के मासूम बच्चे, जो बोल भी नहीं सकते, क्या वे भी दोषी हैं? क्या वे बूढ़े, जो केवल मृत्यु की प्रतीक्षा कर रहे हैं और जिनकी कमजोर हड्डियाँ शरीर का भार तक नहीं उठा पा रहीं, वे भी युद्ध में शामिल हैं? वे महिलाएँ, जिनके स्तनों का दूध सूख चुका है और जो अपने नवजात शिशुओं को माँ के दूध के बदले चने का पेस्ट खिला रही हैं – क्या वे भी लड़ाकू हैं? फिलिस्तीन आज अमानवीयता की परिभाषा बन चुका है। वहाँ हर तीन घंटे में एक बच्चे की मौत हो रही है। अब तक साठ हजार लोग भूख से मर चुके हैं। दवाइयाँ और ईंधन समाप्त हो चुके हैं। वहाँ मानवता का सबसे गहरा संकट उत्पन्न हो गया है और संयुक्त राष्ट्र भी चुप्पी साधे हुए है। हाल ही में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और फ्रांस जैसे देशों ने संयुक्त राष्ट्र से अपील की है कि फिलिस्तीन में आम नागरिक मारे जा रहे हैं, इसलिए प्रतिबंध हटाकर वहाँ भोजन, दवाइयाँ और जीवन की आवश्यक सामग्री पहुँचाने की अनुमति दी जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि फिलिस्तीन को ह्यअकाल क्षेत्रह्न घोषित किया जाए। लेकिन एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण (आई०पी०सी ) के मानकों पर फिलहाल फिलिस्तीन को अकाल घोषित नहीं किया गया है। इस संस्था के अनुसार किसी क्षेत्र को ह्यअकालह्न घोषित करने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिदिन कुपोषण से कम से कम छह बच्चों की मौत हो, पंद्रह प्रतिशत बच्चे कंकाल जैसे दिखें और छह माह से पाँच वर्ष तक के बच्चे गंभीर रूप से बीमार एवं कुपोषित हों। जबकि पूरी दुनिया यह मान चुकी है कि फिलिस्तीन इन सभी संकटों से गुजर रहा है, फिर भी घोषणा में देर क्यों हो रही है? आँकड़े कौन जुटाए जहाँ खाना भी नहीं पहुँच पा रहा? और प्रतिबंधों के बीच वहाँ जाए कौन? ऐसे में संयुक्त राष्ट्र को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, प्रतिबंध हटाकर फिलिस्तीन को अकाल घोषित करना चाहिए और सभी देशों को एकमत होकर वहाँ भोजन, दवाइयाँ और जीवन की आवश्यक सामग्री पहुँचाकर मानवता की रक्षा करनी चाहिए।

# ट्रंप का व्यवहार प्रधानमंत्री के लिए एक भू-राजनीतिक चुनौती

**दो संभावनाएं हैं-पहली, हमारे प्रधानमंत्री कार्यालय और ट्रम्प कार्यालय के स्तर पर गुप्त बातचीत के माध्यम से, अमेरिकी पक्ष की कु छ मांगों को पूरा करते हुए एक तरह का व्यापार समझौता हो जाए और प्रधानमंत्री खेमा इसे एक बड़ी जीत के रूप में पेश करे। अगर ऐसा संभव नहीं होता है और वार्ता विफल हो जाती है, तो प्रधानमंत्री के सामने एक बड़ा विकल्प होगा। वह 31 अगस्त और 1 सितंबर को चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेंगे। राष्ट्रपति शी जिनपिंग और राष्ट्रपति पुतिन भी इसमें शामिल होंगे। प्रधानमंत्री अपनी विदेश नीति को संतुलित कर सकते हैं और अमेरिका के प्रति अधिक स्वतंत्र रुख अपना सकते हैं दूसरे विकल्प के लिए, प्रधानमंत्री को क्वाड पर भारत के रुख पर तुरंत निर्णय लेना होगा। जिसके चार सदस्य अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान हैं।**







नित्य चक्रवर्ती
लेखक

भारत पर उच्च टैरिफ का फैसला उनके और नरेंद्र मोदी के निजी अहंकार का नतीजा था। अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार वार्ता में पूर्ण समर्पण चाहते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी कृषि उत्पाद क्षेत्र, खासकर दूध और डेयरी क्षेत्र में ऐसा नहीं कर सकते थे। यहां मोदी के राज्य हित सबसे ज्यादा जुड़े हुए हैं। डेयरी और दूध उद्योग गुजरात के विकास की कुंजी है और लाखों किसान भाजपा के समर्थक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए इस देश पर 11 साल तक निर्विवाद नेता के रूप में शासन करने के बाद परीक्षा की घड़ी आ गयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को घोषित और शुक्रवार, 1 अगस्त से प्रभावी, भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं है, बल्कि इसका संबंध इस विलक्षण राष्ट्रपति के अपने कभी अच्छे दोस्त रहे मोदी के प्रति नए दृष्टिकोण, उनके टैरिफ को भू-राजनीति के संचालक के रूप में इस्तेमाल किए जाने, और ट्रंप के इस सिद्धांत की स्थापना से है कि जो हमारे साथ नहीं हैं, वे हमारे खिलाफ हैं। नरेंद्र मोदी के लिए, 2014 से शुरू हुए उनके प्रधानमंत्रित्व काल में भारत-अमेरिका संबंधों की स्थिति इतनी निम्न स्तर पर कभी नहीं रही। ट्रंप ने भारत और अपने प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी का सबसे ज्यादा अपमान किया है, जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान और इस साल 20 जनवरी से शुरू हुए दूसरे कार्यकाल में भी ट्रंप को खुश करने के लिए हर संभव प्रयास किया। ट्रंप मोदी का अपमान करने पर अड़े रहे, जब प्रधानमंत्री ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान लोकसभा में बिना नाम लिए ट्रंप की घोषणा के सन्दर्भ में कहा कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम समझौते में किसी भी विदेशी नेता की कोई भूमिका नहीं थी। अगले दिन, ट्रंप ने फिर दोहराया कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह 30वीं बार था, जब उन्होंने यही बात दोहराई। भारत पर उच्च टैरिफ का फैसला उनके और नरेंद्र मोदी के निजी अहंकार का नतीजा था। अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार वार्ता में पूर्ण समर्पण चाहते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी कृषि उत्पाद क्षेत्र, खासकर दूध और डेयरी क्षेत्र में ऐसा नहीं कर सकते थे। यहां मोदी के राज्य हित सबसे ज्यादा जुड़े हुए हैं। डेयरी और दूध उद्योग गुजरात के विकास की कुंजी है और लाखों किसान भाजपा के समर्थक हैं। व्यापार वार्ता अभी भी धीमी चल रही है। अब भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि के बाद, अगर प्रधानमंत्री के कहने पर भारतीय अधिकारी अमेरिका के आदेश पर अपना रुख बदलते हैं, तो टैरिफ दर को 25 प्रतिशत से कम करने की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इसके अलावा, रूस से आयात पर भारत पर 100 प्रतिशत तक का जुमार्ना लगाने की ट्रंप की धमकी देश के भुगतान संतुलन के लिए एक वास्तविक खतरा बन गई है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में रूस से सस्ते कच्चे तेल के आयात ने भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचाई है जिससे सरकार को मुद्रास्फीति पर नियंत्रण पाने में मदद मिली है। अब देखना यह है कि क्या प्रधानमंत्री रूस से सस्ते कच्चे तेल के आयात को जारी रखने का साहस जुटा पाते हैं या आयात में विविधता लाने की प्रक्रिया शुरू करते हैं, हालांकि कीमतें ऊंची होंगी और अधिक विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी। रूसी तेल के इस संदर्भ में, ट्रंप ने यह कहकर अराजनयिक भाषा का प्रयोग किया है कि मृत रूसी और भारतीय, दोनों अर्थव्यवस्थाओं को डूबने दो। यह एक प्रकार के घृणा सिंड्रोम से उपजा है क्योंकि यह असत्य है। भारत एक मृत अर्थव्यवस्था नहीं है। अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन वितरणात्मक न्याय और बेरोजगारी की समस्याएं हैं। कुछ नीतियां त्रुटिपूर्ण हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है, लेकिन वैश्विक संदर्भ में, भारत अलग नज आता है। इस मृत अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर ट्रंप का समर्थन करके राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की बदनामी ही की है। अर्थशास्त्र के जानकार किसी वरिष्ठ व्यक्ति को विपक्ष के नेता का उचित मार्गदर्शन करना चाहिए। नरेंद्र मोदी निश्चित रूप से बैकफुट पर हैं, लेकिन अगर परिस्थितियां उन्हें ट्रम्प की अवज्ञा करने और उनसे लड़ने के लिए मजबूर करती हैं, तो विपक्ष को उनका समर्थन करना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण बात ध्यान देने योग्य है। ट्रम्प ने भारत को नाराज करने के लिए पाकिस्तान के साथ तेल अन्वेषण पर जल्दबाजी में एक समझौते का वायदा किया। पाकिस्तानी मीडिया में इसका कोई संकेत नहीं था।किसी को नहीं पता कि इतने बड़े भंडार कहाँ हैं और क्या वे वास्तव में अन्वेषण और विकास के लायक हैं। लेकिन ट्रंप ने यह कहकर मजाक उड़ाया कि शायद पाकिस्तान एक दिन भारत को तेल बेचेगा। सच कहूं तो, अमेरिका के साथ मौजूदा व्यापार वार्ता में भारत का ज्यादा दबदबा नहीं है। अमेरिका कृषि उत्पादों, खासकर डेयरी उत्पादों के मामले में भारतीय बाजार में अपनी पहुंच को लेकर बहुत अड़ा हुआ है। इसके ऐतिहासिक कारण हैं। अमेरिकी किसानों की कांग्रेस और व्हाइट हाउस में एक मजबूत लॉबी है। किसान संगठन के नेता सरकार का भाग्य तय करते हैं। यह लेखक दिसंबर 1999 में अमेरिका के सिएटल में विश्व व्यापार संगठन की मंत्रिस्तरीय बैठक में मौजूद था। उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन थे। बैठक बिना किसी घोषणा के ही रद्द हो गई क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच किसानों की सब्सिडी के मुद्दे पर बहस छिड़ गई और कोई भी पक्ष समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ। इसका अगले साल होने वाले चुनावों में डेमोक्रेट्स पर बड़ा असर पड़ा। दरअसल, 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में रिपब्लिकन जॉर्ज बुश जीत गए थे और डेमोक्रेटिक पार्टी हार गई थी। इसलिए ट्रम्प भी किसानों के बीच अपने समर्थन आधार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि उनके कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार तक व्यापक पहुंच मिल सके। नरेंद्र मोदी ने इस पर ध्यान दिया होगा, लेकिन अपनी पार्टी के आधार को बचाने में भी उनकी उतनी ही रुचि है। अब, उभरता परिदृश्य क्या है?

# स्कूल छोड़ती बेटियाँः संसाधनों की कमी या सामाजिक चूक?

**बेटियाँ क्यों छोड़ रही हैं स्कूल? सवाल सड़कों, शौचालयों और सोच का है 39% लड़कियाँ स्कूल से बाहरः किसकी जिम्मेदारी? बेटी पढ़ाओ का सचः किताबों से पहले रास्ते चाहिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है कि 15 से 18 वर्ष की उम्र की लगभग 39.4% लड़कियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी हैं। शिक्षा के इस मौन पलायन के पीछे स्कूलों की दूरी, परिवहन की अनुपलब्धता, शौचालयों की कमी और सुरक्षा को लेकर भय जैसे कारण हैं। यह स्थिति केवल एक व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की कमजोरी को भी दशार्ती है। यह लेख सवाल करता है कि क्या हम सच में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं या सिर्फ नारे गढ़कर आत्मतुष्टि पा रहे हैं?**





प्रियंका सौरभ
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह नारा उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4% लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा झ ये सारी बातें किसी शोधपत्र की विषयवस्तु नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत हैं जिनसे रोज हजारों बच्चियाँ जूझ रही हैं। और अंततः उन्हें शिक्षा से हाथ धोना पड़ता है। सरकारी आंकड़े भले ही बढ़े हुए नामांकन दिखाते हों, लेकिन हकीकत यह है कि नामांकन के बाद लड़कियाँ स्कूल तक टिक नहीं पातीं। एक आम ग्रामीण परिदृश्य को देखें। पाँचवीं तक की स्कूल तो आसपास है, लेकिन आठवीं के बाद विद्यालय दूर है। परिवहन की कोई सुविधा नहीं। न बस, न साइकिल, न ही कोई महिला सहकर्मी या मार्गदर्शक। माता-पिता अपनी बेटी को पाँच किलोमीटर दूर अकेले भेजने से डरते हैं। उन्हें चिंता होती है कि रास्ते में कोई छेड़छाड़ न हो, कोई हादसा न हो। उस चिंता में स्कूल जाना बंद हो जाता है। शौचालयों की बात करें तो यह सिर्फ सुविधा नहीं, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। किशोरावस्था में लड़कियाँ उन परिवर्तनों से गुजरती हैं, जहाँ एक स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय उनकी शिक्षा की निरंतरता तय कर सकता है। लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में या तो शौचालय हैं ही नहीं, या हैं तो गंदे, असुरक्षित, या क्षतिग्रस्त। माता-पिता के लिए यह एक और कारण बन जाता है अपनी बेटियों को स्कूल से हटाने का। सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। जिन स्कूलों में कोई महिला शिक्षक नहीं होतीं, कोई सीसीटीवी कैमरा या गार्ड नहीं होता, वहाँ किशोर लड़कियों को भेजना आज भी माता-पिता के लिए जोखिम उठाने जैसा है। यह डर केवल अव्यवस्था से नहीं, समाज की असंवेदनशीलता से भी उपजा है। आए दिन होने वाली घटनाएं, समाचारों में आती छेड़छाड़ की खबरें इस भय को और गहरा करती हैं। इन सबके अलावा शिक्षा को लेकर समाज की प्राथमिकताएँ भी स्पष्ट नहीं हैं। एक लड़का पढ़े तो परिवार का भविष्य बनता है, लेकिन लड़की पढ़े तो ह्यशादी की उम्र निकलने का डरह्न पैदा होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह मानसिकता अब भी गहराई से मौजूद है। लड़कियों की शिक्षा को लाभ से ज्यादा खर्च माना जाता है। अब यदि इन परिस्थितियों में एक बेटी स्कूल छोड़ दे, तो क्या इसमें उसकी गलती है? या यह एक सामूहिक चूक है-व्यवस्था की, समाज की, और हमारी? इस स्थिति का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से होगा। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हर गाँव से तीन किलोमीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो। यह बुनियादी शैक्षिक ढांचा हर बच्चे का अधिकार है। परिवहन की सुविधा उतनी ही जरूरी है जितनी शिक्षक की उपस्थिति। यदि बच्चियाँ स्कूल नहीं पहुँच पाएंगी तो पढ़ेंगी कैसे? सरकार को स्कूल वैन, छात्रा साइकिल योजना या सार्वजनिक परिवहन में स्कूल पास जैसे विकल्प सुनिश्चित करने होंगे। हर स्कूल में स्वच्छ और उपयोगी शौचालयों की अनिवार्यता केवल ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्न का हिस्सा नहीं, बल्कि ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न के सच्चे मर्म का आधार होना चाहिए। महिला कर्मचारियों की नियुक्ति, नियमित निरीक्षण और साफ-सफाई के लिए स्थानीय प्रशासन को उत्तरदायी बनाया जाए। सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में महिला शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और स्कूल परिसर में अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। यह कदम न केवल बेटियों को सुरक्षा का भरोसा देगा, बल्कि अभिभावकों को मानसिक शांति भी। इसके साथ ही स्कूलों के भवन और अधोसंरचना को केवल औपचारिकता के लिए नहीं, गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान-ये सब स्कूल के मानक हिस्से होने चाहिए। एक और महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल शिक्षा है। महामारी ने दिखा दिया कि जिनके पास मोबाइल, इंटरनेट और बिजली नहीं, वे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और उपकरण की उपलब्धता अब विलासिता नहीं, अनिवार्यता है। शिक्षा विभाग को उन लड़कियों की नियमित सूची बनानी चाहिए जो स्कूल छोड़ चुकी हैं। उनके घर जाकर कारण जानना, उन्हें वापस लाने के लिए प्रेरित करना, और माता-पिता को विश्वास में लेना प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही समाज को भी आत्मावलोकन करना होगा। हम अपनी बेटियों को क्यों पढ़ाना चाहते हैं-नौकरी के लिए, शादी के लिए या आत्मनिर्भरता के लिए? जब तक समाज का जवाब अस्पष्ट रहेगा, तब तक समाधान भी अधूरा रहेगा। प्रशासन, समाज और परिवार को मिलकर यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई भी बच्ची शिक्षा से वंचित न हो। इसका अर्थ है केवल विद्यालय खुलवाना नहीं, बल्कि उसमें बेटी के जाने और टिके रहने की पूरी ज़िम्मेदारी लेना। ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्न अगर केवल बैनर की पंक्ति नहीं रहना है तो इसे पंचायतों, स्कूल समितियों, शिक्षक संगठनों, अभिभावकों और छात्रों के साझा प्रयास में बदलना होगा। तभी एक ऐसा समाज बनेगा, जहाँ कोई भी बेटी पढ़ाई से वंचित नहीं होगी।

# भारतीय हथकरघा के लिए नवाचार और स्थायित्व के साथ भविष्य बुनना

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऐसा करके, वे भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं। टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है। ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत, रि-साईकिलिंग और अप-साईकिलिंग, तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है। ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फे में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दशार्ती है। भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है। इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुँच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ह्यवोकल फॉर लोकलह्न और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है। ह्यकौशल भारतह्न और ह्यडिजिटल भारतह्न जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है। वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष, पारंपरिक और समकालीन ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है। यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है। हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है। इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाजारों के लिए नए डिजाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिजाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के जरिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और माँग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है। वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22% हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19% अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59% ऐसे बुनकर बचते हैं जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है। आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रावणी मेले को सुसंपन्न कराने में एसएसबी और पुलिस प्रशासन का रहा विशेष योगदानः समाजसेवी

बगहा।श्रावणी मेले में लगने वाले शवभक्त श्रद्धालुओं की भीड़ और त्रिवेणी संगम मेंडुबकी लगाकर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए जलबोझी कर पस्थान करने में बिना किसी अफरातफरी के संपन्न कराने के पीछे भूमिका निभाने के लिए एसएसबी और पुलिस प्रशासन के जवानों की मुस्तेदी और कर्तव्यपरायणता से संभव हो सका है।समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने एसएसबी और पुलिस प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह से श्रावणी श्रद्धालुओं की भीड़ जन सैलाब की तरह वाल्मीकिनगर में उमड़ा उस परिस्थिति में विधि व्यवस्था बखूबी कायम रहा कहीं से भी किसी अफरातफरी की खबर नहीं आई इसके लिए तो ये जवान बधाई के पात्र है।

### भारी वर्षा में भी पहुंचे हजारों शिवभक्त

लहलादपुर।भारी वर्षा के बाबजूद सावन के अंतिम सोमवार को बाबा श्रीढोंढ़नाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने हजारों की संख्या में शिवभक्त वर्षा में भींगते हुए पहुंचे. ज्यों-ज्यों दिन चढ़ते गया, त्यों-त्यों शिवभक्तों की भीड़ काफी अत्यधिक बढ़ते गयी. हालांकी बहुत सारे शिवभक्त रविवार की रात्रि से ही गंगाजल लेकर सुबह होने का इंतजार कर रहे थे और अहले सुबह से ही उन्होंने बोल बम, जय शिव- जय शिव तथा हर-हर महादेव के नारों के साथ जलाभिषेक किया. सावन के अंतिम सोमवारी रहने के कारण मंदिर में शिवभक्तों की भीड़ काफी थी, जिसमें उत्तर प्रदेश, बंगाल, नेपाल के अलावे बिहार के काफी दूर-दूर जगहों से कावंरिया पहुंचे थे. मंदिर के पुरब शिवभक्तों के लिये निःशुल्क नास्ता एवं भोजन की व्यवस्था श्रीढोंढ़नाथ कावंरिया सेवा संघ ने कर रखा था. प्रशासन भी काफी मुस्तैद दिखा. थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार तथा एएसआई दिलीप चौधरी ने मंदिर के अंदर कमान संभाल रखा था, जबकि गंगादयाल ओझा एवं पप्पु झा के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी अपने दल-बल के साथ मंदिर प्रांगण एवं परिसर में गस्ती करते नजर आये. समाचार प्रेषण तक शिवभक्तों को मंदिर पहुँचने का सिलसिला जारी था.

### वर्षों से फरार चल रहे तीन कोर्ट वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

परसा।स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग गाँवो में छापेमारी करते हुए वर्षों से फरार चल रहे तीन कोर्ट वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस ने तीनों कोर्ट वारंटियों पर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए सोमवार के भेजा छपरा व्यवहार न्यायालय. गिरफ्तार कोर्ट वारंटियों में बनौता पकहिया टोला गाव निवासी लालबाबूसिह का पुत्र धीरज कुमार, राजेश्वर सिह का पुत्र उत्तम कुमार व दिघरा गाव निवासी केदार शर्मा का पुत्र अरविंद शर्मा बताया जाता है

### सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराने वाले युवकों पर प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

छपरा ।ग्रामीण सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र के सरेया वसंत गांव के कुछ युवकों द्वारा अवैध हथियार के साथ फोटो और वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर फैलाने का मामला प्रकाश में आया है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जैसे ही पुलिस खबर मिली कि आँखो की नींद खुली।जिसके बाद पुलिस ने उक्त वीडियो, फोटो के सत्यापन उपरांत वीडियो में दिख रहे युवकों में से दो युवक की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।जिसमें थाना क्षेत्र के सरैया बसंत गांव निवासी संतोष सिंह का पुत्र सन्नी कुमार एवं शिवदयाल मांझी का पुत्र विरेन्द्र मांझी के रूप में की गयी। प्राथमिकी दर्ज करते ही तरैया थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सन्नी कुमार के घर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पूछताछ के दौरान गिरफ्तार सन्नी कुमार के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी, जिसकी जाँच ब्रेथ एनेलाइजर मशीन द्वारा करायी गयी, जिसमें सन्नी कुमार के द्वारा शराब सेवन करने की पुष्टि की गयी।

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की साप्ताहिक ड्यूटी अब होगी सार्वजनिक, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की रोस्टर वाइज उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित कराया जाय। प्रत्येक अस्पताल साप्ताहिक रोस्टर तैयार कर उसे गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराएं। साथ ही जिला स्तरीय टीम द्वारा नियमित रूप से उपस्थिति का सत्यापन भी कराया जाएगा ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि डॉक्टरों की साप्ताहिक ड्यूटी लिस्ट को अस्पताल परिसर में सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाए। इससे मरीजों को यह जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी कि किस दिन कौन से डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। जिलाधिकारी आज सोमवारीय बैठक के दौरान सिविल सर्जन, पश्चिम चम्पारण को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आशा चयन को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। आशाओं का चयन विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए करना सुनिश्चित करें। इस हेतु सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, निदेशक, डीआरडीए समन्वय स्थापित कर पूर्ण पारदर्शी तरीके से कार्य करें। सोमवारीय बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि अगले सप्ताह माननीय मुख्यमंत्री बिहार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से संवाद को लेकर लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग किया जाना है। माननीय मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सीधे विद्युत उपभोक्ताओं से जुड़ेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त कार्यक्रम बेहद जरूरी। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाय।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विधान सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराएं। इस हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर ससमय मतदाताओं के लिए सुविधाओं को विकसित करें। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त लंबित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर निष्पादित कराएं।साथ ही ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों के गैप को दूर करें।

बैठक में अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र द्वारा बताया गया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राज्यव्यापी विशेष राजस्व महा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भूमि अभिलेखों में पाई जाने वाली गलतियों को दुरुस्त करना, छूटी जमाबंदियों को जोड़ना, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त संपत्ति बंटवारे का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। इसके तहत घर-घर जाकर जमाबंदी दस्तावेज और आवेदन प्रपत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ऑन-स्पॉट आवेदन और समस्या समाधान की व्यवस्था रहेगी। उक्त महाभियान को लेकर राजस्व कार्य से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों की ट्रेनिंग स्थानीय ऑडिटोरियम में की जानी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस हेतु प्रशिक्षण देने की बेहतर व्यवस्था करें। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि चनपटिया स्टार्टअप जोन में उद्यमी बेहतर कार्य कर रहे हैं। वे कपड़ा से लेकर कई सामग्री बना रहे हैं। जीविका सहित अन्य विभाग स्टार्टअप जोन से लिंकेज कर यूनिफॉर्म सहित अन्य सामग्रियों का क्रय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी कार्यक्रम आदि में जो सामान आप बाहर से क्रय कर रहे हैं, प्रयास कीजिए कि वह सामान आप स्टार्टअप जोन से ही लें। इससे स्टार्टअप जोन को बल मिलेगा। सोमवारीय बैठक में मनरेगा, सोलर स्ट्रीट लाइट, आपूर्ति, कोषागार, भविष्य निधि, विधि, गन्ना उद्योग, मद्य निषेध, श्रम, पशुपालन, ग्रामीण कार्य विभाग, एलडीएम, जिला लोक शिकायत निवारण, परिवहन सहित अन्य विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# जमीन के कागजात में करें सुधार, राजस्व विभाग पहुंचा आपके द्वारा

## 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राजस्व महा अभियान चलाया जाएगा

- इस अभियान में रैयतों के जमाबंदी में त्रुटि के निराकरण के साथ-साथ अन्य जमाबंदी संबंधी कार्य भी संपादित किए जाएंगे
- महा अभियान के प्रभावी आयोजन को लेकर राजस्व कार्य से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा रैयतों के जमीन अभिलेखों की अशुद्धियों को दूर करने के लिए 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राजस्व महा अभियान चलाया जा रहा है।

इसी संदर्भ में आज सारण समाहरणालय छपरा में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सारण, अपर समाहर्ता सारण, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सारण, भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर, सोनपुर, मढ़ौरा, सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा रैयतों के जमीन अभिलेखों की अशुद्धियों को दूर करने करने हेतु महा अभियान चलाया जा रहा है।इस महा अभियान में सभी रैयतों की जमाबंदी में सुधार कर उन्हें अपलोड किया जाएगा। इसमें छूटे हुए जमीन की जमाबंदी होगी, ऑनलाइन जमाबंदी की अशुद्धियों में सुधार किया जाएगा, पूर्वजों के नाम पर पुराने जमाबंदी को नये रैयतों के नाम पर नामांतरण जमाबंदी का कार्य संपन्न कराया जाएगा। साथ ही मौखिक बटवारा वाले रैयतों के नाम पर भी जमाबंदी ऑनलाइन की जाएगी।

महा अभियान से पूर्व तैयारी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हलके के पंचायत सरकार भवन या अन्य सरकारी भवन में विशेष शिविर का आयोजन होगा। इसके सफल संचालन हेतु माइक्रो प्लान तैयार कर विभागीय निर्देश के आलोक में प्रथम चरण में रैयतों के घर जाकर जमाबंदी की प्रिंट आउट एवं आवेदन पत्र का वितरण किया जाएगा।

दूसरे चरण में शिविर लगाकर रैयतों से प्राप्त आवेदन को अपलोड कर उनके जमाबंदी में सुधार किया जाएगा। बताया गया कि 21 सितंबर से 30 अक्टूबर के बीच सभी आवेदनों का निष्पादन कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी रैयतों को उनकी जमाबंदी प्रपत्र की प्रिंट आउट देना एवं उनसे शुद्धिकरण हेतु आवेदन प्राप्त कर लेना प्रत्येक कर्मी का पहला कार्य होगा। कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अंतिम सोमवारी के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर जलबोझी किया

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। सावन के अंतिम सोमवारी पर नारायणी स्नान एवं जल भरने के लिए शनिवार के शाम से ही कांवरियों का वाल्मीकिनगर पहुंचना शुरू हो गया था। स्थानीय लोगों की माने तो इतना भीड़ इससे पहले कभी नहीं हुआ। कांवरियों के अधिक संख्या होने के कारण यातायात पर भी प्रतिकूल असर देखने को मिला। गोल चौक से लेकर टंकी बाजार तक कांवरियों की भीड़ के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। रविवार सुबह से ही त्रिवेणी के संगम में कांवरिये बोल बम की जय घोष के साथ डुबकी लगाने के लिए पहुंचने लगे।इस दौरान एनडीआरएफ की टीम भी लगातार गंडक नदी में पेट्रोलिंग करने में लगी थी। वाल्मीकिनगर में गंगा स्नान एवं जल भरने के दौरान अभी तक किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना नहीं घटा है। यह अपने आप में सुखद माना जा रहा है। सबसे ज्यादा शिवभक्तों की भीड़ गोल चौक से लेकर कालीघाट तक देखा गया। अलग-अलग स्थान पर आश्रय ले भजन कीर्तन के साथ शनिवार को रतजगा किया। शिवभक्तों में धर्म के प्रति आस्था और विश्वास का अनोखा उदाहरण देखने को मिला। बारिश हो या गर्मी उन्हें किसी प्रकार का कोई दिक्कत महसूस नहीं हो रहा था।

दैनिक सुविधाओं के अभाव में शिवभक्तों को हुई भारी परेशानीः वाल्मीकिनगर पर्यटन और धार्मिक स्थल के रूप में एक अलग पहचान बनाया हुआ है। यहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में पर्यटक धार्मिक स्थलों का भ्रमण एवं प्रकृति की सुंदरता का दीदार करने के लिए पहुंचते हैं। बावजूद इसके यहां मूलभूत सुविधाओं का बहुत अभाव है। जिसके कारण आने वाले पर्यटकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से यहां सामुदायिक शौचालय व सामुदायिक यात्री सेट की कमी है जिसके कारण शिवभक्तों को भी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। चलंत प्याऊ और शौचलय की व्यवस्था नहीं होने से पेयजल और शौचालय के लिए पुरूष, बच्चे व महिलाएं भटकते रहे।

झमाझम बारिश में पेड़ों के नीचे प्लास्टिक के सहारे शिवभक्तों ने गुजारी रातः सावन के अंतिम सोमवारी पर जल भरने के लिए आए शिव भक्तों को बारिश के कारण बहुत से कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। झमाझम बारिश में शिव भक्त पेड़ों के नीचे प्लास्टिक के सहारे रात गुजारने पर मजबूर थे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि वाल्मीकिनगर आने वाले पर्यटकों के लिए यात्री सेट व सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जाए। पेयजल की असुविधा भी यहां की मूल समस्या है,जिस पर ध्यान देने की जरूरत है।

# श्रावण की आखरी सोमवारी में शिव पार्वती की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। श्रावण नारायणी स्नान और जलाभिषेक के लिए जलबोझी के लिए वाल्मीकिनगर स्थित त्रिवेणी संगम तट पर शवभक्त श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ शुक्रवार और शनिवार को उमड़ी।तरह तरह की झांकियों के डीजे व गाजेबाजे के साथ शिवभक्ति गीतों पर थिरकते अपने अपने शिवालयों की तरफ चलते रहे।लेकिन इन झांकियों में नरकटियागंज से आए शिवभक्तों की जत्थे की शिव पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। इस झांकी ने सभी का मन मोह लिया,शिव के रूप में बने युवक ने अपने भावभंगिमा और नटराज नृत्य से सभी को आकर्षित किया। बतादें की जब झांकी गोलचौक परिसर पहुंची तो देखते देखते लोगों की भीड़ लग गई और लोग इसका वीडियो बनाने लगे।कई लोगों ने सेल्फी भी ली और शोसल मीडिया पर वायरल भी कर दिया।

# एसएसबी ने इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाई

बगहा।15 अगस्त के दिन देश भर मे स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाता है। इसी के मद्देनजर इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी ने गश्ती का दायरा बढ़ा दिया है। एसएसबी 21 वीं बटालियन के इंडो नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज समवाय बी के सहायक कमांडेंट अवधेश कुमार ने बताया कि कौलेश्वर,त्रिवेणी संगम,पाथवे,बेलवा घाट,गंडक बराज,नारायणी गंडक नदी के किनारे 3 नम्बर ठोकर,चुलभट्टा जंगल तक एसएसबी के जवान गश्ती कर वांछितों पर पैनी नजर बनाए हुए है। बतादें की इन दिनों मानसून सत्र चल रहा है ऐसे में इंडो नेपाल के इस सीमावर्ती क्षेत्रों में भूगोलिक दृष्टि से परिस्थितियां विषमता से भर जाती है।बल्कि यह कहे कि इन विषमताओं के बीच गश्ती कर वांछित गतिविधियों पर लगाम लगाना किसी चुनौती से कम नहीं होता है।

# प्रिंसिपल ने स्कूल की नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। ग्रामीण सारण जिले के खैरा थाना क्षेत्र के खोदाईबाग में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बढ़ते नाबालिगों से यौन शोषण के मामलों की वजह से अब स्कूल भी माता पिता को डराने लगे हैं। जिससे क्षेत्र के आस पास के बच्चों के अभिभावकों में डर का माहौल बना रखा है। यह घटना शिक्षा जगत के लिए शर्मनाक है, जहां एक गुरु से छात्रों की सुरक्षा की अपेक्षा की जाती है। नाबालिग छात्रा से स्कूल में इस घटना की शिकायत मिलने पर परिजनों ने स्कूल पहुंच कर जमकर किया हंगामा। जिसके बाद परिजनों ने इस घटना की जानकारी खैरा थानाध्यक्ष को अवगत कराया। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले की लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें थाना क्षेत्र के खोदाईबाग के लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रामजी गुप्ता पर आरोप लगाए गए है। पीड़िता के मां के लिखित आवेदन के आधार पर स्कूल के प्रिंसिपल रामजी गुप्ता को कांड संख्या 177/ 25, धारा-64 बी. एन.एस. एवं 4/6 पाक्सो एक्ट दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# साइबर ओलंपियाड में बीकेकेजी के बच्चों का परचम



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। ब्रज किशोर किंडर गार्टन, छपरा के छात्र-छात्राओं ने 26 वीं नेशनल साइबर ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रियम कुमार, कुंवर कनिष्क ने जोनल ब्रौंज मेडल और आदर्श कुमार ने जोनल गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इन्हें साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा पाँच-पाँच सौ का चेक पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

विद्यालय के छात्र अद्वित्य कुमार सिंह को भी पाँच सौ का गिफ्ट भाउचर प्राप्त हुआ। श्रीश जायसवाल,अग्रज श्रीवास्तव, मन्नत प्रतिक, ऋषभ रिधान, प्रशंसा जायसवाल, आशी, अंजना कश्यप, यश कुमार सिंह, और पलक प्रिया को गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन मिला है।

मनुज सिंह, विश्वजीत कुमार, प्रणव कुमार, प्राची सिंह, सक्षम परमार, आदर्श कुमार सिंह, पार्थ, स्वस्तिक शिवाय, आयरा तौसीफ, आन्या अगर्हरी, अक्षज आत्रेय,ऋषभ राज, मोहम्मद अशि खान, प्रियांशु राज, अभी राज, कशिश कमला सुभांगी, वर्षा कुमारी, अरुणेश कुमार, शुभम शर्मा, अद्वैत अतुल, ऋतिक राज सिंह, शौर्य प्रताप, समृधि कुमारी, ऋषिका कुमारी, आयुषी सर्राफ, कृति कुमारी, इकरा जाहिद, सन्वि प्रवीण और रीत श्री को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस मिला। कुल मिलाकर विद्यालय के बयालीस छात्र-छात्राओं ने नेशनल साइबर ओलंपियाड में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। यह विधालय और शिक्षकों के लिए गर्व की बात है।

### पशु चिकित्सा आपके द्वार, स्वस्थ पशु-समृद्ध परिवार, घर बैठे पशु चिकित्सा का उपहार

गड़खा (सारण)। गड़खा प्रखंड क्षेत्र के कुदर बाधा पंचायत के कुदर बाधा और सलहा गाँव मे मोबाइल पशु चिकित्सा ईकाई द्वारा कैंप लगाने के साथ साथ कई पशुपालको के घर मोबाइल पशु वाहन के साथ पहुँच पशुओ का इलाज किया और दवाइया देने के साथ साथ पशु से संबंधित जानकारी दी, पशु चिकित्सक डा पुष्पराज सिंह ने बताया की प्रत्येक दिन गड़खा प्रखंड के दो गाँव मे कैंप लगाकर पशु के इलाज सहित पशुपालक को पशु से संबंधित समस्या का निदान किया जाता है साथ ही पशु को दवा दिया जाता है, कैंप के दौरान किसी का टॉल फ्री नम्बर 1962 पर फोन आता है तो मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई वहा पहुच पशु का समुचित इलाज कर पुनः कैंप मे आ जाती है। बताते चले की सरकार द्वारा चलाय गय मोबाइल चिकित्सा इकाई से लोगो को काफी सहूलियत हो रही प्रत्येक वाहन पर एक पशु चिकित्सक एक सहायक और एक चालक सह परिचारी रहते है, पशु चिकित्सक द्वारा बीमार पशु की सघन जाँच कर रोग या समस्या की पहचान की जाती है, इस वाहन मे 55 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहती है जरूरत पड़ने पर पशुओ की मुफ्त लघु सर्जरी की सुविधा वाहन पर ही उपलब्ध रहती है लगातार हो रही वारिस मे भी सोमवार को पशु चिकित्सक द्वारा पशु का इलाज किया गया

# पीके ने कहा- 35 सालों से जनता लालू-नीतीश में अटकी है, 5 साल जन सुराज को देख लीजिए, कुछ नहीं हुआ तो बदल दीजिएगा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। शंका एवं संभावनाओं के बीच जनसुराज को भांपने के लिए बुद्धिजीवियों की जुटी भीड़ से कई अनसुलझे सवालों एवं समस्याओं की तरफ प्रशांत किशोर का ध्यान आकृष्ट करते जोरदार ढंग से अपनी बातों को रखा। स्थानीय राजेंद्र महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर संजय कुमार भट्ट ने कहा कि कृषि,लघु कुटीर उद्योग,शिक्षा पर विशेष ध्यान देने से बिहार की समस्या को हल किया जा सकता है वहीं सेवानिवृत पदाधिकारी सूर्यप्रकाश ने भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की बात कही जबकि धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने सूबे में पठन पाठन की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए जबकि सी ए अमित गुप्ता ने आर्थिक सुदृढ़ीकरण करने की वकालत की ।शैलेश कुमार सिंह ने पलायन रोकने,शिक्षा को गुणवत्ता के साथ बढ़ावा देने, रोजगार मुहैया कराने पर बल दिया।कई ने शिक्षकों,कर्मियों के मुद्दे को रखा । जबकि कई लोगों ने परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने की बात कही।सोनू सांवरिया ने जन सुराज में स्थानीय एवं युवाओं को मौका देने की बात कही। मजदूरों के पलायन रोकने की बात कही गई।मढ़ौरा को फिर औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की आवाज बुलंद की गई। इसके प्रत्युत्तर में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को देर संध्या सारण के छपरा में प्रबुद्ध लोगों के साथ जन संवाद किया। छपरा के प्रेक्षागृह में समाज के प्रबुद्ध लोगों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को गरीबी से निकालने के लिए तीन ही उपाय हैं। शिक्षा, रोजगार और जमीन। बच्चों को शिक्षा देने, युवाओं को रोजगार देने और किसानों को जमीन व खेती से फायदा दिलाने के लिए जन सुराज ने उपाय तैयार कर लिया है। श्री किशोर ने कहा कि बिहार की हालत तब तक नहीं सुधरेगी जब तक नेताओं को हारने का डर नहीं होगा। उन्होंने जनता के सामने उदाहरण देते हुए बताया कि मढ़ौरा का चीनी मिल और अन्य उद्योग एक दिन में बंद नहीं हुए। धीरे-धीरे उनको खत्म किया गया, जबकि वही नेता लोग चुनाव जीतकर विधायक और सांसद बनते रहे। उन्होंने कहा कि आपने 35 साल तक लालू-नीतीश को वोट दिया है। वजह कि कोई विकल्प नहीं मिलता था। अब जन सुराज नया विकल्प बन रहा है। 5 साल के लिए जन सुराज को वोट दीजिए। अगर कुछ नहीं हुआ तो 5 साल बाद सरकार बदल दीजिएगा।

# हर हर महादेव एवं बोल बम के नारे से गूंजा शिवालय

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर।चौथी और अंतिम सोमवार को छपरा में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में शिव भक्तों के नारे हर हर महादेव , बोल बम तथा जय भोले भंडारी आदि से शिवालय एवं सड़क गुंजायमान रहा।वही प्रत्येक शिवालय पर ध्वनि प्रसारक यंत्रों एवं वैदिक ब्राह्मणों ने त्र्यम्बकं यजामहे, सुगंधिम्पुष्टिवर्धनम्ह्न के मंत्रों से शिवालय को गूंजयमान रखा। गौरतलब है कि वैसे तो हर महीने तथा हर दिन किसी न किसी देवता को समर्पित रहते हैं ।सनातन धर्म में सावन का महीना तो पूर्ण रूप से शंकर भगवान के लिए समर्पित होता है लेकिन एक खास दिन सोमवार मुख्य रूप से शिवजी का ही दिन माना जाता है इस सावन के पवित्र महीने में चार सोमवार का दिन आया। कभी कभी 5 सोमवार भी हो जाते है।इस बार मात्र 4 ही सोमवार शिव भक्तों को मिले सावन महीने के अंतिम सोमवार के दिन भक्त श्रद्धालु 2 बजे रात्रि को ही गंगा स्नान के लिए अपने अपने घरों से निकल पड़े।तथा गंगा स्नान के बाद गंगा जी की पूजा अर्चना किए। एवं 4 बजे सुबह गंगा जल लेकर अपने मन पसंद शिवालय के लिए निकल पड़े। उधर 4 बजे सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों की गंगाजल से धुलाई करके मंदिरों को सजा करके तथा सभी मंदिरों पर ध्वनि प्रसारक यंत्र लगाकर शंकर भगवान का महामृत्युंजय का मंत्र एवं अन्य शिव भजन बजाने का कार्य मंदिर के पुजारी तथा मंदिर कमिटी के सदस्यों के द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया। महिला, पुरुष एवं कुमारी कन्याएं मंदिरों में गंगाजल, दूध, बेलपत्र ,धतूरा का फल, फूल, प्रसाद, भांग,आंकड़े का फूल, मधु, दही एवं मिष्ठान इत्यादि लेकर के 4:00 बजे सुबह से लाइन में लग गई।

# समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया 10 अगस्त को 9 राज्यों की 70 हस्तियों को करेगा अलंकृत, तैयारी में जुटे संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय स्वेच्छिक 'संगठन समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया' ( एस के एफ आई ) देश की प्रतिभाओं को लगातार सम्मानित कर उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आगामी 10 अगस्त को 7वां राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 9 राज्यों- दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और हरियाणा की 70 हस्तियों को उनके संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने कहा कि इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनना एक महत्वपूर्ण अनुभूति है। जिन सम्मानित होने वाली हस्तियों को इस बार चुना गया है, वे भारत के विकास एवं उसे सशक्त बनने में उत्कृष्ट योगदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो सिर्फ उसका मनोबल नहीं बढ़ाते, बल्कि समाज के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने राष्ट्र गौरव अवार्ड की घोषणा करते हुए बताया कि यह भव्य समारोह ग्रेटर नोएडा स्थित नॉलेज पार्क-3 स्थित पीआईआईटी कालेज की ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। इस अवसर पर संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ. भरत सिंह, राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार द्विवेदी, महानिदेशक डॉ. अशोक कुमार, बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप भटनागर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में समाज के लिए कार्य कर रही 70 हस्तियों को शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता, कला-संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अलंकृत किया जाएगा। एसकेएफआई के अनुसार, राष्ट्र गौरव अवार्ड से जो हस्तियों नवाजी जाएंगी, उनमें नयी दिल्ली की डॉ. इन्दुमति सरकार, डॉ. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव, बिहार के डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव, राजस्थान के रामस्वरूप भटनागर, डॉ. रमेश वशिष्ठ, डॉ. धर्मराज छिछोलिया, श्रीमती वीणा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के डॉ सुनील कुमार तिवारी, पीयूष गोयल एवं सुनील कुमार खुराना शामिल हैं। दूसरे अलंकरणों में 'राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान', 'प्रत्रकार गौरव', 'साहित्य गौरव', 'समाज रत्न', 'शिक्षक गौरव' एवं 'कला-संस्कृति रत्न' अवार्ड प्रदान किए जाएंगे इनमें दीप शिखा,कृष्ण कुमार सैनी,कमल किशोर सहाय, ललित कुमार डॉ गीता ,पीयूष गोयल सहित कई लोग शामिल है इसके अलावा कई जिलों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के आधार स्तंभ हैं।

## नगर निगम छपरा - संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न

# शहर के जलजमाव एवं सफाई व्यवस्था पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। नगर निगम द्वारा महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक डॉ. सी. एन. गुप्ता, महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता तथा नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय की संयुक्त अध्यक्षता में शहर की जल-जमाव, नाला उड़ाही और सफाई व्यवस्था को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में हथुआ मार्केट क्षेत्र में निरंतर जल-जमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ. सी. एन. गुप्ता ने इसका स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस पर महापौर गुप्ता ने बताया कि हथुआ मार्केट के समक्ष नाले के निर्माण हेतु कार्य जल्द ही बुडको के माध्यम से प्रारंभ कराया जाएगा। वार्ड स्तर की समस्याएं भी आईं सामने वार्ड 21 के पार्षद राजू श्रीवास्तव ने अपने क्षेत्र में हो रहे जल-जमाव की शिकायत की, जिस पर नगर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल पंपिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई। इसी प्रकार वार्ड 31 के पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना मिस्त्री द्वारा भी जलजमाव की समस्या रखी गई, जिस पर तुरंत समाधान करते हुए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। शिल्पी पोखरा के सौंदर्यीकरण पर जोरः विधायक डॉ. गुप्ता द्वारा शिल्पी पोखरा के सौंदर्यीकरण हेतु उसकी परिधि में बाउंड्री वॉल निर्माण का सुझाव दिया गया। महापौर ने जानकारी दी कि जन-जीवन हरियाली योजना के अंतर्गत शिल्पी पोखरा के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उपस्थित अधिकारीगणः बैठक में स्वच्छता पदाधिकारी श्री संजीव कुमार मिश्रा, सिटी मैनेजर श्री सुमित कुमार, श्री वेद प्रकाश वर्णवाल, अरविन्द कुमार, सहायक अभियंता राहुल कुमार, तथा कनिष्ठ अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सावन के अंतिम सोमवारी को महागठबंधन के संभावित विधायक प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी ने की भोलेनाथ की पूजा



● **बिहार में महागठबंधन की सरकार बने इसके लिए बाबा भोलेनाथ से की कामना**

**प्रातः किरण संवाददाता**

भागलपुर सुल्तानगंज। सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के विधायक प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी ने अपने परिवार के साथ बड़ी दुर्गा मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा एवं बाबा भोलेनाथ मईया पार्वती सहित सभी देवी देवता का पूजा अर्चना करते हुए बिहार में महागठबंधन की सरकार बने इसके लिए कामना किये/इस दौरान महागठबंधन के विधायक प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवारी को सुल्तानगंज के बड़ी दुर्गा मंदिर पहुंचकर सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करते हुए बिहार में महागठबंधन की सरकार बने इसके लिए खासकर बाबा भोलेनाथ से कामना किये है और सावन के पुर्णिमा रक्षाबंधन के दिन राजद परिवार के लोगों को सत्यनारायण भगवान की पूजा का प्रसाद खाने के लिए आमंत्रित किये है/इस दौरान दर्जनों शिव भक्त मौजूद थे

# सावन के अंतिम सोमवारी को अजगैबीनाथ धाम में उमड़ा शिव भक्तों का जनसैलाब

## हर हर महादेव बोल बम के जयकारों के साथ अजगैबीनाथ नगरी हुए गुंजायमान





**प्रातः किरण संवाददाता**

भागलपुर सुल्तानगंज/ सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ गई है/आपको बताते चलें कि सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर बिहार, झारखंड, नेपाल,बंगाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से आए हुए कांवरियों ने अजगैबीनाथ उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर गंगा जल लेकर कर अजगैबीनाथ मंदिर स्थीत बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग में जलाअभिषेक करते हुए हर हर महादेव बोल बम के जयकारों के साथ लाखों कांवरियों ने अजगैबीनाथ उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर देवघर स्थित बैधनाथ धाम के लिए हर हर महादेव बोल बम के जयकारों के साथ पैदल व वाहन से रवाना हुए/इसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार दल बल के साथ अजगैबीनाथ मंदिर सहित अन्य जगहों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करते हुए मोनिटरिंग कर रहे थे/नगर परिषद सुल्तानगंज के द्वारा भी गंगा घाट से लेकर पुरे शहर में साफ सफाई की जा रही है/भक्तों में काफी उत्साह सावन के अंतिम सोमवारी को देखने को मिला है/अजगैबीनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवारी को लगभग डेढ़ लाख कांवरियों ने अजगैबीनाथ उत्तरवाहिनी में डुबकी लगाकर बैधनाथ धाम के लिए रवाना हुए हैं/जिला प्रशासन एवं नगर परिषद सुल्तानगंज के द्वारा व्यवस्था अच्छी की गई है/भक्तों ने भी कहा बाबा भोलेनाथ सब की मुरादें पूरी करते हैं की बात कही/इस दौरान हजारों कांवरिया मौजूद थे

## देव सूर्य मंदिर के विकास व सौंदर्यीकरण कार्य की रखी गई आधारशिला



**प्रातः किरण संवाददाता**

तरारी ( आरा )। भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखण्ड के देव गांव स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा प्राचीन सूर्य मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य की सोमवार को विधिवत आधारशिला रखी गई। इस मौके पर मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, दो तोरण द्वार ,प्रकाश व्यवस्था, घाटों का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही, मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों को भी चौड़ा और सुलभ बनाया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1478.88 लाख रुपये खर्च किए जाने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बता दें कि देव गांव स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर 14 वीं सदी का निर्मित है। जो पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। मंदिर के अवशेष व खंडित मूर्तियों से इसकी प्राचीनता का पता चलता है। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि देव सूर्य मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक पहचान है। इसके विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्रद्धालुओं में इस कार्य के शुरू होने से काफी उत्साह और खुशी देखी गई। मंदिर प्रशासन ने जानकारी दी कि अधिकतर कार्य आगामी छठ महापर्व से पूर्व पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम के मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय, तरारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, देव पंचायत की मुखिया शोभा देवी, पूर्व मुखिया अनिल कुमार गुप्ता सहित बड़ी तादाद में स्थानीय लोग व जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## अंगिका को एआई प्लेटफार्म उपलब्ध कराने में जुटे पांच इंजीनियर


**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। अंग क्षेत्र की मातृभाषा अंगिका को डीजिटल प्लेटफार्म के ए आई से जोड़ने के लिए पांच इंजीनियरों की एक टीम बनी है। इस टीम का नेतृत्व कर रहे हैं पटना आई आई टी के पूर्ववर्ती छात्र सुमंत आजाद।

सुमंत आजाद अंगिका को समृद्ध करने में लगभग छह माह से लगे हुए हैं। इनके साथ हैं छोटे भाई सत्यजीत आजाद जो कि दिल्ली आई आई टी के पूर्ववर्ती छात्र हैं।

विदित हो कि श्री देव कॉलेज ऑफ गुरुकुल इंस्टिट्यूशन प्रयागराज, उत्तर प्रदेश अंगिका में ऑनलाईन सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा का कोर्स कराती है। संस्था ने एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में एआई तकनीक और डीजिटल प्लेटफार्म पर अंगिका को ले जाने के लिए गहन विचार-विमर्श हुआ। जिसमें सुमंत आजाद और सत्यजीत आजाद आईआईटीएन के अलावा ई. देवाशीष जायसवाल दुमका हंसडीहा, ई. देवेश कुमार मिश्रा प्रयागराज और ई. शेखर खगाड़ी बांका की एक टीम बनाई गई। इस टीम में मुख्य भूमिका सुमंत और सत्यजीत आजाद की है। इनके सहयोगी के रूप में अन्य तीनों इंजीनियर रहेंगे। इसके अलावा संस्था के कोर्स को भी एआई युक्त बनाने का निर्णय लिया गया साथ ही एआई युक्त अंगिका समाचार चैनल के निर्माण और संचालन का भी निर्णय लिया गया।

मीटिंग की अध्यक्षता अंगिका एवं हिंदी के साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने की, जबकि संचालन डॉ. विभु रंजन ने किया।




वर्चुअल मीटिंग में इंजीनियर सुमंत आजाद एवं इंजीनियर देवाशीष कुमार ने अंगिका को तकनीकी रूप से समृद्ध करने पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अंगिका को हर हाल में तकनीकी रूप से मजबूत किया जाएगा ताकि लोग गूगल एवं एआई पर आसानी से अंगिका को ट्रांसलेट कर सकें और पढ़ सकें इससे अंगिका काफी समृद्ध और मजबूत होगी।

संस्था के प्रशासनिक अधिकारी सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने कहा कि श्री देव कॉलेज आफ गुरुकुल इंस्टिट्यूशन 2021 से ही अंगिका विषय पर डिप्लोमा कोर्स चला रही है। इसको तकनीकी रूप से समृद्ध करने एवं मजबूती को लेकर सलाहकार समिति पहले से ही थी जिसमें एक दर्जन विद्वान प्रोफेसर हैं, अब तकनीकी टीम का गठन अंगिका के लिए हर्ष की बात है।

डॉ. विभु रंजन ने कहा कि अंगिका एक भारतीय-आर्य भाषा है, जिसका इतिहास प्राचीन अंग महाजनपद से जुड़ा है। यह मुख्य रूप से बिहार के 15 जिलों, झारखंड के 6 जिलों और पश्चिम बंगाल के चार जिलों की मुख्य भाषा है। इसके अलावा नेपाल के तराई क्षेत्रों में भी मुख्य रूप से बोली जाती है। इसके बोलने वालों की संख्या तकरीबन 6 करोड़ है। अंगिका को झारखंड में एक अतिरिक्त आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई है और इसे भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की भी मांग की जा रही है। प्राचीन काल के तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्यों द्वारा अंग पर विजय के कारण अंग में आर्य भाषाओं का प्रसार बंगाल के डेल्टा तक हुआ।

इस अवसर पर बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के विद्वान प्रो. डॉ. सुधांशु शेखर और टी एन बी कॉलेज भागलपुर के विद्वान प्रो. डॉ. अमलेन्दु अंजन ने विस्तार से अपनी बात रखी जिसमें उनके द्वारा उठाए गए सवालों को ई. सुमंत आजाद ने बड़ी बारीकी से हल करते हुए समझाया।

बैठक में बीएन कॉलेज जमालपुर मुंगेर के हिंदी के प्रो. डॉ. चंदन कुमार, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में हिंदी के विद्वान प्रो. डॉ सुनील कुमार, संचालित कोर्स के विभागाध्यक्ष गोल्ड मेडलिस्ट सरस्वती कुमारी, हिंदी फिल्म के सह निर्देशक नवीन कुमार, प्रो. डॉ. दिव्या रानी आदि ने भी अपनी अपनी जिज्ञासा के अनुसार एआई से जुड़े सवाल को उठाया।

जिसे ई. सुमंत आजाद ने बारीकी से समझा कर संतुष्ट किया इसके अलावा एनडीटीवी के पूर्व संपादक विश्वेष के. आर्या, पूर्ववर्ती वर्तमान अंगिका छात्र संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार ने भी इसमें हिस्सा लिया।

## राम बाबू सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, प्रशासन से की राहत की माँग



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा/बड़हरा। गंगा नदी का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है और इससे बड़हरा पंचायत के निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका गहराने लगी है। बड़हरा गांव, एकावना, केशोपुर, नेकनाम टोला, नथमलपुर, सबलपुर, ज्ञानपुर, ज्ञानपुर सेमरिया, मरहा, छीने गांव, गाज़ियापुर, ध्रुव टोला, फरहदा, सरैया, मिल्की, परशुरामपुर, नरागदा, पिपरपाती, केवटीया, सलेमपुर, धोबहा, करजा, लौहर जैसे दर्जनों गांवों में पानी फिर से भरने लगा है।

इन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को गंभीर होता देख राजद के युवा नेता राम बाबू सिंह उर्फ अशोक कुमार सिंह ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से देखा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थानों पर सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया जाए और उनके लिए समुचित भोजन, दवाई, त्रिपाल, पीने के पानी और आश्रय की व्यवस्था की जाए।साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि मवेशियों के लिए चारा व देखभाल की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से शुरू की जाए। राम बाबू सिंह ने लोगों को आश्वासन दिया कि राजद उनके साथ खड़ा है और वे अपने स्तर से हरसंभव मदद के प्रयास कर रहे हैं ताकि कोई भी पीड़ित परिवार असहाय महसूस न करे।उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सबको एकजुट होकर काम करना होगा और राजद कार्यकर्ता हर गांव तक मदद पहुँचाने के लिए तैयार हैं।

### समाजसेवी सत्या यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे जवैनिया, बाढ़ पीड़ितों के बीच किया भोजन वितरण

आरा। शाहपुर अंचल के जवैनिया गांव में बाढ़ पीड़ितों के बीच समाजसेवी सत्या यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं के साथ पहुंचे जवैनिया गांव जो लोग बाढ़ पीड़ित हैं जो बांध पर अपना गुर्जर बसर कर रहे हैं जिनके मकान गंगा के कटाव में चला गया है समाजसेवी सत्या यादव ने अपने कार्यकताओं के साथ बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर भोजन माचिस बिस्किट मोबती का वितरण किया समाजसेवी सत्या यादव ने कहा कि हम लोग आरा के भल्हीपुर के रहने वाले हैं हम लोग हमेशा किसी भी आपदा में हम लोग साथ देते हैं और समाज का काम करते हैं और हमेशा आरा से हम लोग भोजन बनाकर और इस गांव में हम लोग भोजन वितरण करेंगे और सरकार से मांग करते हैं कि जिनके जिनके घर गंगा कटाव में चला गया है उनको रहने के लिए मकान बनाने की मांग की ,विशाल यादव विकास यादव सत्या यादव अर्जुन यादव मोहित कुमार रवि कुमार दिलीप कुमार निक्की कुमार इन लोगों का भरपूर सहयोग रहा

### बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण फेज 2 के कार्यों का निरीक्षण किया: डीएम

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा कुर्था प्रखण्ड अंतर्गत उच्च विद्यालय कुर्था में बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के फेज 2 के तहत किये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुर्था को निदेशित किया कि सभी बीएलओ को बीएलओ ऐप संचालन हेतु विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए समयवद्ध तरीके से दस्तावेजों को अपलोड कराना सनिश्चित करें। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं ही सरल और सहज भाषा में उपस्थित 111 बीएलओ को बीएलओ ऐप चलाने एवं मतदाता प्रारूप में प्रकाशित मतदाताओं के दस्तावेज अपलोड करने में 2003 के मतदाता सूची का प्रयोग किस प्रकार से करना है और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 11 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज प्राप्त कर समयवद्ध तरीके से कार्य सम्पन्न करना है इस संबंध में जानकारी दी। कुर्था प्रखण्ड अंतर्गत 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों का विखण्डन कर 19 नये मतदान केन्द्रों के लिए 19 नये बीएलओ बनाये गये है। नये बीएलओ को सहयोग देने हेतु संबंधित पुराने बीएलओ को निदेशित किया गया कि समन्वय स्थापित कर ससमय निष्पादन करेंगे। यह संवाद अत्यंत प्रभाव शाली एवं प्रायोगिक रहा, जिससे सभी बीएलओ को कार्यप्रणाली को समझने में सहुलियत हुई। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची पुणरीक्षण प्रक्रिया को सुदृढ़ करना है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि मतदाता प्रारूप में सम्मिलित सभी मतदाताओं का दस्तावेज शतप्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी भी कारण वश कोई मतदाता छुट रहा है तो संबंधित एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर से सम्पर्क स्थापित करेंगे ।

और उनके निदेशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

### श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर कांवड़ मेला का हुआ आयोजन , उमड़े हजारो श्रद्धालू

आरा। श्रावण मास की अंतिम सोमवार को राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सिंगही, आरा में शिशु वाटिका एवं शिशु मंदिर खंड के नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा कांवड़ मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ और मैया पार्वती की वेश भूषा में झांकी के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों ने विद्यालय में बनाए गए तरण ताल से जल भर कर बोल बम का जयकारा लगाते हुए स्थानीय शिव मंदिर में देवाधिदेव महादेव को जल अर्पित किया। शिशु कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा एवं कोषाध्यक्ष सोमेश्वर सिंह के साथ साथ सभी आचार्य/आचार्या और स्थानीय समाज के अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने इस प्रकार के कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। जलार्पण के पश्चात सभी बच्चों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## सामाजिक कार्यकर्ता राम हुलास उपाध्याय को अंतिम विदाई,हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रातः किरण संवाददाता**

पीरो ( भोजपुर )। नारायणपुर पंचायत के पूर्व मुखिया के पिता और चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय राम हुलास उपाध्याय की स्मृति में रविवार को एक श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र के लिए भावुक क्षण बन गया, जब हजारों की संख्या में लोग उनकी अंतिम विदाई में शामिल हुए।

हाल ही में खेत में कार्य के दौरान विद्युत स्पशार्घात से उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

श्रद्धांजलि सभा में जिले भर से राजनीतिक, सामाजिक और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों ने भी भारी संख्या में भाग लिया। प्रमुख उपस्थित लोगों में शामिल थेः

जनसुराज पार्टी के नेता नवीन राय



,पेरहाप पैक्स अध्यक्ष अविनाश राय ,जिला परिषद सदस्य राकेश कुमार ,नारायणपुर के वर्तमान मुखिया गुड्डू कुमार ,पीरो प्रखंड प्रमुख मो. शाकीर ,प्रो. संजय राय ,सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सिंह, शाश्वत सिंह, रजनीश राय, रवि यादव, प्रमोद यादव ,भाजपा नेता केके सिंह, राजू जी ,पूर्व एमएलसी प्रतिनिधि नीलेश्वर उपाध्याय ,पंचायत समिति सदस्य बैजनाथ उपाध्याय ,अखिल भारतीय राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ता रणविजय रणवीर, गिरजेश शर्मा, सारस जी, मोनू सिंह ,राजद के वरिष्ठ नेता काशी यादव के पुत्र भी श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे।

### चित्र पर माल्यार्पण, आंखों में आंसू

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. राम हुलास उपाध्याय के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा के दौरान सभी ने मौन रखकर एवं सर्वधर्म प्रार्थना के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### समाज सेवा में आजीवन समर्पित रहे

स्वर्गीय उपाध्याय एक सजग किसान नेता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में वर्षों से सक्रिय थे। नारायणपुर पंचायत के मुखिया रहते हुए उन्होंने गांव और किसानों के हित में कई सराहनीय कार्य किए। वे वर्तमान उपमुखिया निशांत उपाध्याय के पिता थे।

### लोगों ने कहा : एक युग का अंत

सभा में कई वक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि राम हुलास उपाध्याय का जाना सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक युग और विचारधारा की समाप्ति है। उनके द्वारा किए गए कार्यों को आज भी क्षेत्रवासी याद करते हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ता की श्रद्धांजलि सभा में जुटे हजारों लोग

आरा//पीरो सामाजिक कार्यकर्ता सह किसान स्वर्गीय राम हुलास उपाध्याय के याद में श्रद्धांजलि सह सर्व धर्म प्राथर्ना का आयोजन किया गया, इस मौके पर पूरे जिले एवं शाहाबाद के कोने-कोने से आए हुए हजारों की संख्या में लोगों ने उनको श्रद्धांजलि जिसमें जनसुराज के नेता नवीन राय पेरहाप पैक्स अध्यक्ष अविनाश राय जिला परिषद राकेश कुमार नारायणपुर मुखिया गुड्डू कुमार पिरो ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद शाकीर प्रोफेसर संजय राय सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सिंह बीजेपी कार्यकर्ता केके सिंह राजू जी पूर्व ' प्रतिनिधि नीलेश्वर उपाध्याय पंचायत समिति सदस्य बैजनाथ उपाध्याय अखिल भारतीय राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ता रणविजय रणवीर गिरजेश शर्मा सारस जी मोनू सिंह रजनीश राय सामाजिक कार्यकर्ता धारूपुर निवासी शाश्वत सिंह राजद के कदवार नेता काशी यादव की पुत्र और सामाजिक कार्यकर्ता रवि यादव प्रमोद यादवसहित पूरे शाहाबाद क्षेत्र के अन्य जगहों से हजारों लोग पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की स्वर्गीय राम हुलास उपाध्याय नारायणपुर के पूर्व मुखिया सहित उपमुखिया निशांत उपाध्याय के पिता जी थे, पिछले दिनों उनकी खेत में पार्ट वन के दौरान विद्युत स्पर्श घात से उनका निधन हो गया था, इस श्रद्धांजलि सह प्रार्थना सभा में उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने नाम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की।

## अंतिम सोमवारी पर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

**प्रातः किरण संवाददाता**

पीरो। सावन महीने की अंतिम सोमवारी के मौके पर देवाधिदेव भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पीरो अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के शिवालयों में शिवभक्तों की भीड उमड पड़ी ।इस दौरान हर-हर महादेव व बोलबम के गगनभेदी जयकारों से माहौल गूंज उठा। पीरो नगर से सटे प्राचीन बहरी महादेव धाम शिव मंदिर में पीरो सहित आसपास के गांवों व कस्बों से बड़ी तादाद में शिव भक्त जलाभिषेक के लिए





पहुंचे थे। इस दौरान यहां मेला सा दृश्य उपस्थित हो गया था। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के अनुसार बीस हजार से अधिक शिव भक्तों ने अंतिम सोमवारी को यहां जलाभिषेक किया। यहां अंतिम सोमवारी को आयोजित प्राचीन कुंड विवाह महोत्सव व महा आरती कार्यक्रम को लेकर भी बड़ी तादाद में शिव भक्त जुटे थे। इधर पीरो नगर के हरिहर धाम मंदिर, थानेश्वर महादेव मंदिर, महावीर चौक स्थित शिव मंदिर, पीरो गांव शिव मंदिर, ज्वाला मार्केट शिव मंदिर, बिहियां रोड शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही। इस विशेष अवसर पर सभी शिव मंदिरों को फूल-माला व बिजली-बती से सजा कर भव्य रुप प्रदान किया गया था।

जहां दिनभर गूंजते मंत्रोच्चार व भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ था। इस मौके पर पीरो गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया था। मंदिर के पुजारी अजय पाण्डेय के अनुसार हरिकीर्तन में काफी संख्या में भक्तजन जुटे थे।

# मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन का गुरपा में ठहराव का किया शुभारंभ



प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।गुरपा ।गुरपवासी कोरोना काल से ही बंद जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मांग कर रहे थे हरि झंडी दिखाकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने जम्मू तवी कोलकाता एक्प्रेस ट्रेन का ठहराव का शुभारंभ किया और ट्रेन को रवाना की तो लोगों ने खुशी की लहर दौड़ पड़ी है । विगत कई वर्षों से जनप्रतिनिधि और समाजसेवी ट्रेन के ठहराव की मांग करते आए हैं स्थानीय मनोज यादव रंजीत साव राजेश मांझी सुभाष यादव रामस्वरूप मांझी , भरत मांझी सत्येंद्र यादव और कई समाजसेवियों ने जीतन राम मांझी को लिखित रूप से चुनाव के समय ट्रेन के ठहराव की मांग की थी इस पर उन्होंने कहा था कि जब तक ट्रेन नहीं रुकेगी तब तक गुरपा नहीं आऊंगा चुनाव के बाद गुरपा में उनका पहला कदम ट्रेन के ठहराव का था ट्रेन के ठहराव शुरू हो जाने से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है । स्थानीय लोगों ने ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया गया है।

अंग वस्त्र और पुष्प कुछ देकर केंद्रीय केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया है ।इस सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों ने ट्रेन के ठहराव की मांग की थी और मैने वादा किया कि जबतक ट्रेन का ठहराव शुरू नहीं होगा तब तक गुरपा नहीं जाऊंगा। आज खुशी हो रहा है कि मेरे प्रयास से यह संभव हो पाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को कोटि कोटि धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष कृपा मेरे संसदीय क्षेत्र पर है। अगले 5 साल में गया जी का तस्वीर और तकदीर दोनों बदल जाएगा। औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना गया में हो रही है विकास के सभी कार्य को कराए जा रहे हैं। गोपीमोड भाया गुरपा से पतवास तक लगभग अठारह किलोमीटर का रास्ता बेहद जर्जर हो गया और गुरपा से दुदू बगैय रोड ,गुरपा से धनछू मंझला रोड का निर्माण पतवास से रक्त चोवा बेंदी झारखंड सीमा तक रोड का निर्माण को भी जल्द मंजूरी मिलेगा। जल्द ही इसका निर्माण किया जाएगा रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष ई नंदलाल मांझी ने बताया की जीतनराम मांझी काम करने वाले हैं काम में यकीन रखते हैं ।

जनहित की समस्या को हल करना उनकी पहले प्राथमिकता है । गुरपा में हटिया कोशी एक्प्रेस ट्रेन का ठहराव भी जल्द किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मिलकर क्षेत्र की समस्या को रखा था। जिसमें सकारात्म आश्वासन मिला है । कोई ठोस निर्णय जल्द किया जाएगा । इस मौके पर

रेलवे के वरीय अधिकारी के साथ सांसद प्रतिनिधि रोमित सिंह टूटू खान हम पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी विकाश मांझी रामप्रसाद मांझी विजय कुमार गुरपा के मनोज यादव रविंद्र यादव मुखिया रणजीत साव महेश्वर यादव सुभाष यादव रंजीत साव सरपंच महावीर साव धनंजय सिंहा नरेश यादव सुभाष मांझी सहित सकैडो. लोग शामिल रहे है।

# मंत्री ने पात्र लाभुकों को राशन कार्ड किया वितरण



प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने आज गयाजी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 38 टील्हा धर्मशाला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। राशन कार्ड प्राप्त कर लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की और सरकार द्वारा संचालित इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना की है। स्थानीय नागरिकों ने मंत्री डॉ. प्रेम कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राशन कार्ड मिलने से अब उन्हें समय पर सस्ता अनाज प्राप्त होगा जिससे उनके परिवार को बहुत सुविधा होगी।

मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कोरोना काल से ही देश में 80 करोड़ जनता को मुफ्त अनाज मिल रहा है वहीं बिहार के 8 करोड़ जनता को मुफ्त अनाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में सरकार हर गरीब एवं जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन कार्ड से वंचित न रहे हैं। सरकार की मंशा है कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से आज वार्ड संख्या 38 में राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## मगध आईजी और एसएसपी ने नवनियुक्त सिपाहियों के लिए संचालित बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

गया जी । बिहार के गया जी शहर के गया जी पुलिस केंद्र में सोमवार को दोपहर 2 बजे पुलिस महानिरीक्षक मगध क्षेत्र तथा वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ दौरा कर नवनियुक्त सिपाहियों हेतु संचालित बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया है ।

इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण स्थल, प्रशिक्षण की विधि, संसाधनों की उपलब्धता एवं प्रशिक्षुओं की अनुशासनात्मक स्थिति का अवलोकन किया गया। उन्होंने परेड अभ्यास, शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण तथा कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता की भी समीक्षात्मक जांच की। वरीय अधिकारियों ने उपस्थित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सिपाहियों को शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूप से दक्ष बनाया जाए।इसके साथ ही, उनमें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सेवा भावना, टीम वर्क तथा जनसंपर्क जैसे मूलभूत गुणों का भी समुचित विकास सुनिश्चित किया जाए।

## अर्श अरिहन्त फाउन्डेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में अर्श सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।अर्श अरिहन्त फाउन्डेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में अर्श सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ए.पी.कॉलोनी गयाजी द्वारा विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। श्री दुर्गा पटवा जाति सुधार समिति के पटवा आयोग मंदिर के दुर्गा स्थान के परिसर (पटवाटोली) में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर में मेरीजों को देखा गया है। इस मौके पर अर्श हॉस्पिटल से आए डॉ नवनीत निश्चल एमड्डीड्ढ सह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ पूजा कुमारी मीणा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार सिंह मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ जमील अंसारी पेट एवं मूत्र रोग डॉ राजेश वैधान प्रत्यारोपण विशेषज्ञ हड्डी विभाग डॉ विवेक कुमार न्यूरोसर्जन डॉ अब्बू हुरैरा ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ गुंजन कुमार जनरल फिजिशियन ने मेरीजों का परामर्श दिये।आज इस चिकित्सा शिविर में लगभग 500 मरिजो को नि:शुल्क जाँच करके वजन, ब्लड प्रेशर, हाइ शुगर तथा ई.सी.जी. का उपचार करके दवा वितरण किया गया हू।

अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के 6 डॉक्टर ने मिलकर सेवा प्रदान किए हैं। इस मौके पर उपस्थित पटवा समाज के समाजसेवी दयानन्द प्रसाद ने बताया कि निशुल्क का चिकित्सा शिविर लगने से गरीब एवं असहाय मरीजों को काफी लाभ मिलता है, जिनसे उन्हें गंभीर बीमारी की पता भी चलती है और आगे परामर्श के लिए वह उच्च जांच कराने हेतु अस्पताल भी जाते हैं ताकि उन्हें स्वस्थ रहने का अवसर प्रदान हो सके।

# दुधैला में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता





औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के दानी विगहा के समीप दुधैला मेडिकल कॉलेज निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। बारुण प्रखंड के दुधैला ग्राम में मेडिकल बनाने के लिए समिति द्वारा धरना के के लिए लगातार कई दिनों से तैयारी चल रही थी। औरंगाबाद जिले में दुधैला ही एक ऐसी जगह है जहां मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए एकमुश्त 60 एकड़ जमीन की व्यवस्था है। समाजसेवी मुरारी सिंह के अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन में जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, कृष्णा सिंह यादव, सरपंच पप्पू ज्वाला सिंह,कृष्णा मेहता राम बच्चन मेहता,पूर्व उपमुखिया अजित कुमार सिंह,भोपतपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कमलेश सिंह,ओबरा के इंदल यादव, पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह,अशोक कुमार गुप्ता अनूप कुमार गुप्ता,नवनीत कुमार,संजय गुप्ता, मुखिया संघ के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह,अनिल अग्रवाल, धनंजय यादव,टिंकू टाईगर, नंदजी यादव,सुरेश विद्यार्थी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने रमेश चौक के पास मेडिकल कॉलेज का नारा लगाते हुए जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।उसके बाद दानी विगहा के समीप एक सभा के रूप में संबोधित करते हुए नबीनगर के विधायक माननीय विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू बाबू ने कहा कि औरंगाबाद जिले में यदि कहीं मेडिकल कॉलेज का उपयुक्त जगह है जहां मैं शुरू से ही इस स्थल पर मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए संघर्षरत रहा हूं। मेडिकल कॉलेज बनने से रोजगार की असिम संभावनाएं होंगी। मैं इस स्थल पर मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए कोई भी लड़ाई के लिए तैयार हूं।मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि आज औरंगाबाद जिला आकांक्षी जिला में चयनित हुआ है ।उसके नियमानुसार यहां मेडिकल कॉलेज की अत्यंत आवश्यकता है ।उसी के निमित्त यह सबसे उपयुक्त है।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद ह्लदिशोम गुरुह्व शिबू सोरेन जी के निधन पर गहरा शोक ब्यक्त एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इनका निधन बहुत दुःखद है ।ईश्वर परिवार को इस दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें ।इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हुँ ।झारखण्ड के लोग प्यार से ह्लगुरुजीह्व कहते थे इन्होंने आदिवासियों को एकजुट किया धनकटनी आंदोलन जैसे अभियानों के जरिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी उनकी सादगी और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें झारखण्ड की राजनीति में एज विशेष स्थान दिलाया एवं इनके नेतृत्व में झामुमो झारखण्ड राज्य जी सियासत में एक मजबूत ताकत के रूप में उभरी गुरुजी को झारखण्ड आन्दोलन का जनक माना जाता है ।उनके योगदान को पूरे देश मे सम्मान की नजर से देखा जाता है ।इनके निधन पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,शुभेंदु शेखर सिंह,लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह,जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा,भाजपा नेता आलोक सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह,नलिनी रंजन,प्रफुल्ल सिंह,बिनोद सिंह,राजेश सिंह,नरेश सिंह उर्फ मुखिया,पिन्टू सिंह,अमरीश सिंह,टनटन सिंह,पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता,वार्ड पार्षद अशोक सिंह,भाजपा नेता विनय शर्मा,रविन्द्र शर्मा,राकेश कुमार देवता,भाजपा नेता मुनीन्द्र राम,जदयू प्रदेश महासचिव रणजीत चन्द्रवंशी,प्रवीण गुप्ता,सुरेन्द्र गुप्ता,भरत सिंह,उदय सिंह,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह आदि थे

## आंखें बंद थी तो सब दिखता था, आंखें खुली नहीं की सब ओझल हो गया: अनंत धीश

गया जी। इसे सुनकर थोड़ी देर मैं मौन रह गया, कितनी बड़ी बात कितनी सहजता से आज छोटी सी बच्ची मेरी सखी ने मुझसे कहा, जिसे सुनकर मैं बड़ा हैरान रह गया ! क्योंकि जब मैंने आत्मसात किया तो पाया कि यह शब्द नहीं और ना कोई वाक्य है यह तो दर्शन है।इसे हम दूसरे रूप में भी समझ सकते हैं, उदाहरण के तौर पर समय के साथ-साथ हमारे अंदर परिपक्वता आती है किंतु यह सत्य नहीं है कि इस परिपक्वता में हम सभी धीरे-धीरे संवेदनहीन होते जाते हैं, जैसे वृक्ष के नव कोपल पत्ते और पके पत्ते के बीच जैसा अंतर होता है, ठीक वैसा ही अंतर हमारे परिपक्वता के अंदर भी होता रहता है ।एक समय जब हम पूर्ण रूप से परिपक्व हो जाते हैं, तब ठीक उसी प्रकार जिस तरह से वृक्ष के पत्ते पेड़ से अलग हो जाते हैं, हम भी इस संसार से अलग हो जाते हैं ।वह अलग बात है वृक्ष से अलग हुए पत्ते मिट्टी में मिल खाद्य हो जाते हैं, ठीक उसी प्रकार हम भी इस संसार के पंचतत्व में विलीन हो जाते हैं ।हमारे अंदर की संवेदना ही हमें दूसरे के दर्द का एहसास कराती है ठीक उसी प्रकार वृक्ष के नव कोपल पत्ते ही हमें संवेदना का एहसास करती और आकर्षित करती हैं ।

जीवन में ध्यान में जब हम एकाग्र होते हैं आंखें बंद करते हैं हमें सब कुछ दिखाई देने लगता है किस रूप से हमारे अंदर गलतियां है क्या सुधार कर सकते हैं मन इस पर चिंतन करने लगता है, किंतु आंख खुलते हैं सब ओझल हो जाता है ।

# इनर व्हील क्लब सनराइज ने आयोजित किय फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेशन



प्रात: किरण संवाददाता

गया जी इनर व्हील क्लब सनराइज, गया द्वारा फ्रेंडशिप डे का आयोजन 9 टू 9 बैंक्वेट हॉल, स्वराजपुरी रोड में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष डा. निभा जयन कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने मित्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्ची मित्रता जीवन को सार्थक और खुशहाल बनाती है ।कार्यक्रम में विभिन्न खेल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और टीम एक्टिविटीज आयोजित की गईं, जिनमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को मित्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं और मिलकर समाज सेवा और आपसी सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया ।क्लब की उप-अध्यक्ष श्रीमती मधुप्रिया जी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों और मेहमानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना कुमारी एवं श्रीमती जया कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

## दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें:डॉ. वीणा





प्रात: किरण संवाददाता

बोधगया ।इनर व्हील क्लब बोधगया की प्रेसिडेंट डॉ. वीणा पाठक ने कहा है की सड़क दुर्घटना की पहली और आखिरी पीड़िता महिला ही होती है ।उन्होंने आह्वान किया कि लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिये ।जिससे सड़क दुर्घटना को टाला जा सके.डॉ. वीणा पाठक ने उपर्युक्त उदगार बोधगया दोमुहान पर यातायात पुलिस के एक कार्यक्रम मे व्यक्त किया है ।उन्होंने आगे कहा कि सड़क दुर्घटना का शिकार किसी का भाई, पिता या पति होता है अतः पहली और अंतिम पीड़िता महिला ही होती है. इसलिए जरूरी है कि यातायात नियमों का पालन किया जाय ताकि दुर्घटना को टाला जा सके ।इस कार्यक्रम के दौरान बोधगया यातायात पुलिस को इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगयाकी ओर से दो बड़ी छतरी तथा सात हाँथ छतरी प्रदान की गई ताकि कड़ी धूप या बारिश मे भी यातायात पुलिस अपनी ड्यूटी निर्विघ्न रूप से कर सकें। इसके अलावा एक पेडस्टल फैन भी उन्हें प्रदान किया गया है।. बोधगया दोमुहान पर एक होर्डिंग मे यातायात नियमों को उत्तकीर्न कराने का निर्णय भी लिया गया है।

इस कार्यक्रम मे इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया की प्रेसिडेंट डॉ. वीणा पाठक के अलावा सेक्रेटरी अर्चना कुमारी,गोपा सिन्हा, सरिता वर्मा, रीना प्रसाद, वीणा सिन्हा, रीमा देवी, हर्षा सिन्हा आदि मौजूद थीं।

# राज्य स्तरीय मंथन बैठक का किया गया सफल आयोजन



➤ दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण विषयक एक दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी ।दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण विषयक एक दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन बिहार एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसएबिलिटीज की राज्य कार्यकारिणी द्वारा किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नरेश चौधरी ने की है ।वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार यादव थे। इसका विशेष उद्देश्यबिहार के सभी राजनीतिक दलों को दिव्यांगजन से जुड़े मुद्दों से अवगत कराना,आगामी विधानसभा चुनाव में दिव्यांग उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करना,संगठन को अधिक सक्रिय, संगठित एवं प्रभावी बनाना,नीतिगत संवाद के माध्यम से सशक्तिकरण की दिशा तय करना हू ।इस बैठक में राज्य व प्रमंडलीय स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। डॉ शिवाजी कुमार राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व राज्य आयुक्त निःशक्तता (बिहार सरकार), विनय कुमार श्रीवास्तव प्रदेश संरक्षक, जोशी कुमार प्रदेश महासचिव, धीरज कुमार सचिव, मुकेश कुमार संयुक्त सचिव, लालू तुरहा प्रदेश मीडिया प्रभारी, मोतीलाल प्रसाद प्रदेश कोषाध्यक्ष, रीता रानी प्रसाद अध्यक्ष- मगध प्रमंडल, कुंदन कुमार पांडे प्रदेश खेल प्रभारी, रवि शाह जिला अध्यक्ष- बाँका, विभाष कुमार जिला खेल प्रभारी, बांका संतोष कुमार सिन्हा झ प्रोग्राम मैनेजर, लक्ष्मीकांत सहाय कार्यक्रम संयोजक, संजय यादव सचिव, नेत्रहीन खेल संघ,अरविंद कुमार खेल कोच, बैठक में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विचार किया गया एवं सर्वसम्मति से संकल्प लिए गए: संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय किया जाए। प्रत्येक जिले में स्थायी समितियों एवं प्रशिक्षण तंत्र की स्थापना हो,योजनाओं की जानकारी, अधिकारों की सुरक्षा और शिकायत निवारण हेतु मजबूत मंच तैयार किया

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया सम्मानित



गया जी ।गया जिला के बरीय पुलिस अधीक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के कुशल एवं ईमानदार अधिकारी आनंद कुमार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अंग वस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह और फूलों का बुके भेंट कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष आयोजित किया गया है, डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि गया जैसे महत्वपूर्ण जिले में जब से आनंद कुमार ने बरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाला है, तब से जिले में अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि चाहे संगठित अपराध हो या सामान्य घटनाएं, सभी पर प्रभावी नियंत्रण करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम आनंद कुमार जी के नेतृत्व में लगातार हो रहा है ।उनकी प्रशासनिक सख्ती, तत्परता एवं जनता के प्रति जवाबदेही ने पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास का माहौल बनाया है। गया जैसे धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी में कानून-व्यवस्था की मजबूती आवश्यक है, जिसे यह अधिकारी पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं ।डॉ. मिश्रा ने कहा कि ऐसे कुशल और कर्मठ अधिकारी को सम्मानित करने का अवसर पाकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इस सम्मान समारोह के माध्यम से समाज को यह संदेश देना भी जरूरी है कि जो अधिकारी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित करना हम सबका दायित्व है।

## 29 वीं वाहिनी, एसएसबी ने वांछित नक्सली रविन्द्र सिंह (भोक्ता) को किया गिरफ्तार

गया जी ।विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर श्री मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 29 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, गया जी बिहार के निर्देशन में एवं सौरभ रंजन, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सी समवाय, डुमरिया, 29 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, गया जी बिहार एवं स्थानीय पुलिस थाना छकरबंधा के साथ संयुक्त,तलाशी अभियान के दौरान एक वांछित नक्सली रविन्द्र सिंह, पुत्र रघुनन्दन सिंह, ग्राम- मोनोबार, पोस्ट-गोटीबाँध, थाना- डुमरिया, जिला- गया जी को ग्राम मोनोबार से गिरफ्तारी की गयी । गिरफ्तार नक्सली थाना छकरबंधा के कांड संख्या- 03/18 दिनांक 21.04.18 धारा 147,148,149,307,353,क्ढउ 25(1-ु), 26,27, आर्म्स एक्ट और 17 उछअ के तहत वांछित था` गिरफ्तार किये गए नक्सली को थाना- छकरबंधा, जिला-गया जी (बिहार) को विधिक कारवाई हेतु सौंप दिया गया ।

## कई बुनियादी सुविधाओं से महरूम है लोदीपुर के बुधन बीघा टोला

■ आने जाने के लिए है पगडंडी ही एकमात्र सहारा

कुर्था, एक तरफ राज्य सरकार राज्य के गांव गांव में सड़क पहुंचने की दावा करती है तो दूसरी तरफ कुर्था प्रखंड के कैथा लोदीपुर गांव के बुधन बीघा टोला की स्थिति देख राज्य सरकार की बातें भी समझ से पड़े नजर आती है बता दे की बरसात के दिनों में उसे तोले के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस संबंध में बुधन बीघा गांव निवासी कुर्था प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख अखिलेश यादव भारतीय सेवा के गोपाल कुमार संजय यादव राजेश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि इस गांव में लगभग सैकड़ो घरों की आबादी है लेकिन इस गांव को अब तक बुनियादी सुविधाओं से महरूम रखा गया यहां आने जाने के लिए ना तो सड़क है और नहीं राज्य सरकार के कोई योजना यहां तक की इस टोले के लोगों को नल जल योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है जिसके वजह से गांव के लोगों का राज्य सरकार के प्रति नाराजगीय स्पष्ट रूप से देखी जा रही है ग्रामीणों ने मांग की है कि इस टोले में जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े हालांकि इस गांव के ग्रामीणों ने पूर्व में भी सड़क निर्माण की मांग की थी लेकिन अब तक सड़क निर्माण नहीं हो सका हालांकि चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता वोट मांगने तो जाते हैं तो तमाम प्रकार के वायदे करते हैं इसके बाद चुनाव खत्म होते ही इस टोले के लोग अवसरवादिता का शिकार होकर रह जाते हैं।

## मुख्यमंत्री उपभोक्ता संवाद जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव के निदेशानुसार अरवल जिले में कुल 20 स्थानों पर मुख्यमंत्री उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 12 अगस्त 2025 को आयोजित किये जायेंगे। उपभोक्ता कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने मिलने वाले निःशूल्क 125 यूनिट के विषय में उपभोक्ताओं से संवाद करना है। बिजली उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम प्रत्येक प्रखण्ड के 04 कार्यक्रम स्थलों पर किया जायेगा। मुख्यमंत्री विद्युत सहायता योजना के लाभार्थी सभी घरेलू बिजली उपभोक्ता है। इस योजना के लाभ लेने हेतु किसी भी प्रकार का आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है। लाभ बिजली बिल में अपने आप समायोजित हो जायेगा। इस योजना का लाभ स्वतः मिलेगा, किसी भी प्रकार का ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। अरवल जिला अंतर्गत कुल घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 108225 है। जिसमें से 85821 उपभोक्ता ऐसे है जिनकी बिजली की खपत प्रतिमाह 125 यूनिट से भी कम है। कुल उपभोक्ताओं में से स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की संख्या 16591 एवं शेष बिना स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता की संख्या 69230 हैं। आवश्यक जानकारी हेतु हेल्प लाईन नं0- 1912 है। जिला प्रशासन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से अपील करता है कि उक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# शेरघाटी व आमस पुलिस ने की कार्रवाई आरोपी के घर किया कुर्की जब्ती





प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी ।शहर के चर्चित डॉ. तपेश्वर प्रसाद गोली कांड एवम आमस थाना कांड संख्या 341/23 आमस सिहुली निवासी अनवर खान हत्या के फरार आरोपी दानिश इकवाल के घर पर सोमवार को आमस थाना एवं शेरघाटी थाने की पुलिस ने कुर्की जब्ती किया है। मालूम हो कि बीते 19 जुलाई को शहर के मोहब्बत पुर रॉड पर बाइक सवार अपराधियों ने डॉ. तपेश्वर प्रसाद को जबड़े में गोलीमार घायल कर दिया था, और अपराधी भाग निकले थे। इसके बाद एक सोसलमीडिया पर एक पोस्ट वायरल होता है, इसके बाद पुलिस की करवाई शुरू की जाती है। पुलिलुसिया कार्रवाई करते हुए उसके घर पर इस्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने को कहा था, लेकिन आरोपी के सरेन्डर नही होने पर पुलिस ने करवाई हुए कोर्ट के आदेश के बाद मजिस्ट्रेट के तैनाती किया गया जिसमें सीओ उषा कुमारी, शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार, आमस थानाध्यक्ष पवन कुमार के अलावा दर्जनों पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में उसके घर कुर्की जब्ती किया गया है। सीओ ने बताया कि कोर्ट के आदेश के पालन करते हुए डॉ.शहर के रमना स्थित कुर्की जब्ती किया गया है, उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ आमस थाना एवम शेरघाटी थाना में मुकदमा दर्ज है, करवाई के दौरान घर में रखे टीबी, फ्रिज, पंखा, गेट, सिलाई मशीन समेत अन्य समान जब्त किया गया है।

# गया जिले में 5 लाख 70 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगी 125 यूनिट नि:शुल्क बिजली

## ग्रामीण क्षेत्रो में जगह-जगह पर शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है

प्रात: किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग के साथ बैठक कर राज्य सरकार द्वारा सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने की घोषणा पर गया जिले के घरेलू उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ली गई है।अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग ने बताया कि गया जिले में 5 लाख 70 हजार से ऊपर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक अनुदान एवं 01 लाख 70 हजार घरेलू उपभोक्ताओं पूर्ण अनुदान पर निशुल्क बिजली मिलगी अर्थात वैसे उपभोक्ता जो मासिक खपत 125 यूनिट से कम करते हैं, उन्हें जीरो यूनिट खपत का बिल जाएगा, कोई पैसा नही लगेंगे, पूरा अनुदान के रूप में जायेगा। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली देने की राज्य सरकार ने घोषणा की है। बिजली विभाग आमलोगों को निशुल्क बिल को लेकर जागरूक लागतार कर रही है। ऐसे में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में जगह-जगह पर शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। घर घर जाकर जीरो यूनिट खपत की पंपलेट एवं रसीद भी देने का कार्य किया जा रहा है। शिविर में उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली को लेकर जानकारी दिया जा रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर एक अगस्त से निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें ऊर्जा शुल्क, फिक्सड चार्ज और बिजली शुल्क तीनों शामिल है। पहले 125 यूनिट बिजली पूरी तरह निशुल्क होगी। 125 यूनिट के बाद अगर अधिक खपत उपभोक्ता करते है। पूर्ण से लागू अनुदान दर से बिल बनेगा। इसके साथ ही 125 के बाद अगर 130 यूनिट बिजली का खपत करते है तो मात्र पांच यूनिट का बिजली शुल्क लिया जाएगा।मासिक खपत यूनिट की गणना 30 दिनों के आधार पर हो रही है। अगर किसी उपभोक्ता का पिछले विपत्र में वर्तमान विपत्र की अवधि 40 दिनों की है एवं उनका खपत 40 दिनों में दो सौ यूनिट होता है तो अनुपात के आधार पर (125७40) 30 उनको वर्तमान विपत्र में 167 यूनिट पर कोई शुल्क देय नही होगा। शेष 33 यूनिट खपत की गणना क्रम संख्या दो के अनुसार की जाएगी। अगर किसी उपभोक्ता का पिछले विपत्र में वर्तमान विपत्र की अवधि 25 दिनों की है ऐसे उनका खपत 25 दिनों में 125 यूनिट होता है तो अनुपात के आधार पर (125 25) 30 उनका वर्तमान विपत्र में 104 यूनिट पर कोई शुल्क देय नहीं होगा। शेष 21 यूनिट खपत की गणना में क्रम संख्या दो के अनुसार की जाएगी।125 यूनिट के बाद भी राज्य सरकार की मौजूदा बिजली अनुदान योजना लागू रहेगी। जुलाई 2025 के पहले की बकाया राशि उपभोक्ता द्वारा देय होगी। पूर्व से ही विद्युत विपत्र पर राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तरह अनुदान दिया जा रहा है। विस्तारिक योजना 125 यूनिट प्रतिमाह खपत तक निशुल्क बिजली के पात्र सभी घरेलू उपभोक्ता होंगे। साथ ही उपभोक्ताओं को अगले तीन वर्षो में 1.1 किलोवाट सौर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि 12 अगस्त को मुख्यमंत्री बिहार द्वारा सभी जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। पूरे गया जिले में 44 विद्युत प्रशाखा है, सभी प्रशाखाओं में चार-चार स्थल चिन्हित कर वहां घरेलू उपभोक्ताओं को एकत्रित कर म मुख्यमंत्री के संबोधन एवं 125 यूनिट मुफ्त बिजली के संबंध में विस्तार से जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाएगी। सभी उपभोक्ताओं को पंपलेट भी वितरण किया जा रहे हैं जिसमें सभी प्रकार की जानकारियां उपलब्ध रखी गई है इसके अलावा मुख्यमंत्री का संदेश भी दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अपने-अपने प्रखंडों में बड़े क्षमता वाले भवन को चिन्हित कर सभी आवश्यक तैयारियां करवा ले ताकि घरेलू उपभोक्ता वहां आ सके और माननीय मुख्यमंत्री जी के संवाद एवं घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट माफ संबंधित सभी जानकारी घरेलू उपभोक्ताओं के साथ साझा किया जा सके।अधीक्षण अभियंता ने बताया कि 1 अगस्त से लगातार घरेलू उपभोक्ताओं के घर-घर जा जाकर उन्हें जीरो खपत संबंधित विपत्र उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## बड़हरा विधायक ने किया बाढ़ निरीक्षण एवं सभी विभागों के पदाधिकारी एवं मुखिया के साथ किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा। गंगा नदी जलस्तर बढ़ने से बड़हरा विधानसभा के विभिन्न गाँव जलमग्न हो गया है। बहुत से गाँवो का जनसंपर्क टुट गया है और ग्रामीण जनता को परेशानी हो रहा है।सोमवार को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बखोरापुर, नेकनामटोला, बड़हरा से बबुरा तक बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण बाढ़ नियंत्रण पदाधिकारियों के साथ किया।बाढ़ निरीक्षण उपरांत बड़हरा विधायक ने बड़हरा प्रखंड कार्यालय मे प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी दिप्ती कुमारी, अंचलाधिकारी,बाढ़ नियंत्रण कार्यपालक अभियंता,सड़क कार्यपालक अभियंता, सड़क सहायक अभियंता, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया और बीस सूत्री अध्यक्ष के साथ बैठक कर बाढ़ की स्थिति, तैयारी, समस्या और समाधान को ले कर बैठक किए।बड़हरा विधायक द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया।अंचलाधिकारी को पॉलीथीन की संख्या बढाने,नाव की उपलब्धता,सामुदायिक किचेन की व्यवस्था सहित अन्य निर्देश दिया गया।विभिन्न पंचायतों के मुखिया द्वारा बाढ को ले कर सभी सामग्री प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध, बाढ प्रभावितों की सूची तैयार करने एवं अन्य सुविधा की बात विधायक से किया गया।

बड़हरा विधायक ने कहा कि भोजपुर जिलाधिकारी से बात कर पॉलीथीन बढाने सहित अन्य सामग्री यथाशीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है।एसडीआरएफ टीम,मेडिकल शिविर का भी निर्देश दे दिया गया है।

सड़क की मजबुती के लिए सड़क विभाग और बाढ़ का लगातार निरीक्षण करने के लिए बाढ नियंत्रण को बोल दिया है। क्षेत्र की कोई भी समस्या हो उसका तुरंत निदान होगा। बाढ प्रभावित गाँवो मे कोई भी असुविधा न हो,इसकी व्यवस्था कर दी गई है। मै खुद लगातार क्षेत्र मे आए हुए बाढ और उत्पन्न हुई समस्या पर ध्यान रख रहा हूँ। मै प्रखंड से जिला और राज्यस्तर पर लगातार संपर्क मे हूँ।बैठक मे प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी दीप्ती कुमारी, अंचलाधिकारी नवनीत सिन्हा,बाढ़ नियंत्रण कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता,पथ निर्माण पदाधिकारी, मुखिया संघ अध्यक्ष रितेश कुमार सिंह,सेमरिया पड़रिया पंचायत मुखिया अनील सिंह,बबुरा पंचायत मुखिया,सिन्हा मुखिया धनजी प्रसाद,एकवना पंचायत मुखिया प्रतिनिधि, बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय, टुनटुन बिंद,संजय कुमार सिंह, संतोष सिंह संटु,उज्जवल सिंह,रामायण सिंह सहित अन्य लोग एवं कार्यकर्ता थे।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को ले डीएम ने की समीक्षात्मक बैठक



आरा। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समारोह की सुव्यवस्थित रूप से आयोजन सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसमें विशेष रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराने की तैयारी एवं समय निर्धारण, विधि व्यवस्था संधारण,अतिथियों के बैठने की समुचित व्यवस्था,वीर कुंवर सिंह मैदान की घेराबंदी, कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की उपलब्धता, अग्निशामक वाहन की व्यवस्था, मैदान एवं सड़कों की सफाई, झांकी प्रदर्शन, यातायात प्रबंधन तथा पार्किंग की सुव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य,गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।इस बैठक में उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता,जिला भू अर्जन पदाधिकारी,नगर आयुक्त, नगर निगम,सिविल सर्जन, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर) सहित अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुल्तानगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता,रविवार के देर रात पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद कर दो लोगों को किया गिरफतार

थानाध्यक्ष मृत्युंजय ने प्राथमिक दर्ज करते हुए सुल्तानगंज के सब्जी मंडी बाजार स्थित श्यामा सिंह लाज से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद कर दो लोगों को किया गिरफतार ( भागलपुर सुल्तानगंज के पुलिस को मिली बड़ी सफलता लगातार शराब माफीयों पर संकुश लगाने के लिए दुसरे दिन सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी बाजार के समिप श्यामबाग स्थिति श्यामा सिंह लाज में देर रात पुलिस ने गस्ती के दौरान गुप्ता सुचना मिलने पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है/इस मामले में सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने प्राथमिक दर्ज करते हुए बताया कि सब्जी मंडी बाजार सुल्तानगंज स्थीत श्यामबाग में छापेमारी करने पर श्यामा सिंह लाज में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है/गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अल्मोकर कुमार पिता मनोज चौधरी साकिन , सुल्तानगंज सिढी घाट निवासी,,दुसरा गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अंकुश कुमार उर्फ सोनू कुमार पिता विनोद सिंह साकिन मिजार्पुर, असरगंज जिला मुंगेर का बताया गया है/ पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है/जिसमें रोयल स्टेट 375 एम एल का 18 बोतल, मेंजिकमेंमोट 3750एम एल का 47 बोतल, रोयल स्टेट 750 एम एल का पांच बोतल, मोजिक मेमोंट 750 एम एल का पांच बोतल,रोयल स्टेट 750 एम एल का चार बोतल, रोयल स्टेट का 750 एम एल का एक बोतल,सींगनेचर 750 एम एल का नौ बोतल, हाइलाइट्स वियर 5000 हजार का एक बोतल,इंपेयर ब्लू 3750एम एल का एक बोतल बरामद हुआ है जो कुल शराब बरामद 64.375 लीटर बरामद हुआ है,शराब बरामद में एक स्कूटी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ 10 अढ 3239 भी जब्त किए गए हैं/इस छापेमारी अभीयान में एसआई नविन कुमार,आषुतोष कुमार,अरुण कुमार आदि थे।

## विवाह महोत्सव में उमडी श्रद्धालुओं की भीड़



पीरो। पीरो अनुमंडल मुख्यालय से सटे बहरी महादेव धाम स्थित प्राचीन कुंड के जीर्णोद्धार के पश्चात सोमवार को आयोजित कुंड विवाह महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड उमड पड़ी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बक्सर, रोहतास व कैमूर जिले से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। पीरो नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय की देखरेख में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भगवान शिव की नगरी काशी से आए पुरोहितों द्वारा संगीतमय मंत्रोच्चार के बीच प्राचीन कुंड (सरोवर) का धार्मिक विधि-विधान के अनुसार विवाह के सभी रस्म संपन्न कराये गए। इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे विवाह-गीत, भजन व पुरोहितों के मंत्रोच्चार से आसपास का माहौल आनंदमय बना रहा। विवाहोपरांत पुरोहितों द्वारा कर्णप्रिय मंत्रो के साथ भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कराया गया। जिसमें बतौर यजमान जदयू के प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय सपत्नीक शामिल हुए। हालांकि इस दौरान रुक-रुक कर हो रही बारिश से भक्तजनों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी लेकिन इसके बावजूद आस्था से सराबोर भक्तजन कार्यक्रम संपन्न होने तक तल्लीन होकर जमे रहे। इस मौके पर दस हजार भक्तजनों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। प्रसाद ग्रहण करने के लिए देर शाम तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मौके पर सत्येन्द्र उपाध्याय, रामरुचि पाठक, भोला तिवारी, पप्पू सिंह, छोटू सिंह, घनश्याम सिंह, राजन राय, रविशंकर प्रसाद, संतन सिंह, अवधेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, महावीर चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद थे।

# राहुल गांधी के विवादित बयान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांगा इस्तीफा

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।में भाजपा कार्यकताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नाराजगी जताई है। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के उस बयान पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी से सवाल किया कि उन्हें कैसे पता चला कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। अदालत ने कहा कि अगर उनके पास कोई साक्ष्य है तो वे पेश करें, अन्यथा ऐसी टिप्पणी करना देशहित के लिए उचित नहीं है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा बयान नहीं देते। राहुल गांधी पिछले तीन वर्षों से विभिन्न अवसरों पर यह दावा करते रहे हैं और भारतीय सेना के पराक्रम पर भी सवाल उठाते रहे हैं।

गया जिले के पश्चिमी क्षेत्र के जिला मंत्री अरुण चंद्रवंशी, अशोक कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष रवि सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना है कि राहुल गांधी को देश और वीर जवानों से



माफी मांगनी चाहिए और विपक्ष के नेता पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

कार्यकताओं में मुरारी प्रसाद सिन्हा, राजीव गोयल, संजीव कुमार, कृष्णकांत चौधरी, गोपाल स्वर्णकार, सुरेश शाह, नीतू देवी, माया देवी, चंपा देवी, राजेश मालाकार, दीनानाथ पांडे और सुनील सिंह भी शामिल थे।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़,लगे हर-हर महादेव के नारे

प्रात: किरण संवाददाता

पीरो (आरा)। सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर सोमवार को सहार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे।

सहार बाजार, अंधारी, बरूही, एकवारी, डिहरी और खैरा समेत कई गांवों के शिव मंदिरों में भोलेनाथ के दर्शन के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर परिसर हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज



उठा। महिला श्रद्धालुओं और युवाओं की भी बड़ी भागीदारी देखी गई।

कई श्रद्धालु नंगे पांव और पैदल यात्रा कर बाबा भोलेनाथ का जल चढ़ाने पहुंचे। मंदिर समितियों और स्थानीय युवाओं ने मिलकर पूजा की व्यवस्था, जलपान, और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था संभाली। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई थी।श्रद्धालुओं ने सुख-शांति, परिवार की खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना के साथ शिवलिंग पर जल अर्पित किया। सावन की अंतिम सोमवारी ने पूरे क्षेत्र को आस्था के रंग में रंग दिया।

# उप विकास आयुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। उप विकास आयुक्त अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना एवं मध्यान भोजन योजना रमेश पाल एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर समग्र शिक्षा एवं बिहार शिक्षा परियोजना के सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एवं संभाग प्रभारी उपस्थित हुए।बैठक मुख्य रूप से वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे हैं



नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण गुणवत्तापूर्ण मध्यान भोजन संचालित किए जाने तथा विद्यालयों में बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ अपेक्षाकृत कमजोर बच्चों की पठन-पाठन पर विशेष जोर देते हुए विद्यालय अवधि में ही ध्यान देने एवं उस पर सही ढंग से अनुश्रवण किए जाने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई चर्चा के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पठन-पाठन कर रही बच्चियों की बीच अच्छे ढंग से पठन-पाठन कराए जाने तथा अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु विशेष जोड़ दिया गया।जिले में विभिन्न प्रकार के नवाचार जिसमें सभी बच्चों को विद्यालय में चप्पल एवं जूते पहन के आने, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत बच्चों के मिलने वाले सुविधाओं को समय उपलब्ध कराए जाने तथा विभिन्न संचालित नवाचार के फॉलो अप करने के तरीके को बेहतर बनाने एवं मध्यान भोजन योजना अंतर्गत पोषण वाटिका पर कार्य किए जाने के संबंध में विशेष जोर देते हुए अनुश्रवण किए जाने की निर्देश उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया।

# डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए छात्र प्रेरण कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटना में 2025-26 के बी.टेक और डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए छात्र प्रेरण कार्यक्रम शुरू हो रहा है। इस अवसर पर मोहम्मद सोहेल, आईएएस, सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार मुख्य अतिथि थे और डॉ. ए.ए.ए. फैजी, विशेष सचिव सह निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार विशिष्ट अतिथि थे।

कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अहमद अब्दुल हई ने समारोह की अध्यक्षता की। माननीय उपाध्यक्ष एस.एस. मशहदी और माननीय



सचिव एहसान अहमद के साथ-साथ संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे।दर्शकों के लिए कॉलेज का एक आभासी दौरा प्रस्तुत किया गया जिसमें विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं और विभिन्न छात्र गतिविधियों को दिखाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की पवित्र आयतों के पाठ से हुई। कॉलेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) असीम कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। माननीय अध्यक्ष ने कॉलेज का समग्र अवलोकन प्रस्तुत किया और छात्रों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।दोनों अतिथियों ने इंडक्शन प्रोग्राम के महत्व पर जोर दिया और साथ ही वैश्विक स्तर पर तकनीकी शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य के बारे में भी बात की।

अपने भाषण में डॉ. अहमद अब्दुल हई ने बताया कि कॉलेज में छात्रावास की कोई सुविधा नहीं है।उन्होंने आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से आवश्यक सहायता का अनुरोध किया, जिस पर श्री मोहम्मद सोहेल ने तुरंत सहमति व्यक्त की।

श्री सोहेल कॉलेज से प्रभावित हुए और इस मामले पर विचार करने के लिए सहमत हुए।डीन अकादमिक प्रो. (डॉ.) मोहम्मद मसूद अहमद ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## कई लोगों से कर्ज लेकर पत्नी पड़ोसी के साथ हुई फरार, पति ने थाना में लगाई खोजबीन की गुहार

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र के कोरलाही, वार्ड नंबर - 44 निवासी स्व सदानंद शर्मा के पुत्र पुनीलाल शर्मा ने अपनी पत्नी के फरार हो जाने की शिकायत दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उनके पड़ोसी स्व नारायण शर्मा के पुत्र चंद्र किशोर शर्मा उनकी पत्नी ललिता देवी को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर फरार हो गया है। भागने से पूर्व उनकी पत्नी ने मोहल्ले के ही कई लोगों से कर्ज भी ले लिया था। अब सभी कर्जदार उनसे कर्ज की मांग कर रहे हैं। वहीं जब उन्होंने चंद किशोर शर्मा से पत्नी को वापस करने की बात कही और पंचायत बैठाई। तो उन्होंने दबंगई से पत्नी को वापस नहीं करने की बात कही थी। साथ ही जान से मार देने की भी धमकी दी थी। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है। जल्द ही महिला की बरामदगी की जाएगी।

## 25 हजार नकद और जेवर लेकर पुत्री पुरुष मित्र के साथ हुई फरार

■ पुत्री की खोजबीन करने पर पिता के साथ की गई गाली गलौज

सहरसा। सदर थाना क्षेत्र के हटिया गाछी, वार्ड नंबर - 19 निवासी स्व कालेश्वर चौधरी के पुत्र हरिओम कुमार ने अपनी पुत्री के को भगा ले जाने की शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री स्नेहा चौधरी बीए की छात्रा है। वे अपने दोस्त नीलू कुमारी के साथ कॉलेज और कोचिंग आया जाया करती थी। बीते दिनों वे घर से कोचिंग जाने की बात कह कर निकली। जिसके बाद वापस नहीं लौटी। देर शाम जब उनकी खोजबीन किया तो पता चला कि उनकी पुत्री हटिया गाछी, वार्ड नंबर - 20 निवासी ब्रजेश ठाकुर के पुत्र सौरभ कुमार के साथ देखी गई है। जिस पर वे उनके घर पहुंचे। जहां सौरभ कुमार घर में नहीं थे। उनके पिता ब्रजेश ठाकुर, मां अनीता देवी, भाई छोटू कुमार और उसकी पत्नी से जब पुत्री की खोजबीन किया। तो उन्हें जाति सूचक गाली गलौज देकर भगा दिया गया। उनकी पुत्री घर से 25 हजार रुपए नकद और जेवर लेकर गायब हुई थी। उन्हें शक है कि उक्त नामित लोग उनकी पुत्री के साथ किसी भी प्रकार का अनहोनी कर सकते हैं। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है। बच्ची की बरामदगी के लिए छापामारी की जा रही है।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

तरारी (आरा), – सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर सोमवार को सहार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे।तरारी ,देव,जेठवार ,फतेहपुर ,कुरमुरी बडकागॉव ,बिहटा ,जेठवार ,मोआपकलां,सेदंहा,खुटहाँ , समेत कई गांवों के शिव मंदिरों में भोलेनाथ के दर्शन के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर परिसर हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। महिला श्रद्धालुओं और युवाओं की भी बड़ी भागीदारी देखी गई।कई श्रद्धालु नंगे पांव और पैदल यात्रा कर बाबा भोलेनाथ का जल चढ़ाने पहुंचे। मंदिर समितियों और स्थानीय युवाओं ने मिलकर पूजा की व्यवस्था, जलपान, और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था संभाली। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई थी।श्रद्धालुओं ने सुख-शांति, परिवार की खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना के साथ शिवलिंग पर जल अर्पित किया। सावन की अंतिम सोमवारी ने पूरे क्षेत्र को आस्था के रंग में रंग दिया।

## कब तक बाबू आप कॉपी - पेस्ट करेंगे : कुमारी विनीता भारती

मधेपुरा। जिस डोमिसाल मुद्दे पर आपने सरकार गिरा दिया आज उसी मुद्दे को लेकर वाह - वाही लूट रहे हैं। आपसे तबके तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व तबके तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर यादव ने कई बार आग्रह किया की बिहार के बच्चों को नौकरी होने दीजिये तब तो आप सुने नहीं और उत्तरप्रदेश के शिक्षकों को आपने भर दिया अब जब आपका प्रधानमंत्री बनने का सपना टुटा तो अब आप जब मुख्यमंत्री से भी विदा हो रहे हैं तो डोमिसियल लागू कर रहे हैं ये नहीं चलेगा जनता आपकी चाल को समझ चुकी है नीतीश बाबू। उक्त बातें महिला राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमारी विनीता भारती ने कही।

## देव सूर्य मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न



आरा। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम देव स्थित सूर्य मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की घोषणा की गई थी।जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गईं। इसी क्रम में आज देव सूर्य मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। इस मंदिर परिसर के विकास से क्षेत्रीय पर्यटन,सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति मिलेगी।

# आखिरी दिन 4 विकेट लेकर ओवल टेस्ट जीता भारत

## इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से बराबर कराई, सिराज ने 5 विकेट लेकर मैच पलटा



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

द ओवल में गुरुवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 224 और इंग्लैंड ने 247 रन बनाए। 23 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बना दिए। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 300 रन बना दिए थे। तभी हैरी ब्रूक सेंचुरी लगाकर आउट हो गए। यहां से भारत ने 354 तक इंग्लैंड के 8 विकेट गिरा दिए।

गस एटकिंसन और जोश टंग ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन सिराज ने आखिरी विकेट लेकर भारत को करीबी जीत दिला दी। इंजर्ड क्रिस वोक्स भी लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सीरीज का दूसरा और पांचवां टेस्ट भारत ने जीता, पहला और तीसरा टेस्ट इंग्लैंड के नाम रहा। वहीं चौथे टेस्ट ड्रॉ हुआ।

इस मैच का दूसरा दिन (एक अगस्त) दिवंगत थोर्प को समर्पित था। इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले थोर्प का कई वर्षों से अवसाद और चिंता से जूझने के बाद पिछले साल निधन हो गया था। कृष्णा ने रूट के शतक पूरा होने के तुरंत बाद जैकब बेथल (पांच) को बोल्ड किया और फिर रूट को विकेट के पीछे कैच कराकर भारतीय खिलाड़ियों में जोश भर दिया। इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में भारत के तीनों तेज गेंदबाजों पर थकान का असर दिखा जो गेंद की चमक खोने के बाद पिच से ज्यादा मदद लेने में नाकाम रहे। वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंदबाजी भी असरहीन दिखी। उन्हें हालांकि ज्यादा गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला। भारतीय तेज गेंदबाजों ने रूट और ब्रुक के खिलाफ शॉट गेंद डालने की रणनीति अपनाई लेकिन गेंद पुरानी होने के कारण बल्लेबाजों को उससे सामंजस्य बिठाने में कोई परेशानी नहीं हुई।

ब्रुक ने शतक पूरा करने के बाद आकाशदीप की गेंद पर कवर क्षेत्र में जब शानदार चौका जड़ा तो मैदान पर भारतीय क्षेत्ररक्षकों की हताशा और बढ़ गयी। वह हालांकि दो गेंद के बाद एक और आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में कवर क्षेत्र में सिराज द्वारा लपके गये। शॉट खेलने के साथ ही बल्ला उनके हाथ से छूट गया और वह शॉट पर नियंत्रण नहीं बना सके। ब्रुक ने अपनी पारी के दौरान जहां ताकत का इस्तेमाल किया वहीं रूट ने बिना किसी परेशानी के कलात्मक शॉट से रन बटोरे। इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में सिराज ने आठ ओवर के शानदार स्पैल में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 50 रन पर से आगे से की। मैच तीसरे दिन के आखिरी ओवर में जैक क्रॉली को आउट करने के बाद सिराज ने चौथे दिन आकाशदीप के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने की जिम्मेदारी उठाते हुए एक और शानदार स्पैल डाला। उन्होंने इस दौरान बेन डकेट और ओली पोप को कई बार परेशान किया। टीम को हालांकि दिन की पहली सफलता कृष्णा ने बेन डकेट (54) को आउट कर दिलाई। डकेट बाहर निकलती गेंद को ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए दूसरे स्लीप में खड़े लोकेश राहुल के हाथों में चली गयी। इसके तुरंत बाद सिराज को भी शानदार गेंदबाजी का फल मिला। उन्होंने मैच में पोप (27) को दूसरी बार पगबाधा कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पोप ने इस ओवर से पहले ही कृष्णा के खिलाफ तीन चौके लगाकर लय हासिल की थी। रूट ने सिराज के खिलाफ दो शानदार कवर ड्राइव लगा कर दबाव कम किया।

आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया और यह छह रन में बदल गया। ब्रुक ने इससे पहले आकाशदीप के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा था। जीवनदान मिलने के बाद उन्होंने कृष्णा के खिलाफ दो बेहतरीन चौके जड़े। इस मैच से पहले ओवल में चौथी पारी में सबसे सफलतापूर्वक सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम ही है, जिसने 1902 में 263 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### इतिहास एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे।



# इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी चोटिल



**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी के कप्तान लियोनल मेसी को दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण अनिश्चित समय के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की है। यह चोट मेसी को शनिवार को मेक्सिको की टीम नेक्शाका के खिलाफ लीग्स कप मैच के दौरान लगी। मेसी की चोट के बावजूद, इंटर मियामी ने नेक्शाका के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की।मेसी को केवल 11वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि वे खुद अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम तक गए, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। इंटर मियामी के बयान के अनुसार,रिपोर्ट में मेसी के दाहिने पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। उन्हें खेलने की अनुमति उनकी मेडिकल स्थिति और उपचार पर प्रतिक्रिया के आधार पर दी जाएगी।मेसी इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 18 मैचों में 18 गोल और 9 असिस्ट कर चुके हैं। वह स्स्र(मेजर लीग शॉकर ) के टॉप स्कोरर की सूची में फिलहाल पहले स्थान पर हैं।इंटर मियामी वर्तमान में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में 12 जीत, 4 हार और 6 ड्रॉ के साथ 42 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। वे शीर्ष पर मौजूद फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे हैं, लेकिन उनके पास तीन अतिरिक्त मैच बाकी हैं। लीग्स कप क्वालिफिकेशन के लिए एमएलएस स्टैंडिंग में इंटर मियामी 5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें बुधवार को यूएनएएम पुमास के खिलाफ जीत की जरूरत है।

# सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद फिट होने के लिए एनसीए पहुंचे, एशिया कप की तैयारी शुरू



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है। सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतररर टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आये थे। अब वह मुंबई लौट गये हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।



इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

# दादरी में गोल्ड मेडल विजेता रचना का स्वागत

**चरखी दादरी (एजेंसी)।** ग्रीस में आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप की गोल्ड मेडल विजेता पहलवान रचना परमार का रविवार को गांव बौंद खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों ने खिलाड़ी का स्वागत किया। ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उसका स्वागत किया और उसे जीत की बधाई दी।

बता दें कि हाल ही में ग्रीस में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चरखी दादरी जिले के गांव बौंद खुर्द निवासी पहलवान रचना परमार ने अंडर -17 आयुवर्ग के 43 किलोग्राम में हिस्सा लिया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल में चीन की खिलाड़ी को 3-0 से हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। उनकी इस जीत से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रविवार शाम को खिलाड़ी के गांव लौटने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और खेरड़ी मोड़ से गांव तक विजयी जुलूस निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूलों की व नोटों की माला पहनाकर उसका स्वागत किया

# पाकिस्तान ने तीसरा टी-20, 13 रन से जीता

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया, फरहान-अयूब के अर्धशतक

**ब्रोवार्ड (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 13 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

सईम अयूब और साहिबजादा फरहान की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 189 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 6 विकेट पर 176 रन ही बना सकी।

अयूब और फरहान ने दी शानदार शुरुआत

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम को साहिबजादा फरहान और सईम अयूब की जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 47 रन जोड़े। पहले विकेट के लिए 98 गेंदों में 138 रन की साझेदारी हुई। वेस्टइंडीज के गेंदबाज समर जोसेफ ने 16.2वें ओवर में साहिबजादा फरहान को शाई होप के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा।

साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों पर 74 रन और सईम अयूब ने 49 गेंदों पर 66 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा, हसन जवाज ने 7 गेंदों पर 15 रन, खुशदिल शाह ने 6 गेंदों पर 11 रन और फहीम अशरफ ने 3 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहे।वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर, रोस्टन चेज और समर जोसेफ ने 1-1 विकेट लिए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम को साहिबजादा फरहान और सईम अयूब की जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दी।

190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज को



एलिक अथानाजे और ज्वेल एंड्र्यू ने ठोस शुरुआत दी। पहला विकेट 44 रन पर गिरा, जब ओपनर ज्वेल एंड्र्यू ने 15 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हुए।

वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 1 विकेट खोकर 59 रन बनाए। दूसरा विकेट 74 रन पर गिरा, जब शाई होप 9 गेंदों पर 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

एलिक अथानाजे ने 40 गेंदों में 60 रन की प्रभावशाली पारी खेली। वहीं, शेफर्न रदरफोर्ड ने 35 गेंदों पर 3 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

# सिराज ने अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी की- वरुण आरोन

**लंदन (यूके) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन का मानना है कि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने पांचवें टेस्ट के चौथे दिन तीसरे सत्र में तेज गेंदबाजी की जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण विकेट मिले। आरोन को लगता है कि सिराज बदकिस्मत रहे, उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें खुद्ध आउट नहीं मिला। चायकाल के बाद सिराज और प्रसिद्ध ने तेज गेंदबाजी की, हालांकि सिराज ने अंतिम सत्र में कोई विकेट नहीं लिया लेकिन वह टाइट लेंथ पर गेंदबाजी कर रहे थे, जबकि प्रसिद्ध ने जैकब बेथेल को 5 रन पर आउट किया और उसके बाद शतकवीर जो रूट को 105 रन पर आउट किया।

जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ वरुण आरोन ने कहा, %सिराज और प्रसिद्ध ने चाय के बाद 5-5 तेज ओवर फेंके और इस प्रयास



के परिणामस्वरूप दो महत्वपूर्ण विकेट मिले। सिराज ने अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी की। उनकी कई गेंदें पैड पर लगीं, लेकिन उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर 339/6 था, जिसमें जेमी ओवरटन (0*) और जेमी स्मिथ (2*) नाबाद थे। इंग्लैंड को जीत के लिए अभी भी 35 रनों की जरूरत है और यह भी अनिश्चित है कि कंधे की चोट के कारण क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए आएंगे या नहीं। ॉ

आरोन को लगा कि इंग्लैंड मुश्किल में है और उन्होंने चाय के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल की चतुर कप्तानी की प्रशंसा की, जिन्होंने मेहमान टीम को आसानी से सिंगल लेने का मौका नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा, इंग्लैंड अब खुद को मुश्किल स्थिति में पा रहा है और मुझे सचमुच लगता है कि यह ब्रेक भारत के लिए बहुत फायदेमंद होगा। गेंदबाजों को आराम करने, स्ट्रेचिंग करने, मालिश करवाने और फिजियो से कुछ उपचार लेने का मौका मिलेगा। वे तरोताजा होकर वापसी कर सकते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। चाय के बाद का यह सत्र शानदार रहा, सटीक गेंदबाजी, शुभमन गिल की चतुर कप्तानी ने आसान सिंगल नहीं लेने दिए और दो बेहद महत्वपूर्ण विकेट।

जो रूट और हैरी ब्रुक के शतकों ने इंग्लैंड को बढ़त दिला दी है, जबकि भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी देर से वापसी करते हुए उम्मीद जगाई है। चौथे दिन बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल बाधित होने के कारण ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट का खेल सोमवार को अंतिम दिन तक पहुंच गया है।

# एनडीए सरकार का अपना कोई विजन नहीं : गगन




प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि तेजस्वी जी जो वादा करते है उसको बिहार की जनता का विश्वास खो चुके और नकारा साबित हो चुके यह नकलची एनडीए सरकार तुरंत कॉपी कर लेती है क्योंकि थके हुए लोगों के पास अपना कोई विजन, रोड मैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। तेजस्वी जी के अनेक वादों की तरह एनडीए सरकार द्वारा बिहार में शिक्षक बहाली में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही गई है। महागठबंधन सरकार के समय जब शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू करने सम्बन्धी नियमावली बन गई थी तो तेजस्वी जी और तत्कालीन शिक्षा मंत्री को बगैर विश्वास में लिए मुख्यमंत्री के स्तर पर नियमावली से डोमिसाइल हटा दिया गया था। आपत्ति करने पर वैधानिक अड़चन बताया गया था। और कहा गया था कि डोमिसाइल हटाने से मात्र दस प्रतिशत पद हीं प्रभावित होंगे। चूंकि शिक्षकों की बहाली प्रभावित न हो इसलिए मुख्यमंत्री के पोषक पदाधिकारियों की बात मान ली गई थी। अन्य घोषणाओं की तरह शिक्षक बहाली में डोमिसाइल लागू करने को भी इस नकलची सरकार द्वारा चुरा लिया गया है। इसके पूर्व भी युवा आयोग, पूर्व सैनिक आयोग, शिक्षा कर्मियों के वेतन बढ़ोतरी, संविदा कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ हीं वृद्धावस्था पेंशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मानदेय में वृद्धि शामिल है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की वर्तमान सरकार का अपना न कोई विजन है और न कोई मिशन है। बीस वर्षों से केवल कागजी और बनावटी विकास के नाम पर राजनीतिक लाभ उठाते रही है। यह सरकार कुछ भी करे बिहार की जनता सब समझ रही है।

# जलनिकासी को लेकर अलर्ट मोड में है विभाग : मंत्री जिवेश कुमार

## अधिकारियों को भौतिक निरीक्षण कर जल जमाव की समस्या से निपटने के निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता





पटना - नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री श्री जिवेश कुमार ने राजधानी में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भौतिक निरीक्षण कर जल जमाव की समस्या का त्वरित निदान करें। माननीय मंत्री ने कहा कि जल निकासी के लिए विभाग अलर्ट मोड में है और राजधानी वासियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

पटना में लगातार हो रही तेज बरसात में पटना नगर निगम एवं बुडको की टीम द्वारा युद्धस्तर पर जलनिकासी की जा रही है। पटना के विभिन्न इलाकों में बरसात के बाद अधिकतम इलाकों में न्यूनतम समय के अंदर जल निकासी की जा रही है। तेज बरसात के बीच भी पटना नगर निगम की टीम अलर्ट मोड में शहर में एक्टिव है। इसके साथ ही पदाधिकारियों एवं क्यूआरटी ( क्विक रिस्पांस टीम) द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर जलनिकासी सुनिश्चित किया जा रहा है। गौरतलब हैं कि पटना नगर निगम की त्वरित कार्यवाही एवं अलर्ट मोड में पदाधिकारियों के रहने के कारण इलाकों में जलजमाव की समस्या नहीं हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। नगर आयुक्त एवं सभी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर प्रबधकों द्वारा शहर में निरीक्षण कर जांच भी की जा रही है।

### आमजनों की लगभग 740 शिकायतों पर पहुंची टीम

पटना नगर निगम को पाटलिपुत्र कॉलोनी, पाटलिपुत्र स्टेशन, कंकड़बाग एवं राजेन्द्र नगर के इलाकों में टॉल फ्री नंबर पर 740 जलनिकासी समस्या (रविवार तक) प्राप्त हुई। नगर निगम द्वारा इन चुनौतियों का सामना कर आम जनों को सुविधा उपलब्ध करायी गई। बता दे की पटना नगर निगम द्वारा *वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में क्विक रिस्पांस टीम द्वारा पंप लगाकर कई इलाकों का पानी निकल गया है।

### रात्रि से एक्टिव रही क्विक रिस्पांस टीमें

पटना नगर निगम द्वारा बरसात के बाद से रात्रि एवं दिन में कुल 19 टीम में निकाली गई यह लगातार सभी वार्डों में जल निकासी सुनिश्चित कर रही है। यह टीम मुख्यालय एवं अंचल स्तर पर तैयार की गई है जिसमें नगर निगम एवं बुडको के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल है। पटना नगर निगम द्वारा निरंतर संप हाउस के वाटर लेवल की जांच की जा रही है एवं लगातार संप भी चालु है जिससे नालों से शीघ्र एवं न्यूनतम समय में जलनिकासी सुनिश्चित की जा रही है। गौरतलब हैं कि वर्तमान समय में अलर्ट मोड में रही बुडको नगर निगम द्वारा चुनौती पूर्ण तरीके से कार्य कर समस्या का निराकरण किया जा रहा। बरसात के शुरू होते ही सभी संप हाउस के वाटर लेवल की मॉनिटरिंग की जा रही है। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा शहर के सभी संप हाउस पर तीनों पालियों में कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी एवं वॉकी-टॉकी के माध्यम से लगातार वाटर लेवल के इनलेट एवं आउटलेट की निगरानी की जा रही है।

### जलनिकासी के लिये है पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था, आम जन 155304 पर करें शिकायत

इसके साथ ही पटना नगर निगम के सभी अंचलों में मशीनों द्वारा जलनिकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी उपलब्ध है। ऐसे में आम जनों से भी अपील की जा रही है कि अगर उनके इलाके में कोई भी समस्या है तो वह 155304 पर अपनी शिकायत दर्ज करें पटना नगर निगम द्वारा जलजमाव की समस्या को कुछ घंटों में ही दूर किया जाएगा। नगर निगम द्वारा 24x7 हेल्पलाइन एवं 19 क्यूआरटी रात दिन एक्टिव है। जलजमाव से निपटने के लिए पटना नगर निगम के पास पर्याप्त इंतजाम है। जिसका उपयोग सुचारू रूप से किया जा रहा है।

# पटना की भूमि पर सजी हरियाली की छांव

## जीकेसी का संपन्न हुआ सावन महोत्सव 2025

प्रातः किरण संवाददाता





पटना। राजधानी पटना का रॉयल गार्डन प्रांगण इस रविवार को एक विशेष उल्लास, रंग-बिरंगी छटाओं और सांस्कृतिक सौहार्द का साक्षी बना, जब ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) ने अपने केन्द्रीय कार्यालय परिसर में ॄसावन महोत्सव 2025ॄ का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक मिलन था, बल्कि कायस्थ समाज की पारिवारिक एकता, भारतीय परंपराओं और सामाजिक चेतना का भी जीवंत उदाहरण बना।सावन का महीना भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखता है। यह हरियाली, नवजीवन, उल्लास और भक्ति का प्रतीक होता है।इस आयोजन की सबसे खास बात रही, जीकेसी की महिला सदस्यों, पदाधिकारियों और उनके परिजनों की पारंपरिक हरे परिधानों में सजी उत्सवमयी भागीदारी, जिसने कार्यक्रम को अनुपम सौंदर्य और समरसता से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत चित्रगुप्त महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ हुई। यह आरंभ न केवल आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक था, बल्कि यह भी दशार्ता है कि जीकेसी अपने सांस्कृतिक आयोजनों की जड़ों को परंपराओं से जोड़ना बखूबी जानती है।

कार्यक्रम में नृत्य, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए सभी को स्वतंत्र मंच दिया गया। खासकर महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. निशा परासर और सह-संयोजिका अराधना कुमारी ने आयोजन को एक नई ऊंचाई देने में अहम भूमिका निभाई और महिलाओं की भागीदारी को लेकर सराहना प्राप्त की।

जीकेसी प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के नेतृत्व में यह महोत्सव नारी सशक्तिकरण की एक जीवंत मिसाल बनकर उभरा। उनकी सादगी और संगठनात्मक कौशल ने पूरे आयोजन को एक आत्मीय और पारिवारिक वातावरण प्रदान किया, जिसमें हर आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता सहज रूप से दिखाई दी।

उक्त अवसर पर जीकेसी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी परिवार सहित उपस्थित रहे। इनमें ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक, राष्ट्रीय सदस्यता अभियान संयोजक सह वरिष्ठ उपाध्यक्ष निलेश रंजन, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, प्रदेश सचिव डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा, अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा, पटना जिला सदस्य संदीप कुमार सिन्हा, कार्यालय सचिव प्रसून श्रीवास्तव और जीकेसी पटना जिला की पूरी टीम प्रमुख रूप से शामिल थी। इन सभी ने अपने उत्साहपूर्ण सहभागिता से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।जीकेसी का यह आयोजन केवल सांस्कृतिक मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज में सामाजिक समरसता, पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता के संदेश को भी मजबूती से प्रसारित करता रहा। कार्यक्रम की हर एक प्रस्तुति और गतिविधि में एक ऐसा संदेश निहित था जो आज के समय में सामूहिकता और परंपरागत मूल्यों के संरक्षण की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के अंत में जीकेसी की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखेगी। साथ ही सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार, मित्रों और विशेषकर कायस्थ समाज के अन्य लोगों को इस अभियान से जोड़ें ताकि सामाजिक एकता की यह लौ और अधिक प्रखर हो।सावन महोत्सव 2025 न केवल एक आयोजन था, बल्कि यह कायस्थ समाज की सामाजिक ऊर्जा, पारंपरिक मूल्यों और सांस्कृतिक समरसता का उत्सव भी था।हर मुस्कान, हर प्रस्तुति और हर सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि जब एक परिवार एकजुट होता है, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बनता है।ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) का यह प्रयास प्रशंसनीय है और निश्चित ही समाज के अन्य संगठनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।कार्यक्रम में अनामिका ज्योति, संगीता देवी, अंशु, मीणा, पी के शरण, नीता सिन्हा, नूतन, मयंक कुमार, अभिषेक, नरेन्द्र कुमार, राकेश मणि, ए के सिन्हा, रवि, ऋषि राज, आभा सिन्हा, आरती वर्मा, मीनू सिन्हा, स्वभाषणी स्वरूपा, आयुषी श्रीवास्तव, स्वभं गौड़, रीना प्रसाद, चितरंजन प्रताप, श्वेता रश्मि, गंगा कर्ण सहित, नंदा, धनंजय सहित पटना जिला के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिवानी गौड़ कर रही थी।

# गंगा, सरयू और सोन नदी मे उफान गांवों में आयी बाढ़, लोग पलायन करने को मजबूर



- गंगा, सरयू और सोन नदी उफान पर
- दियारा के तीनो पंचायतों का आरा छपरा बृज से संपर्क भंग
- लोग पलायन करने को मजबूर

प्रातः किरण संवाददाता

डोरीगंज।सारण जिले में गंगा,सरयू यानि घाघरा और सोन तीनों नदियां उफान पर है। आसपास के इलाके पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। छपरा से सोनपुर तक गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सारण जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत दियारा एवं तटीय इलाके जलमग्न हो गए है। सदर प्रखंड के दियारा के रायपुर बिंदगांवां ,कोटवापट्टी रामपुर ,बरहरा महाजी पंचायत के कइ गांवों का आरा छपरा बृज से संपर्क भंग हो गया है।लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

वहीं तटीय इलाके के सभी घाटों में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं लिहाजा चिरांद के दलित महादलित बस्ती में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।भैरोपुर पंचायत के तटीय इलाके मैं लोगों के घरों के आसपास पानी आ गया है डुमरी पंचायत के सिंगही मूसेपुर पंचायत के नेहाला टोला पिपरा टोला पूर्वी बलूआं आदि जगहों पर बाढ़ का पानी आ गया है। अवतार नगर थाना से बोधा छपरा तक एमएच के किनारे गंगा नदी का पानी पहुंच गया है। दियारा और तटीय इलाके में मक्का तथा सब्जी की फसल नष्ट हो गई मवेशियों के चरागाह डूब गए। वाराणसी गाजीपुर बक्सर मे गंगा का जलस्तर अभी भी बढ़ रहा है।

श्मशान घाट डूबे एन एच पर जल रही चिताएं बाढ़ के कारण के डोरीगंज का श्मशान घाट पिछले पन्द्रह दिनो से जलमग्न है लिहाजा शवों का दाह संस्कार तिवारी घाट मे हो रहा है,वह भी एक दो दिनो मे बंद हो जाएगा।

## अकेली महिला से छेड़खानी का प्रयास, महिला जख्मी

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के सोनकुकरा गांव में घर में अकेली महिला के साथ छेड़खानी करने और मारपीट का मामला सामने आया है.पीड़िता रंजना कुमारी ने इस संबंध में मसौढ़ी थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है. शिकायत में बताया गया है कि वह घर में अकेली थी.इसी दौरान गांव के राकेश कुमार गंगा उनके घर में घुस आये और छेड़खानी करने लगे.और गले से सोने के चैन व लॉकेट छिन लिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी.परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया.उधर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

## मारपीट में चार लोग हुए गिरफ्तार, गये जेल

मसौढ़ी !थाना की पुलिस ने आपसी विवाद में हुई मारपीट के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि तिनेरी गांव से आपसी विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज किया गया था,जिसमे तिनेरी गांव के इंदल मांझी ने अपने भाई दिलीप कुमार के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए चार लोगों के आरोपित किया था,जिसमें पुलिस ने मनोज मांझी कमलेश मांझी नागेंद्र मांझी व संकेत मांझी को गिरफ्तार कर सभी लोगो को जेल भेजा दिया है।

## इसुआपुर के युवक की बेंगलुरु में हुई मौत

इसुआपुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के अमरदह गांव के स्वर्गीय शिवनाथ राम के 25 वर्षीय पुत्र सुरेश राम की मौत बेंगलुरु में हो गई। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश राम एक महीना पहले अपने मौसेरे भाई मढ़ौरा थाना क्षेत्र के जोधौली गांव के राजबंशी राम का पुत्र मुन्ना राम के पास राजमिस्त्री का काम करने के लिए गया था। वह बेंगलुरु जिला के एनेकल थाना क्षेत्र स्थित एस टी सी कॉलोनी में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। वहां रविवार की संध्या सुरेश राम तथा मुन्ना राम ने शराब पीकर मारपीट करना शुरू किया और देर रात शराब के नशे में धूत मुन्ना राम ने सुरेश राम की हत्या कर दी। वहीं एनेकल थाना पुलिस ने लाश को कब्जे में कर आरोपी मुन्ना राम को हिरासत में ले लिया है। स्वजनों ने बताया कि सुरेश राम की शादी लगभग डेढ़ साल पहले करिश्मा देवी से हुआ था। मृतक की पत्नी 7 महीने की गर्भवती बताई जाती है। मृतक की विधवा का रो-रो कर हाल बुरा है। उसे अपने जीवन यापन की चिंता सता रही है।

## शराबी पति ने मारपीट कर पत्नी को घर से निकाला

दरियापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के खजूहता में एक शराबी पति ने अपने परिजनों के साथ मिल कर पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया।इस संबंध में पीड़िता बिंदु देवी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में उसने पति,सास व ससुर को नामजद अभियुक्त बनाया है।पीड़िता ने दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि उसका पति शराब पीता है।शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करते रहता है।फिर वह शराब पीकर घर आया और नशे में उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगा।

# आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर पटना शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत

## प्रभावी ढंग से अभियान चलायें; व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करें: आयुक्त

- अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें; पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें: आयुक्त का सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निर्देश
- सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता; संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र इसके लिए सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहे: आयुक्त

प्रातः किरण संवाददाता








पटना, सोमवार, दिनांक 04.08.2025: आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर पटना शहर में आज से पुनः अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान की शुरूआत की गयी। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.10 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ गोलम्बर से स्टेशन गोलम्बर, बुद्धा पार्क, चिरैयाँआड़ पुल के नीचे से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 2 ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 1,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।

नगर परिषद् फुलवारीशरीफ में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ शहीद भगत सिंह चौक से चुनौटी कुआँ तक सड़क के दोनों तरफ से अस्थायी एवं नाला पर से स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 32 अवैध पोस्टर/बैनर, ठेला, बाँस, रोड का मलबा हटाया गया तथा ठेला, बाँस, रोड का मलबा जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 500/- जुमार्ना वसूल किया गया।

आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 2,000/- जुमार्ना वसूला गया।

आयुक्त के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा।

आयुक्त के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है।

आयुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।

आयुक्त डॉ. सिंह ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है।

आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा विशेष अभियान के तहत प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान संचालित करने के लिए एक पाँच-सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। यह निम्नवत हैः-

(क) पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना(ख) अपर जिला दण्डाधिकारी, नगर व्यवस्था, पटना

(ग) पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, पटना

(घ) अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम(च) सिटी मजिस्ट्रेट-सह-प्रभारी दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना आयुक्त डॉ. सिंह ने निदेश दिया कि मल्टी एजेंसी अभियान में मॉनिटरिंग सेल के सभी पदाधिकारी संयुक्त रूप से क्रियाशील रहकर विशेष निगरानी रखेंगे।गौरतलब है कि आयुक्त द्वारा सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु पटना में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निदेश दिया गया था। उनके निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री कार्तिकेय के. शर्मा तथा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम श्री अनिमेष कुमार पराशर/संबंधित नगर निकाय द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए कई टीम का गठन किया गया है। आयुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत नगर निकायों के क्षेत्र में विशेष टीम का गठन कर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाने का निदेश दिया है।आयुक्त ने विशेष अभियान में शामिल सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर अभियान को तार्किक परिणति तक पहुँचाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात व्यवधान, अतिक्रमण एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध प्रशासन शून्य सहिष्णुता के सिद्धांत पर काम करता है। निदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555